जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, शुक्रवार, 21 मार्च 2025 | वर्ष : 18 | अंक : 61 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2.50 रू.




'सिकंदर' में नजर आएंगी काजल अग्रवाल...

पेज -11

## न्यूज ब्रीफ

### क्रिकेटर चहल और धनश्री में 4 साल बाद तलाक



**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का शादी के 4 साल बाद गुरुवार को तलाक हो गया। मुंबई की फैमिली कोर्ट ने गुरुवार को इस पर मुहर लगा दी। दोनों ढाई साल से अलग रह रहे थे। इनकी शादी 11 दिसंबर 2020 को हुई थी। फैसला सुनाए जाने के दौरान चहल और धनश्री कोर्ट में मौजूद थे।

### इजराइल ने गाजा में टैंक उतारे, जमीनी हमले शुरू



**तेल अवीव।** इजराइल ने गाजा में एक बार फिर से टैंक उतारकर जमीनी हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली डिफेंस फोर्स के मुताबिक उसने गाजा पट्टी के सेंट्रल और साउथ के हिस्सों में ग्राउंड ऑपरेशन चालू किया हैं। आईडीएफ के इस ग्राउंड ऑपरेशन का मकसद नॉर्थ और साउथ गाजा के बीच एक बफर जोन बनाना और इजराइल बॉर्डर से लगे सिक्योरिटी जोन का विस्तार करना है।

### चार धाम यात्रा 30 अप्रैल से, रजिस्ट्रेशन शुरू

**देहरादून।** चार धाम यात्रा 30 अप्रैल से शुरू होगी। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन गुरुवार को शुरू हो गए। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के हिमालयी मंदिरों और हेमकुंड साहिब के सिख तीर्थस्थल पर जाने के इच्छुक भक्त अब उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक

# सेना को मिलेंगी आधुनिक होवित्जर तोपें

### 7000 करोड़ के सौदे को हरी झंडी

### पाकिस्तान व चीन सीमा पर होगी तैनाती



फाइल फोटो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने करीब 7000 करोड़ रुपये के उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

एटीएजीएस पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन विकसित और निर्मित 155 मिमी की तोप है। यह अत्याधुनिक तकनीक और बेहतर मारक क्षमता से लैस है। तोप में 52 कैलिबर की लंबी बैरल लगी है। भारतीय सेना को जल्द 307 उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम मिलने जा रहे हैं। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने इनके अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। लगभग 7000 करोड़ रुपये में इनका अधिग्रहण किया जाएगा। सरकार की इस पहल को आर्टिलरी गन निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। चीन और पाकिस्तान सीमा पर इन तोपों की तैनाती से सशस्त्र बलों को महत्वपूर्ण रणनीतिक बढ़त मिलेगी।

### 2013 में शुरू हुआ था एटीएजीएस प्रोजेक्ट

लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम तोपों की श्रेणी को होवित्जर कहा जाता है। एटीएजीएस 40 किमी तक मार करने कर सकती है। बड़े कैलिबर की वजह से यह तोप दूर तक मार करने में सक्षम है। एटीएजीएस प्रोजेक्ट की शुरुआत 2013 में किया गया था। इसका उद्देश्य सेना की पूरी तोपों को आधुनिक आर्टिलरी गनों में तब्दील करना था। एटीएजीएस को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने विकसित किया है और निजी कंपनियों के सहयोग से इसका निर्माण किया जाएगा।

### अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं तोपे

एटीएजीएस का निर्माण और डिजाइन स्वदेशी स्तर पर किया जा रहा है। 155 मिमी., 52 कैलिबर की एटीएजीएस को होवित्जर तोप के नाम भी जाना जाता है। इन तोपों का प्रदर्शन स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के सामने भी हो चुका है। एटीएजीएस पहली स्वदेशी रूप से विकसित 155 मिमी की आर्टिलरी गन है। यह तोप अत्याधुनिक तकनीक और बेहतरीन मारक क्षमता से लैस है। इससे न केवल सेना की ताकत में इजाफा होगा बल्कि स्वदेशी हथियारों का शक्ति प्रदर्शन होगा।



# 'राजस्थान दिवस पर नौकरी का सपना होगा साकार'

## सीएम भजनलाल शर्मा बोले, 'रन फॉर फिट राजस्थान' का आयोजन किया जाएगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की ओर से युवाओं के सरकारी नौकरी के सपने को साकार करने के लिए रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव में युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- राजस्थान दिवस के मौके पर राज्य सरकार की ओर से युवा एवं महिलाओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



### सीएम बोले, महिला सशक्तिकरण को दिया जाएगा बढ़ावा


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- राजस्थान के युवाओं को रोजगार को प्राथमिकता को ध्यान देते हुए जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेला भी आयोजित किया जाएगा। स्किल नीति एवं युवा नीति भी लाई जाएगी। इससे युवाओं के सपने साकार हो सकेंगे।

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा, राजस्थान के जिला मुख्यालय में 'रन फॉर फिट राजस्थान' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य समाज में फिटनेस के प्रति लोगों का जागरूकता लाना है।

'स्वस्थ राजस्थान' हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए हमें फिट रहना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार की ओर से राजस्थान दिवस पर महिला वर्ग को लेकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लॉडो प्रोत्साहन योजना के डॉयरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर किया जाएगा। इससे पात्र कैंडिडेट को योजना का सीधा लाभ मिल सके। वहीं, महिला समूह को सीआईएफ राशि का हस्तांतरण भी किया जाएगा। विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना के तहत भी महिलाओं को योजना का लाभ मिलेगा और कालीबाई भील योजना के तहत स्कूटी वितरण किया जाएगा।

### तहव्वुर राणा ने प्रत्यर्पण के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में दोबारा अपील दायर की

**मुंबई।** मुंबई हमले (26 /11) के दोषी तहव्वुर राणा ने प्रत्यर्पण के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा की याचिका पर सुनवाई के लिए 4 अप्रैल 2025 की तारीख तय की गई है। उसने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की अपील दोबारा दायर की है। इससे पहले जस्टिस एलेना केगन ने उनकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी। राणा ने दावा किया कि भारत प्रत्यर्पित होने पर उनकी जान को खतरा है।



## नागपुर हिंसा

# मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 पर देशद्रोह का केस

**नागपुर।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा के मामले में मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज हुआ है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है।



पुलिस ने अब तक 8 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के भी 8 कार्यकर्ता शामिल हैं। 19 आरोपियों को 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। वहीं, तीन दिन बाद हिंसा प्रभावित सभी 9 इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने बुधवार को मामले में बांग्लादेश कनेक्शन मिलने का दावा किया है। साइबर सेल ने अफवाह फैलाने और हिंसा भड़काने के मामले में 34 सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई की है, साथ ही 10 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पुलिस ने दावा किया कि सोशल मीडिया पोस्ट पर एक यूजर से धमकी मिली है कि सोमवार का दंगा एक छोटी घटना थी, भविष्य में बड़े दंगे होंगे।

# छत्तीसगढ़ में दो मुठभेड़, 30 नक्सली मारे गए

### बीजापुर में 26, कांकेर में 4 शव मिले

### हथियार बरामद, फायरिंग जारी



**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में गुरुवार सुबह से जारी दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं। पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हुई।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। बीजापुर की मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान भी शहीद हुआ है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि गुरुवार दोपहर तक दोनों तरफ से फायरिंग जारी थी।

### दंतेवाड़ा के पास एंड्री इलाके में एक दिन पहले पहुंची थी फोर्स

पुलिस को गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया। फोर्स एक दिन पहले एंड्री इलाके में पहुंच गई थी। गुरुवार की सुबह यहां मुठभेड़ हुई। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव और दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ अभी भी जारी है।

घटनास्थल से नक्सलियों के शव और कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इधर, तीसरी घटना में नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आईईजी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए। दोनों की हालत खतरे से बाहर है।

### विस. में बिल पास

### राजस्थान में कुलपति कहलाएंगे कुलगुरु

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में विश्वविद्यालयों की विधियां बिल बहस के बाद पारित कर दिया गया। इस बिल के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश के सभी 32 सरकारी सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में अब कुलपति का पदनाम कुलगुरु और प्रतिकुलपति का नाम प्रतिकुलगुरु होगा। यह बदलाव केवल हिंदी भाषा में ही लागू होगा, अंग्रेजी में पदनाम पूर्ववत रहेंगे।

# शंभू बॉर्डर पर 13 महीने बाद पटियाला-अंबाला लेन खुली

### पंजाब में पुलिस-किसानों की झड़प; डल्लेवाल को आर्मी कंट्रोल वाले एरिया में रखा

**पटियाला।** हरियाणा-पंजाब का शंभू बॉर्डर गुरूवार को 13 महीने बाद पूरा खुल गया है। यहां अंबाला से पटियाला आने-जाने की दोनों लेन पर ट्रैफिक चालू हो गया है। इससे पंजाब से हरियाणा और दिल्ली आने-जाने वालों को लंबे समय बाद राहत मिल गई है।

वहीं दिल्ली-पटियाला हाईवे पर बने खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने अपने क्षेत्र की दोनों लेन खोल दी हैं। वहां से सीमेंट की बैरिकेडिंग हटा ली गई है। हालांकि पंजाब की तरफ अभी किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉलियां खड़ी हैं, जिस वजह से अभी सिर्फ टू-व्हीलर की ही आवाजाही शुरू हो पाई है।



वहीं बुधवार की रात को पुलिस ने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को हटा दिया था। इसको लेकर पंजाब के सभी जिलों में किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों के हाईवे जाम करने की कोशिश में 5 जिलों, बठिंडा, मुक्तसर, मोगा, फरीदकोट व होशियारपुर में उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई।

इधर, पुलिस ने किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को पंजाब में आर्मी के कंट्रोल वाले जालंधर कैंट के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया है। बुधवार दोपहर हिरासत में लेने के बाद पहले उन्हें जालंधर सिटी के एक अस्पताल में ले जाया गया था।

उधर, हरियाणा के किसानों ने सीएम नायब सैनी को मांगें मानने के लिए 1 महीने का अल्टीमेटम दिया है। गुरुवार को कुरुक्षेत्र में सीएम का घर घेरने पहुंचे इन किसानों को पुलिस ने रोक लिया था।

## एक्स के आरोप पर केंद्र ने जवाब दिया...

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को कानून का पालन करना चाहिए

**नई दिल्ली।** दिग्गज अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अपनी याचिका में एक्स ने आईटी एक्ट को लेकर कहा, यह एक गैरकानूनी और अनियमित सेंसरशिप सिस्टम बनाता है, जिसके तहत कंटेंट को ब्लॉक कर प्लेटफॉर्म के संचालन को प्रभावित किया जा रहा है। अब इसको लेकर केंद्र सरकार का जवाब सामने आया है।

एक्स ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के इस्तेमाल को लेकर चिंता जाहिर की है। इसे लेकर एक्स ने तर्क दिया



है यह धारा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करती है। साथ ही यह ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर भी करती है। केंद्र पर मुकदमा दायर करने के बाद अब सरकार ने कहा है कि सरकार सही प्रक्रिया का पालन करेगी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कानून का पालन करना चाहिए।

### भारत में सेंसरशिप को मिल रहा बढ़ावा

एक्स ने अपनी याचिका में कहा है कि आईटी एक्ट की धारा 69 ए केवल विशिष्ट कारणों, जैसे कि राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों में कॉन्टेंट ब्लॉक करने की अनुमति देती है, और इसके लिए बकायदा एक रिव्यू प्रॉसेस की आवश्यकता होती है। धारा 79 केवल मध्यस्थों को तीसरे पक्ष की विषय-वस्तु के लिए उत्तरदायित्व से छूट प्रदान करती है। यह सरकार को धारा 69ए का उल्लंघन करते हुए अधिकारियों को उचित जांच के बिना कॉन्टेंट ब्लॉक करने की अनुमति देती है। कंपनी ने कहा है कि आईटी एक्ट की यह धारा भारत में सेंसरशिप को बढ़ावा दे रही है।

एक्स की याचिका में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों और वास्तव में हजारों स्थानीय पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे धारा 69 ए प्रक्रिया के बाहर, धारा 79 (3) (बी) के तहत सूचना अवरोधन आदेश जारी करने के लिए अधिकृत हैं।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत 'प्रकल्प फागोत्सव संस्था की अनुकरणीय पहल'



*जागरूक टाइम्स संवाददाता*

***भीनमाल।*** *गायत्री शक्ति पीठ परिसर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ, विप्र फाउंडेशन, जालोर व महाकवि माघ विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान तथा स्वर्गीय श्रीमती अनसी देवी की स्मृति में फागोत्सव मनाया गया। भामाशाह प्रेमाराम बंजारा वरिष्ठ समाज सेवी व भीनमाल क्षेत्र की आत्मीयता से होली स्नेह मिलन हंसी मनो विनोद मारवाड़ की प्रसिद्ध गेर नृत्य में रंग बिरंगी वेशभूषा व थिरकते पांव तथा ढोल की थाप पर गेरियों ने अपना रंग जमाकर समा बांधा। भगवताचार्य श्रीश्री सनातन महाराज, बालोतरा की निश्रा व जसराज राजपुरोहित भाजपा जिलाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य, श्रीमती गंगा कलावंत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे, भरत देवड़ा अधिशाषी अभियंता, बिजली विभाग,भारत स्काउट गाइड व श्री महाकवि माघ विकास संस्थान के संरक्षक डॉ भूपेंद्र चौधरी, मालाराम चौधरी पाविया,अध्यक्ष चौधरी आंजना समाज छात्रावास भीनमाल, जोगाराम पटेल, अध्यक्ष गायत्री शक्ति पीठ, श्याम खेतावत, अध्यक्ष वराह श्याम ट्रस्ट का विशिष्ठ आतिथ्य रहा।*

प्रथम भगवान आशुतोष, वेद माता गायत्री को दीप प्रज्ज्वलित कर वैदिक ऋचाओं से स्तवन कर राष्ट्र अभ्युदय मंगल कामना की। श्रीश्री सनातन महाराज ने कहा की मनुष्य जीवन में होली पर्व की प्रासंगिकता व उपादेयता पर विविध शास्त्रोक्त प्रमाण देकर सविस्तार से अवगत कराया। जसराज राजपुरोहित भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा की राष्ट्र निर्माण में सामाजिक व सांस्कृतिक व समरसता प्रकल्प के तहत सामाजिक एकता के महान पर्व पर भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ भीनमाल के अनुकरणीय पहल से अभिभूत बताया। डॉ भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि अपने जीवन के श्रेष्ठ तरीके से जीने की व अनुशासन की कार्य व्यवस्था भारत स्काउट गाइड का महत्व पूर्ण स्थान है। धुखाराम राजपुरोहित पूर्व प्रधान ने संस्था की ओर से एक अनूठे प्रयोग में विविध संगठन, धार्मिक ट्रस्ट, शैक्षिक संस्थान, राजकीय व निजी अधिकारी कर्मचारी, विविध विभाग, अधिवक्ता, प्रशासनिक अधिकारी सहित जन सामान्य गणमान्य के साथ होली स्नेह मिलन समारोह फागोत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना के साथ राष्ट्र अभ्युदय में जन सामान्य की सहभागिता में आम जन की भागीदारी की बात कही। श्रीमती गंगा कलावंत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने राम स्तुति का पठन कर सभी श्रोताओं का मन मोहा। दिनेश दवे ने प्रदेश महामंत्री विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन 1 सी ने फागोत्सव कार्यक्रम आयोजन पर आगंतुक अतिथियों का स्वागत भाषण दिया। डॉ घनश्याम व्यास ने बताया कार्यक्रम में भीनमाल क्षेत्र के बंधु होली स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम में बढ़ चढ़ के अपनी सहभागिता प्रदत्त कर अपनी सेवाएं ज्ञापित कर रहे हैं जिससे मानवीय जीवन में सदाचार, प्रेम, पर्यावरण चेतना, जल के अपव्यय की रोककर जल संरक्षण का संदेश एक राष्ट्र निर्माण एक अभूतपूर्व संदेश है। कार्यक्रम जोगाराम चौधरी व शांतिलाल जीनगर, माणक मल भंडारी ने उदबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन कन्हैयालाल खंडेलवाल ने किया।

## सब्जी और फलों की माला

सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत हरी सब्जी लौकी,हरी मिर्च, टमाटर,आलू,ककड़ी,प्याज,तरबूज आदि से बनी दिव्य माला से फागोत्सव में स्वागत किया जिससे सभी उपस्थित बंधु हंसी से लोट पोट हुए और आनंद लिया। विप्र फाउंडेशन की श्रीमती मीना शर्मा जिलाध्यक्ष महिला विंग के नेतृत्व में कृष्ण भक्ति से ओत प्रोत गीत सुनाकर भाव विभोर किया। मानाराम राजपुरोहित ने सभी का आभार प्रकट किया।

## सेंगवा को माघ सेवा पुरस्कार

जालोर राज्य पथ परिवहन निगम में कार्यरत सेंगवा अपने सेवा काल में डिजिटल कार्ड के तहत दिव्यांग सेवा,वरिष्ठ नागरिक को सेवा के फलस्वरूप माघ सेवा पुरस्कार भी दिया। हकसिह राव , प्रेमाराम बंजारा वरिष्ठ समाज सेवी , निरंजन व्यास, श्याम खेतावत, मीना शर्मा जिलाध्यक्ष महिला विंग विप्र फाउंडेशन, डॉ अक्षय बोहरा, राजेंद्र वैष्णव स्वास्थ्य अधिकारी, जोरावर सिंह राव, वासुदेव अवस्थी, किशोर सांखला, नारायणलाल, सुरेंद्र त्रिवेदी, जगदीश रामावत, महेश व्यास, महादेव राठी, जोगाराम चौधरी, अरविंदकुमार, जबराराम भाटी, मीठालाल व्यास, सुरेश बोहरा, महेन्द्र शर्मा सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# किसानों का महापड़ाव, रैली निकाली, सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** किसानों के विभिन्न समस्याओं को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर महापड़ाव का आयोजन शहर के डाक बंगले में आयोजित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने रिलायंस कंपनी की मनमानी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश जताया। रबी 2023 का बकाया बीमा आदान अनुदान की बकाया राशि ई मित्र सेवा केंद्रों पर की गई पॉलिसीयों को एप्रूव करना सांचौर जिले को बहाल करना सहित कई समस्याओं पर वक्ताओं ने संबोधित किया। जिला मंत्री मकारम चौधरी ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी सरकार की ढिलाई के कारण समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। उपाध्यक्ष बाबूलाल जाट ने कहा कि अन कमांड क्षेत्रों के किसान लंबे समय से कमांड से जोड़ने की मांग को लेकर पिछले 8-9 सालों से धरने पर बैठे हैं। उपाध्यक्ष विरदसिंह चौहान ने मांग पत्र को पढ़कर सुनाया। राणाराम चौरा ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत नर्मदा नहर की पाइपलाइन को तोड़ दिया गया है उन्हें ठीक करवाना दिल्ली बॉर्डर पर शांतिपूर्वक तरीके से चल रहे किसानों के आंदोलन को तानाशाही पूर्वक गिरफ्तार करने पर निंदा की गई। अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष रिडमलसिंह गुदाऊं, कल्याणसिंह बावरला, बालेरा वितरिका अध्यक्ष केसरसिंह सरवाना, पांचाराम डूंगरी, बाबूलाल जाट, लक्ष्मणसिंह, दीपाराम साहू, भागीरथ गोदारा, सिद्धाराम डावल, मांगीलाल भादू, पूनम चंद गोदारा, रिटायर एडिशनल एसपी लादूराम साहू, डावल एडवोकेट सोहनलाल नैण, राणाराम केसूरी, भंवरलाल डडूसण ने संबोधित किया। बिजरोल सरपंच राणाराम सियाग ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची तथा रिलायंस कंपनी का विरोध कर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सांचौर दौलतराम चौधरी को ज्ञापन दिया। महापड़ाव अध्यक्ष ईशराराम बिश्नोई, हरिराम चितलवाना, पूनमचंद बिश्नोई, बाबूलाल जाट, पूनमाराम धायल, केसर सिंह सरवाना, महादेवपुरी सरपंच गुड़ाहेमा, गुमानाराम कुराड़ा, राणाराम सरपंच बिजरोल जयराम मांजू सहित बडी संख्या में किसान मौजूद रहे ।

## भाजपा कार्यकर्ताओ का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

# अनेकता में एकता ही भारत की पहचान: जिलाध्यक्ष राजपुरोहित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र की ओर से नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अभिनंदन समारोह एवं होली गेर व स्नेहमिलन समारोह का आयोजन बाबा रामदेव मंदिर माखुपुरा में आयोजित हुआ । इस मौके पर गेर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें खेतेश्वर गेर टीम चितलवाना मंडल प्रथम एवं महाराणा प्रताप गेर लुनियासर द्वितीय एवं ढबावाली गैर दल केसूरी तृतीय स्थान पर रहा । स्नेहमिलन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम कार्यकर्ता की पार्टी है इसमें धरातल से जुड़े व्यक्तियों को सर्वोपरि माना जाता है। संगठन के पार्टी वफादारी, निष्ठा ही आम कार्यकर्ता को आज मुख्यमंत्री पद तक इस पार्टी में जगह दी जाती है ।राजस्थान में भजनलाल सरकार द्वारा आम जनता के विकास की सैकड़ों योजनाएं लागू की गई है ।पूर्व सांसद देवजी पटेल ने कहा कि हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है एवं उसके बाद हम है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विश्वगुरु की तरफ अग्रसर है । होली स्नेहमिलन समारोह हमारी संस्कृति है और संस्कृति का सदैव निर्वहन करते रहना चाहिए । पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव ने भी सम्बोधन दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह बालावत ने कहा कि सांचौर के सुदूर क्षेत्रों में भी इस प्रकार की बेहतरीन गेर कला को जीवंत रखने का कार्य करते रहना चाहिए । भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा किसान युवा महिला के हितों को ध्यान में रख कर भजनलाल सरकार कार्य कर रही है। समारोह के तहत अनेक गैर दलों ने ढोल थाली एवं डीजे पर अपना नृत्य किया। उसके उपरांत सभी ने गुलाल से होली खेली एवं नृत्य किया । इस दौरान जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड़, प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ शीला विश्नोई, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह झाब, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह सिसोदिया सहित मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सभी परिवाद त्वरित गति से निस्तारित हो: कलक्टर

## परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्य म एकीकृत परिवाद निवारण प्रणाली 'अटल जन सेवा शिविर' के तहत जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार को डीओआईटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक में आमजन की परिवेदनाएं सुनकर उनका निस्तारण किया गया। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन से जुड़े कार्य, रास्ते पर अवैध अतिक्रमण, अवैध पेयजल कनेक्शन, एनएचएआई, नगर परिषद, विद्युत, राजस्व एवं विभिन्न विभागों से जुड़े परिवाद सुनकर मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जन सुनवाई के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 24 परिवाद प्रस्तुत हुए जिनमें से 5 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, जिला सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सतर्कता शाखा के अनिल कुट्टी सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# शीतला सप्तमी आज, लगेगा बासोड़ा का भोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिलेभर में शीतला सप्तमी के मौके पर बासोड़ा का भोग लगाया जाएगा। मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ खास कर बच्चों को धोक दिलवाई जाएगी। इससे लिए पूर्व संध्या पर मंदिरों को सजाया गया और तैयारियां पूर्ण कर ली गईं। कई जगहों पर गेर व मेले का आयोजन भी किया जाएगा।

**भीनमाल।** हिन्दू सेवा समिति व महेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति भीनमाल के संयुक तत्वावधान में शुक्रवार को शाम चार बजे स्थानीय महेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में गेर का आयोजन किया जाएगा। समिति के मीडिया प्रभारी ललित होंडा ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतला सप्तमी के उपलक्ष्य में भीनमाल की परंपरा नुसार गेर को लेकर गुरुवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इसी प्रकार शीतला सप्तमी के उपलक्ष्य में स्थानीय चंडीनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में स्थित शीतला माता मंदिर में मेले का आयोजन होगा।

# पावटी में कल बहेगी भजन सरिता, तैयारियां जारी

## नाडोल व सोनाणा के लिए पैदल संघ 23 को होगा रवाना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** श्रद्धा, भक्ति और समर्पण के अदभुत संगम के साथ पावटी गोलुआ से कुलदेवी आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल एवं सोनाणा खेतलाजी मंदिर सारंगवास के दर्शनार्थ पैदल यात्रा संघ इस बार अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। भक्ति और आस्था की यह अनूठी यात्रा 23 मार्च को ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय जयकारों के साथ धूमधाम से रवाना होगी। यात्रा से पहले 22 मार्च, शनिवार को पावटी गांव के गोलुआ स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा। आशापुरा नवयुवक मंडल पावटी के तत्वावधान में आयोजित इस भजन संध्या में लोकप्रिय भजन गायक श्याम पालीवाल और प्रवीण प्रजापत अपने सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। पैदल यात्रा संघ 23 मार्च को डीजे व ढोल धमाकों के साथ रवाना होगा।



# मामूली कहासुनी, दो व्यापारियों को सरिए से पीटा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** बायपास मार्ग पर बुधवार देर रात्रि को एक नाबालिग युवक ने दो व्यापारियों पर लोहे के सरिए से हमला कर दिया। हादसे मे दो व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद गुजरात रैफर कर दिया गया। दोनों का फिलहाल गुजरात के अस्साल मे उपचार चल रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एंव मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शहर के बायपास सड़क मार्ग पर बुधवार देर रात्रि को एक दुकान पर विजाराम देवासी एंव अभयकुमार जाट दोनों दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान एक नाबालिग वहां आया एंव कहासुनी के बाद उसने विजाराम देवासी एंव अभयकुमार पर लोहे के सरिए से वार कर दिया। आरोपी मौके से फरार हो गया।

# चौथे दिन भूख हड़ताल समाप्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** किसानों की 14 सूत्री मांगो को लेकर पिछले चार दिनो से भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई सहित पांच जनो की भूख हड़ताल समाप्त हो गई। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने धरना स्थल पर पहुंचकर उनकी मांगों पर सहमति जताते हुए निर्धारित समयावधि के दौरान प्राथमिकता के तौर पर समाधान का आश्वासन दिया। जिस पर भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, हिन्दुसिंह चौहान, पोकराराम विश्नोई हिण्डवाड़ा, पुनमाराम गोदारा, मोहनलाल कडवासरा भूख हड़ताल समाप्त करने पर सहमत हो गए। एसडीएम प्रमोद कुमार चौधरी ने ज्यूस पिलाकर धरना समाप्त करवाया। इस दौरान सुखराम विश्नोई ने सम्बोधित किया।

# पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** क्षेत्र के परावा स्थित निजी महाविद्यालय में पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम के प्रथम उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. हिमान्शु पंडया प्राचार्य राजकीय माहविद्यालय रानीवाड़ा थे। कार्य म की अध्यक्षता हरीश विश्नोई ने की। मालाराम साहु , डॉ. च' वर्ती सिंह सहायक आचार्य राजकीय महाविद्यालय आहोर, डॉ. भागीरथ बिश्नोई,डॉ. सुनीता की विशेष मेहमानवाजी रही। पंडया ने कहा कि शिक्षक दो प्रकार के होते है एक शिलार्थी व दूसरा आकाश धर्मा गुरू होते है। जिस शिक्षक के पास ज्ञान की सीमा नहीं होती है वह शिलार्थी शिक्षक होता है। दूसरा शिक्षक जो विद्यार्थी को पढ़ने का तरीका बता सकता है। शिक्षक विद्यार्थी को दूर तक देखने के लिए कन्धा देता है। कार्यक्रम में प्राचार्य सुनीता ने अतिथियों व मुख्यवक्ता डॉ. च' वर्ती सिंह व इंजि.तपेश सारसोदीया का स्वागत व परिचय करवाते हुए उनको अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा की एक शिक्षक के विकास के लिए नवाचार होना आवश्यक है। कार्य म के प्रथम सत्र में आभार वक्त करते हुए डॉ. भागीरथ बिश्नोई ने कहा कि एक अच्छी शिक्षण संस्थान के लिए नवीन विषय को लेकर नवाचार किया जाना चाहिए। साथ ही संकाय विकास कार्य म व्यक्तित्व विकास का मुख्य हिस्सा है। तथा अंत में सभी अतिथिगण, मुख्यवक्ताओं व स्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्य म के दूसरे सत्र में डॉ. च' वर्ती सिंह ने समय प्रबंधन विषय पर समय की वास्तविकता के बारे में बताते हुए कहा कि समय प्रबंधन एक प्रर्ि या है। समय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र के चेयर पर्सन डॉ. सत्येंद कुमार उब्बा ने कहा कि अच्छा शिक्षक समाज का विकास कर सकता है। विद्यार्थी का कर्तव्य के प्रति लगाय होना चाहिए। द्वितीय सत्र में सह-समन्वयक लाला राम ने रिसोर्स पर्सन डॉ च' वर्ती सिंह, अतिथिगण व प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। तृतीय सत्र में रिसोर्स पर्सन इजि. तपेश सारसोदिया ने बताया कि किसी भी शोध को करने के लिए व्यक्तिगत रूचि का होना आवश्यक है तभी हम इस शोध की वास्तविकता तक पहुंच सकेंगे। तृतीय सत्र के चेयर पर्सन डॉ. धर्माराम सारण प्राचार्य ने संकाय विकास कार्यक्रम के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। मंच संचालक डॉ. गणपत सिंह राजपुरोहित व सहायक समस्त स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी मौजूद थे।



# पिकअप व कार की टक्कर, दो जख्मी, रैफर किया

## सात दिन और पांच सड़क हादसे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** मालवाड़ा रेलवे ब्रिज के पास पिकअप वाहन और स्विफ्ट कार की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में भीनमाल निवासी हरीश कुमार और सुरावा निवासी गोतमसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एम्बुलेंस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। घायलों को पहले राजकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद उन्हें गुजरात रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। स्थानीय निवासी कांतिलाल पुरोहित ने बताया- पिछले एक सप्ताह में इसी जगह पर 4-5 हादसे हो चुके हैं। इस मार्ग पर दो विद्यालय भी हैं। वाहन तेज गति से चलते हैं, जिससे हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इस सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे हादसों पर रोक लग सकेगी।

# जिले में एक भी प्रकरण 180 दिन से अधिक लंबित नहीं : अल्पा चौधरी

## अटल सेवा केन्द्र में हुई जिलास्तरीय जनसुनवाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में माह के तीसरे गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सभागार में जिलास्तरीय जनसुनवाई अटल जनसेवा शिविर का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर ने सम्पर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए 30 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को परिवेदनाओं का संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने की बात करते हुए प्रकरणों के निस्तारण में भी त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाएं आमजन द्वारा प्रस्तुत की गई। जिस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर चौधरी ने कहा कि जिले में एक भी प्रकरण 180 दिन से अधिक लंबित नहीं है। इसी प्रकार राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, पंचायती राज संस्थान, विद्युत विभागों में कोई भी प्रकरण 60 दिन से अधिक लंबित नहीं होने से राजस्थान संपर्क पोर्टल पर सिरोही जिला कार्य प्रदर्शन निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शित हो रहा है। इस दौरान परिवादियों ने अतिक्रमण हटाने, सड़क निर्माण, सड़क मरम्मत, आर्थिक सहायता, साफ-सफाई, अवैध निर्माण, बजरी खनन, फर्जी भुगतान सहित कुल 26 परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल आदि मौजूद थे।



# शीतला माता को आज धराएंगे बास्योड़ा का नैवेद्य, घरों में नहीं जलेंगे चूल्हे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिलेभर में शुक्रवार को शीतला सप्तमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस दिन माताजी को ठंडा नैवेद्य चढ़ाकर ठंडा खाने की परम्परा है। इस दिन घरों में चूल्हे नहीं जलेंगे। इससे एक दिन पहले गुरुवार को जिलेभर में राधन छठ पर घर परिवार को शीतलता प्रदान कराने व निरोगी रखने की कामना को लेकर बास्योड़ा माता का बासी भोग बनाया गया। शुक्रवार सवेरे महिलाएं सजधज कर शीतला माता मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगी तथा परिजनों को निरोगी रखने के साथ सुख-शांति की कामना करेंगी। जगह जगह मेले का आयोजन किया जाएगा। शहर के छीपाओली में शीतलामाता मंदिर में पूजा अर्चना होगी। इसको लेकर सवेरे से ही पूजा अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ लगेगी। शाम को मारु कुम्हार समाज की ओर से सरिया देवी मंदिर प्रांगण कुम्हार वाडा में पारंपरिक गैर नृत्य का आयोजन होगा। इससे पहले केशर विलास में भी गैर नृत्य का आयोजन होगा। जिसमें रामपुरा के ग्रामीण भाग लेंगे।

**आबूरोड।** अर्बुदांचल में शीतला सप्तमी का पर्व शुक्रवार को परम्परागत तरीके से मनाया जाएगा। जिसके चलते गुरुवार को दिनभर महिलाएं विभिन्न व्यंजन बनाने में व्यस्त रही। महिलाओं द्वारा शुक्रवार को माता की पूजा-अर्चना की जाएगी। माताजी को ठंडे भोजन का भोग लगाया जाएगा। माता की कथा श्रवण करेंगी। इसके बाद एक दिन पहले बनाए गए भोजन को ग्रहण किया जाएगा। पर्व के तहत कई मंदिरों में भजन संध्या के आयोजन किए जाएंगे। आबकारी, मानपुर व गांधीनगर सहित शहर व गांवों के शीतला माता मंदिरों पर आकर्षक सजावट की गई है।

# पहाड़ी को तोड़कर हो रहा था अवैध निर्माण, जारी किया नोटिस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दांतराई।** भाखरली महादेव मंदिर के पास एक व्यक्ति की ओर से पहाड़ी क्षेत्र को तोड़कर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। जिसको लेकर वार्ड पंच महेंद्र अग्रवाल ने कार्य को रुकवाने के लिए ग्राम पंचायत में जानकारी दी। जिसको लेकर प्रसाशक बंबी देवी भाट व ग्राम विकास अधिकारी रमेश कुमार विश्नोई भी मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को रुकवाया गया। मौके पर मोतीलाल पुत्र नरसाराम जैन के नाम से हो रहे अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए नोटिस जारी किया ओर निर्माण स्थल पर चस्पा किया। ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस जारी कर तुरंत प्रभाव से अतिक्रमण पर निर्माण कार्य को रोकने को लेकर अवगत करवाया। शुक्रवार को भूमि स्वामित्व संबंधी दस्तावेज ग्राम पंचायत में प्रस्तुत करने को लेकर कहा। अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी ग्राम पंचायत द्वारा कई बार अतिक्रमणियों को नोटिस जारी किए उसके बाद भी अतिक्रमण नोटिस को खाना पूर्ति मानते हुए निर्माण कार्य शुरू कर देते हैं।

# रामजन्मोत्सव पर 40 गांवों में निकलेगी शोभायात्रा



विहिप पिण्डवाड़ा की बैठक में की चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** शहर के सन्यांस आश्रम में गुरुवार को संत समाधान पुरी के सानिध्य, जिला मंत्री अशोक रावल तथा प्रखंड अध्यक्ष भवानीसिंह चौहान की अध्यक्षता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रामजन्मोत्सव के सफल आयोजन की चर्चा की गई। विहिप जिला मंत्री रावल का स्वागत जिला समरसता प्रमुख राधेश्याम गर्ग व भंवर राठौड़ प्रवीणसिंह, भवर रावल एवं महेश राजगुरु ने किया। इससे पहले सभी ने संत समाधान पुरी का सम्मान किया। रणजीतसिंह ने ओमकार एकता मंत्र व विजया महामंत्र स बैठक का आगाज किया। जिसमें पिंडवाड़ा प्रखंड के 17 गांवो के विहिप पदाकारियो ने भाग लिया लेकर पिण्डवाड़ा प्रखंड के 40 गांवों में श्रीराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकालने एवं उत्सव को सफल बनाने पर जोर दिया। पिंडवाड़ा नगर में आगामी दिनों में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिला मंत्री रावल ने कहा कि नागपुर के महाल क्षेत्र में हुए हिंसक हमले के बारे में बताया कि यह केवल एक सांप्रदायिक हिंसा नहीं, बल्कि राष्ट्रद्रोह है। विश्व हिंदू परिषद, इस हमले की कड़ी निंदा करता है। प्रखंड मंत्री महेश राजगुरु ने नवीन घोषणाएं की जिसमे विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष घनश्यामसिंह, अरविन्द धर्माचार्य, सम्पर्क प्रमुख पुनाराम प्रजापत, सत्संग प्रमुख मंछाराम डांगी, समरसता प्रमुख दिनेश, अशोकसिंह, मार्त शक्ति संयोजिका किरण गर्ग, सह संयोजिका तरीषणा सोलंकी, पिण्डवाड़ा नगर संयोजिका लक्ष्मी वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष मंजू, दीक्षित, राधेश्याम गर्ग, सह मंत्री नरेन्द्रसिंह, उत्तम सुथार, नरेश, लाडुराम, बाबूलाल, छगन गहलोत, अभिषेक, नविन राज पुरोहित, दुर्गेश प्रजापत मौजूद थे।

## रामनवमीं पर्व की तैयारियों पर चर्चा

**आबूरोड।** वीएचपी बजरंग दल की बैठक में रामनवमीं पर्व की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में आगामी 6 अप्रैल को रामनवमी महोत्सव के चलते बाजार का सौंदर्यीकरण, कलश यात्रा व शोभायात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया। विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड अध्यक्ष भलाराम देवासी, प्रखंड मंत्री गिरीराजसिंह सिसोदिया, नगर मंत्री कांतिलाल, बजरंग दल से देवराजसिंह राठौड़, प्रखंड संयोजक नरेश कुमावत सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।



# विकसित भारत युवा संसद चयन में धांधली का अरोप

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** महाविद्यालय के छात्र हितेश कुमार नामदेव ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर विकसित भारत युवा संसद चयन में धांधली का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। ज्ञापन में बताया कि राजकीय महिला महाविद्यालय सिरोही में विकसित भारत युवा संसद में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रिंसीपल की ओर से मनमर्जी से 5 जजों की बैठक बुलाकर फर्जी तरीके से विद्यार्थियों का चयन किया गया। सभी प्रतिभागियों की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई है। ऐसे में एक बार फिर से नई जांच बिठाकर चयन किया जाए, अन्यथा मेधावी छात्रो के साथ अन्याय होगा।

# न्यूज ब्रीफ

## पुस्तकालय में आज शुरु होगा सदस्यता अभियान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सारणेश्वर पुस्तकालय मे सत्र 2025-26 सदस्यता अभियान शुक्रवार से शुरु किया जा रहा है। लाईब्रेरियन प्रदीपसिंह राठौड ने बताया कि सत्र 2024-25 की सदस्यता 31 मार्च को समाप्त हो रही है। अतः सत्र 2025-26 के लिए पाठकों को अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करवाना होगा। जिसके लिये आवेदन पत्र पुस्तकालय से प्राप्त किया जा सकता है। सहयोग राशि 80 रुपए है। जो कि 31 मार्च 2026 तक मान्य होगी।

## शिविर में 212 मरीजों की जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दांतराई।** सरकारी अस्पताल में गुरुवार को जिला अंधता निवारण समिति व ग्लोबल अस्पताल की ओर से एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. बीना सूर्यवंशी, शिविर प्रबंधक देवेंद्रसिंह काबावत ओर मेडिकल टीम ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में कुल 212 रोगियों का निःशुल्क जांच की गई व 17 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया। शिविर को लेकर आयोजन कर्ता भीखसिंह ओपावत ने बताया कि शिविर में 92 नेत्रदोष होने पर चश्मा का वितरण किया गया।

## मैराथन की तैयारियां जोरों पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अरावली मैराथन की तैयारियां जोरशोर से जारी है। लायंस क्लब आबूरोड अरावली अध्यक्ष रोनक सिंघल के अनुसार सफल आयोजन की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। प्रतिभागियों से अनुरोध हैं कि वह व्हाट्सएप समूह और समुदाय में शामिल हों। 22 मार्च को विष्णु धर्मशाला में दोपहर 4 से 5 बजे तक पंजीकृत प्रतिभागियों को टी. शर्ट वितरण किया जाएगा। वहीं 23 मार्च को सुबह 5 बजे बड़े पुल स्थित हनुमान मंदिर पर एकत्रित होंगे। सुबह 5 से 5.45 बजे तक वार्मअप के लिए जुम्बा सेशन होगा। सुबह 5.45 से 6 बजे तक 3 किमी और 5 किमी दोनों मार्गो के लिए फ्लैग ऑफ होगा।

## मनाया फागोत्सव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सांई बाबा चेरिट्रेबल ट्रस्ट की ओर से सांई बाबा मंदिर में रंग पंचमी पर फागोत्सव मनाया गया। जोधपुर के रामस्नेही संत मनोहरदास शास्त्री द्वारा झांकियां व बरसाने की लट्ठमार होली के साथ फागोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठाकुर जी के साथ फूलों की होली खेली गई। बरसाना व गोकुल की सखियों द्वारा ठाकुर जी के साथ झांकियां का आनंद लिया। आयो फागण रो त्योहार..., रंग मत डाले रे सांवरिया... रंग लेके खेलते गुलाल लेके खेलते... आदि गीतों पर किए गए नृत्य ने समां बांध दिया। रमता शर्मा व विशाल भाजनी ने भी भजन प्रस्तुत किए। ट्रस्ट अध्यक्ष विशाल तंवर, रमेश वैष्णव, नरेश गहलोत, कमलेश सैनी, संजय देसाई आदि ने व्यवस्थाएं संभाली।

## शीतला माता मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** शीतला सप्तमी पर्व गुरूवार को बड़ी सब्जी मण्डी स्थित शीतला माता मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई गई। पारसीचाल स्थित एक गेस्ट हाउस से शोभायात्रा शुरु हुई। बैण्ड बाजो के साथ मुख्य मार्गो से निकली शोभायात्रा शीतला माता मंदिर पहुंची। शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।दोपहर में माताजी का अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने शाम छह से रात दो बजे तक श्रृंगार दर्शन किए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी क्रम में कुम्हार मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर पर भी शोभायात्रा के बाद ध्वजा चढ़ाई गई।

# जेकेलक्ष्मी सीमेंट ने 45 विद्यार्थियों को वितरित की छात्रवृत्ति




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेकेपूरम।** जेके लक्ष्मी सीमेंट के सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत आसपास के गांवो एवं आदिवासी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। श्रीपति सिंघानिया कौशल केंद्र में गुरुवार को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रामपुरा,आदर्श, बसंतगढ़ एवं वालोरिया के आईटीआई, बीएसटीसी एवं बीएड का प्रशिक्षण ले रहे 45 युवाओं को संबल मिला। इसमें से 30 युवा जो वर्ष 2024-25 और 15 युवा जिनको पिछले वर्ष 2023-24 में भी सहयोग किया गया। श्रीपति सिंघानिया कौशल केंद्र में संचालित लाईब्रेरी में अध्ययन कर आरएएस प्री को पास करने वाले वालोंरिया गांव के भारमाराम गमेती को सम्मानित किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश प्रजापत ने कहा कि जेके लक्ष्मी सीमेंट युवाओं के कैरियर में आगे बढ़ने में क्या सहयोग चाहिए, उसे समझते हुए कार्य कर रही है। संस्था के यूनिट हेड राजेश केसवानी ने युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्था युवाओं को कैरियर बनाने में सहयोग के लिए विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से सहयोग कर रही है और भविष्य में भी किसी भी प्रकार का सहयोग की आवश्यकता रहती है तो संस्था प्रबंधन यथासंभव सहयोग करेगी। उपाध्यक्ष लेखा विभाग एसएन रॉय, उपमहाप्रबंधक एचआर एवं आईआर प्रवीण पाठक, नीरज प्रजापति ने युवाओं को संबोधित किया। साथ ही दो युवाओं ने अपने अनुभव शेयर किए।

# विश्व गोरिया दिवस पर लगाए घौंसले

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** विश्व गौरेया दिवस पर सारणेश्वर मार्ग स्थित स्थित हिंदू शमशान, विभिन्न विद्यालयों, मंदिरों व घरों में गौरैया के लिए घोंसले लगाए गए। गोपालसिंह राव तथा जितेन्द्रसिंह बारड़ ने बताया कि गौरैया हमारे पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनकी संख्या में कमी के कारण हमारे इकोसिस्टम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। समाज सेवी रघु भाई माली ने बताया कि गौर-ैया के लिए घोंसले लगाने की पहल एक सराहनीय कदम है। सभी ने पूर्वज वन का भी अवलोकन कर इसके विस्तार पर चर्चा की। शमशान परिसर में पशु पंक्षी एवं वृक्षों को पानी पिलाने के लिए एक टंकी निर्माण के लिए रघुभाई माली ने जल ही जीवन है (सेव वाटर) व्हाट्सएप ग्रुप सिरोही के भामाशाहों के सहयोग से 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। हिंदू शमशान सभा के अध्यक्ष धनपतसिंह राठौड़, भवानीसिंह चौहान, चंपतलाल मिस्त्री, जबरसिंह बारड़, विक्रमसिंह, दमयंती डाबी, जयदीपसिंह, चुनीलाल, रविंद्रसिंह परमार व विपुल गोस्वामी उपस्थित थे। जितेन्द्रसिंह बारड़ ने बताया कि पिछले 8 साल से 100 घोंसला हर वर्ष बनकर जहां पर भी चिड़िया है। वहां घौंसलें लगा रहे है।



# सीसीबी का 67वां स्थापना दिवस मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** दी सिरोही सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के सभागार में गुरुवारर को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 एवं बैंक का 67वां स्थापना दिवस मनाया गया। प्रबंध निदेशक पूनाराम चोयल ने बताया कि बैंक की स्थापना 20 मार्च 1958 में हुई थी। वर्तमान में बैंक राशि रूपये 6.67 करोड़ के लाभ में है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की गई है। जिसकी पालना में आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को बैंक में बुलाकर वरिष्ठ प्रबंधक दीपिका सोनी ने बैंक कार्य की जानकारी दी। सोनी ने बताया कि मियादी अमानतों पर बैंक की अधिकतम ब्याज दर 444 दिवस के लिए 7.40 प्रतिशत तथा वरिष्ठ नागरिकों को 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज दिया जा रहा है। आदर्श विद्या मंदिर छात्रावास अधीक्षक बनवारीसिंह, बैंक प्रबंधक अविनाश अग्रवाल, बैंकिंग सहायक नवीन पथारिया, राजेन्द्रसिंह सोलंकी, वि मसिंह, भरत सोलंकी, मयंक कुमार शर्मा, हरीश चौधरी, आकांक्षा मित्तल एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।



# रंग पंचमी पर आखरिया चौक में गैर नृत्य की धमचक

## सारणेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में खनके डांडिए



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** शहर के आखरिया चौक स्थित सारणेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में हर वर्ष की भांति रंग पंचमी पर भव्य गैर का आयोजन संपन्न हुआ। सारणेश्वर महादेव सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित गैर शाम 7 बजे शुरू हुआ जो रात 10 बजे तक अनवरत चला। रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाते परिसर में अधिकांश गैरिये पारंपरिक वेशभूषा में नजर आ रहे थे। कई गैरिये पैरों में घुंघुरू बांध गैर नृत्य का आनंद ले रहे थे। संस्थान के सचिव माणक प्रजापत ने बताया कि इस गैर के प्रायोजक शिवगंज निवासी पाबू बाई शांतिलाल जैन हाल चेन्नई के सुपुत्र मुकेश जैन का सहयोग रहा। ढोल की थाप पर गैरियों के थिरकते कदम और खनकते डांडिए राजस्थान के परम्परागत लोक नृत्य को सजीव कर रहे थे। संचालन सोमप्रसाद साहिल और अशोक गहलोत ने किया। नगर अध्यक्ष ताराराम कुमावत, प्रकाश भाटी, हीरालाल पालीवाल, सेवानिवृत्त पुलिस उप अधीक्षक गोपालदास रामावत, अशोक अग्रवाल, अशोक कुमावत, अल्पेश माली, लक्ष्मण परिहार, पुखराज परिहार, नारायणलाल परिहार, मांगीलाल टांक, अशोक गहलोत, मोहनलाल माली, प्रेमाराम प्रजापति, हितेंद्रसिंह, दूदाराम, किस्तूर चंदेल आदि उप-स्थित थे। संस्थान के व्यवस्थापक सतपालसिंह राठौड़, जगपालसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष गेनाराम देवासी, सह कोषाध्यक्ष जयसिंह राठौड़, सदस्य पूनमसिंह पंवार, प्रेमसिंह, दिनेश परिहार, जीवाराम देवासी, रूपेश देवासी, चम्पत प्रजापत, प्रकाश माली, किस्तूर परिहार, श्रवण परिहार, राकेश पाराशर, भंवर प्रजापत, कैलाश कुमार, महेंद्र माली, रमेश देवासी, पारस घांची, मुकेश घांची ने व्यवस्थाएं संभाली।

## बाल मेलाः नन्हे कदम का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस, टाटा ट्रस्ट व महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 90 कार्यकर्ताओं व 80 बच्चों की भागीदारी रही। महिला एवं बाल विकास विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सोमेश्वर देवड़ा ने कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। विकास के आयामों से जुड़ी पांचों प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की। सेंटर फॉर माइक्रो फाइनेंस के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत पंवार व राखी मिश्रा के अनुसार जिले में आंगनवाड़ियों के साथ जुड़कर प्रारम्भिक शिक्षा एवं देखभाल पर कार्य कर रहा है। आयोजन का उद्देश्य सिरोही ब्लॉक में आंगनवाड़ी के बेहतरीन कार्यों के प्रदर्शन, पांचों विकास आयामों के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की प्रदर्शनी व अनुभवों के साझाकरण के लिए एक उपयुक्त मंच तैयार करना था। कार्यक्रम में सुबोध, सुपरवाइजर उत्तम, रुखसाना बेगम, योगिता, कैलाश व शैलेन्द्र उपस्थित थे।



# नेवी डॉकयार्ड पहुंचे न्यूजीलैंड के पीएम



▶▶ आईएनएस सूरत का किया दौरा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड के प्रधान मंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और न्यूजीलैंड नौसेना के प्रमुख रियर एडमिरल गारिन गोल्डिंग ने गुरूवार को मुंबई के नौसेना शिपयार्ड का दौरा कर भारतीय नौसेना के नवीनतम और देश में ही निर्मित विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस सूरत के बारे में जानकारी ली। पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय जे सिंह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। गणमान्य व्यक्तियों को युद्धपोत के जटिल डिजाइन, अत्याधुनिक तकनीकों और दुर्जेय क्षमताओं के बारे में गहन जानकारी दी गई, जिससे राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका की झलक मिली। इसी वर्ष 15 जनवरी को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया आईएनएस सूरत, भारतीय नौसेना का नवीनतम निर्देशित मिसाइल विध्वंसक है। मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स द्वारा निर्मित और भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया यह जहाज आत्मनिर्भर भारत का एक शानदार उदाहरण है और इसमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है।

## उपमुख्यमंत्री शिंदे से मिले पीएम लक्सन

■ न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और उनसे मुंबई के बदलते स्वरूप और चल रहे विकास कार्यों के बारे में उत्सुकता से जानकारी ली। राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने राजभवन में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के सम्मान में अपराह्न भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर श्री लक्सन ने श्री शिंदे के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। श्री शिंदे ने मुंबई को झुग्गी-झोपड़ी मुक्त बनाने और इस महानगर में आम लोगों को घर उपलब्ध कराने की योजनाओं के साथ ही देश के विकास इंजन मुंबई की आर्थिक क्षमता को बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री यह जानने के लिए भी उत्सुक थे कि मुख्य रूप से डीप क्लीन जैसे अभियानों के माध्यम से मुंबई के अंदरूनी हिस्सों को कैसे साफ किया जा रहा है। श्री शिंदे ने उन्हें बताया कि कैसे मुंबई में तटीय सड़क, अटल सेतु ने यातायात व्यवस्था में सुधार किया है और कैसे मेट्रो दैनिक यात्री यातायात में सुधार कर रही है। पर्यावरण का मुद्दा महत्वपूर्ण है और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने इस संबंध में किए जा रहे

## द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी मजबूती

■ एचएमएनजेडएस ते काहा की यात्रा के हिस्से के रूप में सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है, जिसमें क्रॉस-डेक दौरे, खेल कार्यक्रम व सामाजिक महत्व के कार्यक्रम शामिल हैं। अपने प्रस्थान के समय यह जहाज भारतीय नौसेना के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) में भाग लेगा, जिससे परिचालन समन्वय में वृद्धि होगी और समुद्री सहयोग के लिए साझा प्रतिबद्धता प्रदर्शित होगी।

## नौसैनिक गतिविधियों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

■ सीएन-आरएनजेडएन ने जहाज के दौरे के एक भाग के रूप में डब्लूएनसी के एफओसी-इन-सी से वीएडीएम संजय जे सिंह से भेंट की और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नौसैनिक गतिविधियों पर चर्चा की, जिसके बाद उन्हें कमांड की भूमिका पर संक्षिप्त जानकारी दी गई। सीएन-आरएनजेडएन ने मुंबई के एनडी स्थित हेरिटेज हॉल का दौरा किया और अप्रैल 2025 में एचएमएनजेडएस ते काहा की आगामी यात्रा के लिए तकनीकी सहायता के संबंध में डॉकयार्ड के एडमिरल अधीक्षक के साथ चर्चा की। एडमिरल ने नई दिल्ली मुंबई स्थित गौरव स्तम्भ पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले कार्मिकों को श्रद्धांजलि दी।

# 86 साल की बुजुर्ग महिला से ठगे 20 करोड़ रुपए



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में रहने वाली 86 वर्षीय एक महिला ने 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी के दौरान दो महीने में 20 करोड़ रुपए से अधिक गंवा दिए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कि जालसाजों में से एक ने महिला से पैसे ऐंठने के लिए खुद को 'सीबीआई अधिकारी' बताया था। पुलिस के अनुसार, 26 दिसंबर 2024 से इस साल तीन मार्च के बीच अंजाम दिए गए इस अपराध के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

▶▶ दो महीने तक रही 'डिजिटल अरेस्ट'

### हर तीन घंटे में लोकेशन जांचते थे

आरोपियों ने बुजुर्ग महिला को दो महीने तक घर पर ही रहने को मजबूर किया और हर तीन घंटे में फोन कर प्रतिदिन उसकी लोकेशन जानते रहे। साइबर पुलिस ने उन बैंक खातों की पहचान करके महिला के 77 लाख रुपए के निकालने पर रोक लगाई, जिनमें पैसा ट्रांसफर किया गया था। इस महीने की शुरुआत में महिला द्वारा दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के अनुसार, उसे एक व्यक्ति का फोन आया जिसने खुद के सीबीआई अधिकारी होने का दावा किया और उसे बताया कि उसके 'आधार' कार्ड के जरिए एक बैंक खाता खोला गया है और उसका इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जा रहा है।

### ऐसे हुआ खुलासा

उस व्यक्ति ने महिला से कहा कि मामले की सीबीआई कर रहा है और उसे अपने कमरे में ही रहना चाहिए। उसने उसे 'डिजिटल गिरफ्तारी' की धमकी भी दी। उसने महिला के परिवार के सदस्यों को भी गिरफ्तार करने की धमकी दी। अपराधियों ने महिला को ऑनलाइन अपने चंगुल में फंसा लिया था। 26 दिसंबर से तीन मार्च तक बुजुर्ग महिला ने आरोपियों को 20 करोड़ से ज्यादा की रकम ट्रांसफर कर दी। इसे भारत का सबसे लंबा डिजिटल अरेस्ट स्कैम बताया जा रहा है। महिला के घर पर काम करने वाली एक घरेलू सहायिका ने उसके व्यवहार में बदलाव आने की जानकारी उसकी बेटी को दी। महिला केवल खाना खाने के लिए ही अपने कमरे से बाहर निकलती थी।

## विरार : पर्यावरण की रक्षा-मेरी जिम्मेदारी कार्यशाला आयोजित

**नालासोपारा।** वसई-विरार शहर महानगरपालिका और विष्णु वामन ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट (संचालित) विवा कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से वसई-विरार शहर महानगरपालिका मुख्यालय में "शून्य अपशिष्ट" की अवधारणा पर आधारित "पर्यावरण की रक्षा - मेरी जिम्मेदारी" विषय पर कार्यशाला का आयोजन पद्मश्री डॉ. शरद काले, वैज्ञानिक (सेवानिवृत्त) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र की अध्यक्षता में 19 मार्च को किया गया। कार्यशाला में वसई-विरार शहर महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक अनिल कुमार पवार,अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, उपायुक्त नानासाहेब कामठे और विवा कॉलेज की प्रोफेसर दीपा वर्मा के साथ-साथ मनपा क्षेत्र के विभिन्न आवासीय परिसरों के नागरिक और वसई-विरार शहर महानगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यशाला में पद्मश्री डा.शरद काले ने शहर में प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करने के बारे में नागरिकों को प्रशिक्षित और मार्गदर्शन किया तथा घर से निकलने वाले कचरे को संसाधित करके घर पर ही प्राकृतिक खाद बनाने का प्रदर्शन भी किया। उन्होंने मनपा को शहर में उचित स्थानों पर चौकियां स्थापित करने के निर्देश भी दिए, जहां घरेलू कचरे से खाद बनाने का प्रदर्शन इस तरह से किया जा सके कि शहर का हर नागरिक कचरे का इस तरह से निपटान कर सके।



## छत्रपति संभाजीनगर : आग से 20 दुकाने क्षतिग्रस्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**संभाजी नगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक बाजार में बृहस्पतिवार सुबह आग लगने से करीब 20 दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अग्निशमन के एक अधिकारी ने बताया कि आजाद चौक इलाके के सेंट्रल नाका स्थित बाजार में सुबह करीब पांच बजे आग लगी। इस इलाके में फर्नीचर की कई दुकानें हैं। आग लगने से 20 दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। हमे सुबह करीब साढ़े पांच बजे आग लगने की सूचना मिली और दमकल के छह वाहनों को मौके पर भेजा गया। एमआईडीसी और 'गरवारे इंडस्ट्रीज' के कुछ दमकल वाहन भी आग बुझाने में मदद के लिए मौके पर पहुंचे। फिलहाल आग लगने के कारण का पता नहीं लग पाया है।



■ **मुंबई।** नौ अप्रेल को आयोजित 'विश्व नवकार दिवस' के उपलक्ष में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद फडणवीस को 'जीतो एपेक्स' के चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी ने निमंत्रण दिया और संपूर्ण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उपरोक्त विशाल समारोह (मुंबई) में आने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की।

■ फोटो : सुरेश भंसाली

भारत जैन महामंडल दक्षिण मुंबई शाखा : सातवां दिव्यांग जैन संघ

## महातीर्थ दर्शनार्थ को आज रवाना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारत जैन महामंडल दक्षिण मुंबई शाखा के अध्यक्ष रमेश सी. जैन के नेतृत्व और संघ संयोजक धनपत बी. कांनुगो के मार्गदर्शन में भारत जैन महामंडल दक्षिण मुंबई शाखा द्वारा आयोजित सातवां दिव्यांग जैन संघ मुंबई से मरुधर में सत्यपुर महातीर्थ एंव हाडेचानगर महातीर्थ के दर्शनार्थ हेतु 100 दिव्यांग जैन भाई बहन के साथ कार्यकर्ताओं सह 150 को यात्रियों का समूह मुंबई के बाद्रां टर्मिनस से 21 मार्च (शुक्रवार) दोपहर 12 बजे गरीब रथ ट्रेन से रवाना होगा। बाद्रां टर्मिनस से संघ को महाराष्ट्र प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) चेतन देडिया जैन झंडी दिखाकर संघ को रवाना करेंगे। पूर्व नगर सेविका श्रीमती ज्योत्सना मेहता भी साथ में जैन झंडी दिखाकर संघ को रवाना करेंगी। साचौर और हाडेचानगर में सौ दिव्यांगों का संघ पहली बार जा रहा है। शाखा के पदाधिकारीगण और संघ कमेटी के सदस्यगण के अथक प्रयास से संघ का संचालन सफलतापूर्वक चल रहा है। संघ के लिए आर्थिक सहयोग देने वाले लाभार्थी परिवारों का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी शाखा सचिव मंगलचंद सेठ ने दी।



## पांच साल बाद आई बेटी की याद : संजय राउत

**मुंबई।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत की नए सिरे से जांच कराने की उनके पिता सतीश सालियान की मांग के बाद फिर से प्रदेश की सियासत गरमा गई है। आदित्य ठाकरे के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की गई है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के नेता संजय राउत ने कहा कि पिता को पांच साल बाद बेटी की याद आई है, अब तक कहां थे, और उन्हें किसने रोका था। दिशा सालियान के मौत की जांच के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले पिता सतीश सालियान पर संजय राउत ने जमकर निशाना साधा। उन्होंने घटना के पांच साल बाद उनको अपनी बेटी के लिए सामने आए हैं।

## मीरा रोड पूर्व-पश्चिम को जोड़ने वाला एफओबी अधर में

**भायंदर।** मीरा भायंदर में कई विकास कार्य तीव्र गति से चल रहे तो वहीं पर वहीं दूसरी ओर मीरा रोड पूर्व एवं पश्चिम को जोड़ने वाला फ्लाई ओवर ब्रिज निजी जमीनों के हस्तांतरण प्रक्रिया को लेकर खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। जानकारों की मानें तो इस विलंब की वजह से सरकारी तिजोरी पर असर पड़ेगा और इनके निर्माण की लागत बढ़ जाएगी। मीरा रोड पूर्व लगभग कांक्रीट के जंगल में तब्दील हो चुका तो वहीं मीरा रोड पश्चिम में पूरी जगह खाली पड़ी है, जिसपर मुंबई शहर के नामी गिरामी बिल्डरों की नजर है, ऐसे में यदि पूर्व से पश्चिम को जोड़ने वाला फ्लाई ओवर ब्रिज बन जाता है तो आवागमन में आसानी होगी। मीरा रोड पश्चिम में पहले नमक की खेती की जाती थी। खाड़ी से आने वाला समुद्री पानी से नमक बनाने का व्यवसाय यहां के लोग करते थे। अब इस जमीन को इमारत बनाने के अनुकूल मान लिया गया है, जिसकी वजह यहां गगनचुंबी इमारतों की प्लानिंग की जा रही है। भवन निर्माण व्यवसाय से जुड़े लोगों की मानें तो मीरा रोड पूर्व से मीरा रोड पश्चिम के फ्लैट महंगें होंगे। मीरा भायंदर महानगरपालिका ने रेलवे ट्रैक के ऊपर से फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने का निर्णय चार वर्ष पहले ही ले लिया था पर मनपा की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इस फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की जिम्मेदारी एमएमआरडीए को दे दी गई है। ब्रिज निर्माण की राह में निजी जमीनें राह का रोडा बनती नजर आ रही है। सूत्रों की मानें तो फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण के लिए सलाहकार की नियुक्ति कर जमीनों के अधिग्रहण की तैयारी की गई है पर सरकारी बाबुओं की लेटलतिफी और लालफीता शाही का शिकार यह ब्रिज अधर में होता नजर आ रहा है। भले ही फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की जवाबदारी एमएमआरडीए की है पर जमीन अधिग्रहण की जवाबदारी मीरा भायंदर मनपा को दी गई है और 80 प्रतिशत जगह मिलने के बाद ही निर्माण कार्य को हरी झंडी मिलेगी। एक ओर जहां निजी जमीनों के अधिग्रहण का मामला पेचीदा बना हुआ है वहीं अन्य सरकारी महकमों की मंजूरी भी इस ब्रिज निर्माण की राह में मुसीबतें खड़ी कर रही है। मनपा जमीन अधिग्रहण को लेकर काम कर रही है कुछ तकनीकी कारणों की वजह से थोड़ा विलंब हो रहा है पर जल्द ही कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## नासिक में दो एनसीपी नेताओं की हत्या

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में दो दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। रंग पंचमी के दिन ही दो भाइयों उमेश उर्फ मन्ना जाधव और प्रशांत जाधव की हत्या बुधवार (19 मार्च) रात में उपनगर पुलिस स्टेशन के आसपास हत्या कर दी गई थी। ये दोनों एनसीपी अजित पवार गुट के नेता थे। मन्ना जाधव एनसीपी अजीत पवार गुट के शहर उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। हमलावरों ने अंबेडकरवाड़ी इलाके में उनके घर के सामने दोनों को चाकू मार दिया, दोनों को नासिक जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बीच, जिला सरकारी अस्पताल में भारी भीड़ जमा होने के कारण पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि शुरुआती जांच में ये सामने आया है कि ये हमला पुरानी रंजिश के चलते किया जा सकता है।

## नागपुर के बाद बीड जिले में निषेधाज्ञा लागू

▶▶ दो अप्रेल तक प्रभावी रहेगा निषेधाज्ञा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले में बिना अनुमति पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह आदेश दो अप्रेल तक प्रभावी रहेगा। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह आदेश सड़क पर झगड़े और छोटी-मोटी हिंसा के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने और उसके परिणामस्वरूप हुए विरोध प्रदर्शनों और साथ ही 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं जारी रहने के मद्देनजर पारित किया गया है। शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर प्रशासन ने महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 37(1) (3) के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। मध्य महाराष्ट्र का बीड जिला पिछले चार महीनों से मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या को लेकर सुर्खियों में है। दरअसल, सरपंच देशमुख को पिछले साल नौ दिसंबर को कथित तौर पर जिले में एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली के प्रयास को रोकने की कोशिश करने पर अगवा कर लिया गया और प्रताड़ित किया गया था। इसके बाद उनकी हत्या कर दी गई थी।

## सीआईएसएफ तटीय साइक्लोथॉन टीम का वसई में स्वागत

**नालासोपारा।** गुजरात के कच्छ स्थित लखपत किले से सात मार्च को शुरू हुई केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन बुधवार शाम छह बजे वसई पहुंची। साइक्लोथॉन टीम व उनके सहयोगियों का वसई फाटा स्थित गोल्डन चैरिट होटल में पेल्हार पुलिस स्टेशन की ओर से भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मीरा भाईंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के एडिशनल सीपी दत्तात्रय शिंदे, सीआईएसएफ के कमान्डेन्ट राजेश कुमार आर्या, डीसीपी जयंत बजबले, शेखर घाडगे, तहसीलदार अविनाश कोष्टी, सीनियर पीआई जितेंद्र वनकोटी, संजय हजारे आदि मौजूद थे। यह जागरूक कोस्टल साइक्लोथॉन गुजरात से शुरू हुई और कन्याकुमारी में समाप्त होगी। इसकी कुल दूरी 6553 तय करनी है। सीआईएसएफ का यह साइक्लोथॉन जागरुक अभियान एक अप्रेल तक चलेगा। जो नौ राज्यो से होते हुए कन्याकुमारी स्थित स्वामी विवेकानंद स्मारक में खत्म होगा। इस अभियान में 14 महिलाएं सहित सौ से अधिक साइक्लोथॉन शामिल है। यह भारत के समुद्र तट के साथ 6,553 किलोमीटर की दूरी तय करने वाला एक महत्वाकांक्षी साइकिल अभियान, सीआईएसएफ तटीय साइक्लोथॉन है। यह आयोजन सहनशक्ति की परीक्षा और राष्ट्रीय आर्थिक विकास में तटीय सुरक्षा के महत्व पर तटीय समुदायों को शामिल करने के मिशन के रूप में कार्य करता है।



## डंपिंग यार्ड के धुएं में घुट रहा है दम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** शहर के राजनगर स्थित गाडरियावास के वाशिंदों को पास ही गुर्जरों का गुड़ा में स्थित शहर के डंपिंग यार्ड में आए दिन कचरे को जलाए से उठने वाले धुएं के कारण खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गाडरियावास के रहवासियों ने बताया कि सेक्टर के पास ही स्थित गुर्जर गुड़ा में नगर परिषद का डंपिंग यार्ड है। इसमें पूरे शहर का कचरा और कूड़ा एकत्रित किया जाता है। यहां कूड़े को व्यवस्थित रूप से निस्तारित करने की वजह कार्मिक आए दिन इसमें आग लगा देते हैं। इसके कारण गुर्जर गुड़ा के साथ ही गाडरिया वास सहित आसपास की सभी बस्तियों के वातावरण में घना धुआं छा जाता है। ऐसे में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है और सांस लेने में भी दिक्कत होती है। लोगों ने इस समस्या समाधान के लिए कई बार परिषद में ज्ञापन दिया। लेकिन आज दिन तक समस्या समाधान नहीं हुआ। इसके चलते आए दिन होने वाले धुएं से न सिर्फ लोगों को परेशानी हो रही है। बल्कि बीमारी फैलने का डर भी बना हुआ है।

महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी, मुंबई

## बिड़ला महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




▶▶ विषय 'हिन्दी साहित्य में संस्कृति और राष्ट्रवाद'

**कल्याण।** बी.के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण, महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी, मुंबई और अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के संयुक्त तत्त्वावधान में 'हिन्दी साहित्य में संस्कृति और राष्ट्रवाद' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्घाटन मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व प्रकुलगुरू एवं महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डा. नरेश चन्द्र, महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष प्रो.शीतला प्रसाद दुबे, हिन्दी के श्रेष्ठ निबंधकार डा.श्रीराम परिहार,अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री ऋषिकुमार मिश्र, प्राचार्य डा. अविनाश पाटील,समीचीन के संपादक डा. सतीश पाण्डेय, उप प्राचार्य डा. हरीश दुबे एवं डा. महादेव यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम के संयोजक डा. श्यामसुंदर पाण्डेय ने किया। इस आयोजन में मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, गोवा और मध्यप्रदेश आदि प्रदेशों के विविध विश्विद्यालयों के प्राध्यापकों और शोधार्थियों की विशेष उपस्थिति रही। उद्घाटन सत्र में डा. परिहार ने संस्कृति और राष्ट्र को व्याख्यायित करते हुए समाज के विकास में साहित्य की भूमिका पर सारगर्भित टिप्पणी की। डा.नरेश चन्द्र ने ऐसे आयोजनों को युवा पीढी में संस्कार और मानवता के भाव भरने के लिए सर्वोत्तम माध्यम बताया। प्राचार्य डा.अविनाश पाटील ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और डा. बालकवि सुरंजे ने परिचय प्रस्तुत किया। आयोजन का समापन सत्र में मुंबई विवि के कला संकाय के डीन डा. अनिल सिंह, एवं गुजरात केंद्रीय विवि के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव दुबे की विशेष उपस्थिति रही। इस आयोजन में डा. करुणाशंकर उपाध्याय, डा.शशिकला राय,डा.मनोज पाण्डेय,डा. अजित राय,सुश्रीसची नायक,डा.उषा मिश्र,डा. मिथिलेश शर्मा,डा.महात्मा पाण्डेय,डा.गजेन्द्र मीणा,डा.सत्यवती चौबे,डा.उषा दुबे, डा.संतोष मोटवानी,डा. ऋषिकेश मिश्र आदि विद्वानों के मंतव्य छात्रों के लिए विशेष प्रेरक रहे। आयोजन के प्रथम दिवस की सांध्य वेला में कवि सम्मलेन का आयोजन भी किया गया जिसमें 32 कवियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रवीण देशमुख, संजय द्विवेदी, सत्यदेव विजय, कृति पाण्डेय, नंदा कोकाटे,अनुष्का एवं आर्ना मिश्रा, मदन उपाध्याय आदि कवियों की कविताएं सुनकर लोग झूम उठे। यह आयोजन डा. ग्रीष्म खोब्रागड़े, डा.मेघा देवले,डा. सीताराम म्हस्के, डा.मनीषा पाटील,विशाखा,अखिलेश और ज्योति, संतोष, ललित आदि प्राध्यापकों एवं छात्रों के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।



■ भायंदर ईस्ट में दशा माता की कथा का श्रवण करती महिलाएं।

## धाराशिव में नया बवाल

**धाराशिव।** महाराष्ट्र में औरंगजेब को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। नागपुर के बाद धाराशिव जिले में नया बवाल खड़ा हो गया है। जिले में औरंगजेब की फोटो और 'बाप तो बाप रहेगा' लिखकर एक लड़के ने मोबाइल स्टेटस लगाया। इस पर विवाद हो गया है।हिंदूवादी संगठन सड़क पर उतर आए। मामले की गंभीरता को देखते हुए उमरगा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी नाबालिग है।

## श्रीनाथजी मंदिर में हुआ गेर नृत्य

**राजसमंद।** श्रीनाथजी हवेली में चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी बुधवार को गैर महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय लोग पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर गैर नृत्य करने पहुंचे। दोपहर में उत्थापन झांकी के दर्शनोपरांत उपली ओडन के ग्रामीणों द्वारा श्रीनाथजी की हवेली के नक्कारखाना चौक ओर मोती महल में भव्य गैर नृत्य का आयोजन किया गया। ग्रामीण अलग-अलग टोलियां बनाकर श्रीनाथजी मंदिर पहुंचे। ग्रामीणों ने परपरागत सफेद धोती कुर्ता पहन थाली मादल की धुन पर और ढोल की थाप पर दोनों हाथ लकड़ी के कनियो से गैर नृत्य किया। विशाल बावा व अधिराज बावा ने भी गेर नृत्य का आनंद लिया व सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।

## अनियमितताओं के चलते पर कार्रवाई, 15 दिन का निलंबन और 5000 रुपये का जुर्माना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** ई-मित्र परियोजना के अंतर्गत सेवाएं प्रदान करने वाले एक कियोस्क संचालक के खिलाफ अनियमितताओं की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। एक शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया था कि ई-मित्र संचालक अविनाश कुमार ने खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने के लिए 1500 रुपये की अवैध राशि की मांग की थी। जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित ई-मित्र कियोस्क निर्धारित स्थान की बजाय किसी अन्य स्थान जगदीश तिराहे पर संचालित किया जा रहा था। इसके अलावा केंद्र पर आवश्यक रेट लिस्ट और अनिवार्य बैनर नहीं पाए गए, साथ ही अधिक राशि लिए जाने की पुष्टि हुई। उपखंडाधिकारी साधना शर्मा ने अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ई-मित्र कियोस्क को 15 दिनों के लिए निलंबित करने और 5000 रुपये का आर्थिक दंड लगाने का आदेश जारी किया है।

## पिकल बॉल कोर्ट का किया शुभारम्भ

**चूरू।** जीवन रेखा हॉस्पिटल में पिकल बॉल कोर्ट का शुभारम्भ पिकल बॉल संघ के महासचिव एवं कॉर्पोरेट बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक संजय पूनिया ने फीता काटकर किया। पिकल बॉल संघ के अध्यक्ष महादेव सिंह महिया,जीवन रेखा मेडिकल के निदेशक डॉ.मनोहर भाटिया, डॉ.अमित,



महेश गोयनका, विवेक गोयनका, मिस्टर चूरू राकेश बेनीवाल, पुलकित मंडावेवाला, जयप्रकाश बागोरिया, शुभकरण माहिया, हजारीराम सारण, सुरेंद्र माहिया, कमल शर्मा, राजेश पिलानिया, पवन बरथवाल, राजेश वर्मा, किशोर राजपाल, मनीष क्याल, शाहिल चौधरी, देव सिंह राठौड़, अंगद, नक्श धायल, रवि आदि उपस्थित रहे। खेल जीवन का अभिन्न अंग है। जीवन को सार्थक बनाना है तो खेल को भोजन की तरह जीवन में एड करो। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक शिशुपाल बुडानिया ने किया।

## उपखंड के ग्राम धिरदेसर चोटिया में शराब ठेके के विरुद्ध निरन्तर 201वें दिन धरना जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उपखंड के ग्राम धिरदेसर चोटिया में शराब ठेका हटाने के विरुद्ध निरन्तर धरना चल रहा है। लेकिन सरकार एवं प्रशासन जनता की आवाज पर अब तक मौन है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई संगठन ने ली धरने की जानकारी धीरदेसर चोटियान गाँव में शराब ठेका बन्द करने की मांग को लेकर 201वें दिन ग्रामीणों का धरना जारी है। गाँव के युवा, बुजुर्ग एवं बच्चे लम्बे समय से शांति पूर्वक शराब बन्दी की मांग को मांग को लेकर संघर्षरत है। सरकार एवं प्रशासन जनता की आवाज पर अब तक



मौन है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर टी आई जागरूकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष कुमार विनायकिया, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सरला आचार्य, जिला अध्यक्ष बीकानेर भारती व्यास, शहर अध्यक्ष कैलाश व्यास ने धरना स्थल पर पहुंचकर अवैध शराब ठेका संचालन की जानकारी ली एवं अफसोस जताया कि 7 महीने से ग्रामीण इस अवैध व्यापार के विरुद्ध धरने पर बैठे है एवं क्षेत्रीय विधायक, सांसद एवं प्रशासन को ज्ञापन देकर व्यक्तिगत रूप से इस शराब की अवैध बिक्री के कारण गांव के नोजवान इस लत में पड़ गए, नशे की हालात में गांव में हुए 7 मर्डर जैसी स्थितियों से अवगत कराया लेकिन अब तक आमजन की आवाज की कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसा लग रहा है कि पूरा सिस्टम अप्रत्यक्ष रूप से अवैध कारोबार में लिप्त है एवं जन भावना के साथ खिलवाड़ हो रहा है जो कि जनतांत्रिक व्यवस्था पर पश्नचिन्ह है। गांव के आज धरने पर सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट श्याम सुन्दर आर्य, तेजाराम मेघवाल, केशराराम, कानाराम, रामचन्द्र, दयालाराम, सीताराम, बलवीर चोटिया, मोटाराम सांसी, किशन चोटिया आदि सहित अनेकों महिला पुरुष विधार्थी आदि उपस्थित रहे।। सभी ग्राम वासी चाहते हैं कि शराब का ठेका हमारे यहां तत्काल बंद हो। विभाग जनता की जायज़ मांग पर मौन है। सरकार जनता के धैर्य की प्रतीक्षा नहीं ले। तत्काल शराब ठेका स्थाई रूप से हटाया जाए।

## नितिन सोनी को मिली डॉक्टरेट उपाधि

**चूरू।** राजस्थान के रतननगर चूरू जिले के निवासी नितिन सोनी ने भारत में गिरफ्तारी और हिरासत से संबंधित कानून की प्रभावशीलता पर गहन और विश्लेषणात्मक अध्ययन के शोध कर पीएचडी की। नितिन सोनी एडवोकेट ने राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में चैक पूर्ण कर टॉटिया विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। नितिन सोनी ने बी.टीटोसी करने के बाद पद के बाद चैक पूर्ण की हैं। जानकारी में रहे की कानून से संबंधित पढ़ाई का कार्य बड़ा ही कठिन है। बहुत कम युवा ही इस ओर जाते हैं। सोनी ने बड़ी लगन मेहनत की तब जाकर इनको यह मुकाम हासिल हुआ। यहां तक पहुंचने में बड़ी मेहनत लगन की आवश्यकता होती है तब जाकर यह मुकाम हासिल होता है। इस उपाधि के मिलने पर नितिन सोनी को मेढ क्षेत्रीय स्वर्णकार संघ श्रीडूंगरगढ़ के अध्यक्ष ओमप्रकाश कडेल बाना बाबूलाल सहदेवडा गौ भक्त समाज सेवी पूर्व मेढ क्षेत्रीय स्वर्णकार संघ श्रीडूंगरगढ़ के पूर्व अध्यक्ष तथा अनेकों स्वजनों की चोतरफी बधाइयां मिल रही है।



# मालाखेड़ा-उमरैण आंगनवाडी केन्द्रों पर हुए घोटालों दबाने में लगा विभाग

### निदेशक ने नोटिस देकर मांगा जवाब, विभाग जांच के नाम पर कागजों में घुमा रहा है जांच

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** मालाखेडा और उमरैण आंगनवाडी केन्द्रों पर पोषाहारों में हुए घोटाले की जांच के लिए उच्च अधिकारियों ने नोटिस देकर जवाब तो मांग लिया लेकिन यह सिर्फ जवाब कागजों में दब कर रह गए है। आज भी इन आंगनवाडी केन्द्रों पर तीन चार महीनों पुराने पोषाहार को बांटा जा रहा है।



### क्या है मामला

2 मार्च को एक समाचार मालाखेड़ा-उमरैण पंचायत समिति के आंगनवाडी केन्द्रों पर पोषाहारों में भारी घोटाला शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था जिस पर निदेशक महिला बाल विकास ने एक लेटर या नोटिस महिला बाल विकास विभाग अलवर के उप निदेशक महेश चंद गुप्ता को जारी कर इस मामले मे संपूर्ण रिपोर्ट मांगी। निदेशक द्वारा मिले नोटिस के जवाब के लिए उपनिदेशक महिला बाल विकास विभाग अलवर ने एक पत्र मालाखेडा सीडीपीओ को क्रमांक 1225-26 दिनांक 3 मार्च को जारी कर इस मामले में जांच कर जवाब मांगा। उप निदेशक के पत्र को मिलते ही मालाखेड़ा-उमरैण के महिला बाल विकास विभाग में हडकंप मंच गया और उन्होंने इस मामले को दबाने के लिए महिला पर्यवेक्षकों से जवाब मांगा तो पर्यवेक्षक ने सेक्टर मिटिंग बुलाई जिसमें तीन सैक्टरों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही इस दौरान कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक में नोक झोक भी हुई कार्यकर्ताओं ने पर्यवेक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैडम ये सारा मामला आपका करा धरा है ठेकेदार से मिलीभगत आपकी है आप हमे मीटिंग के बहाने बुला लेती हो और पीछे से ठेकेदार पोषाहार डाल देता है हमने कभी इस बारे में गौर भी नही किया कि माल पुराना है या नया इसका दोषी ठेकेदार है।

### जांच के माईने

कोई भी उच्च अधिकारी आज तक जांच करने किसी आंगनवाडी केन्द्र पर नही पहुंचा है जिससे यह बड़ी जांच कागजों में घूम कर ही रह गई है आज भी इन पंचायतों के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बैक डेट का पोषाहार बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बांटा जा रहा है जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है और राजस्थान सरकार को करीब 80 लाख का चूना प्रति माह लगाया जा रहा है यह सारा खेल मात्र चंद रूप्ये के लालच में किया जा रहा है। विभाग को चाहिए इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए क्योंकि यह मामला बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर है लेकिन विभाग के अधिकारी इस पर मिट्टी डाल कर दबाना चाह रहे है। लेकिन जांच अधिकारी यह भूल रहे है कि बच्चे और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े इस गौरख धंधे पर मीडिया की पैनी नजर रहेगी जब तक दोषियों को अंजाम तक नही पहुंचाया जाएगा तब तक उन्हें चैन से बैठने नही दिया जाएगा।

## सांभर रोड पेट्रोल पंप के पास खेत में लगी आग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** कस्बे के सांभर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पीछे गुरुवार को करीब 5.30 बजे एक खेत में भीषण आग लग गई, जिससे आग तेजी से फैलने लगी। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि समय पर दमकल नहीं पहुंचती, तो आग पेट्रोल पंप तक तक फैल सकती थी, जिससे बड़ी क्षति हो सकती थी। आग कैसे लगी, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। राहगीरों ने आग देखकर तुरंत दमकल को सूचना दी। लोगों ने बताया कि खेत में आग लगी थी । तथा यहा बास,झाड़ियों और घास का क्षेत्र था, जिससे आग तेजी से फैल रही थी। आगजनी की इस घटना में कई पेड़ पौधे और घास जलकर खाक हो गई।

## रिश्ते हुए शर्मसार : भाई ने बहन को किया कलंकित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले के मकराना थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। ड्रग्स की लत में डूबे बड़े भाई ने अपनी 15 साल की नाबालिग बहन के साथ रेप किया। जब पीड़िता ने इस बारे में अपने माता-पिता को बताया तो उन्होंने बदनामी के डर से बेटी की हत्या की साजिश रच डाली। किसी तरह पीड़िता ने अपने जीजा को फोन कर मदद मांगी और पूरी घटना बताई। पीड़िता के कुचामन सिटी निवासी जीजा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि अप्रैल 2020 में उसकी शादी पीड़िता की बड़ी बहन से हुई थी। कुछ दिन पहले उसकी साली ने फोन कर रोते हुए बताया कि उसका बड़ा भाई ड्रग्स का नशा करता है और 1 से 10 फरवरी के बीच उसने नशे की हालत में उसके साथ कई बार रेप किया। पीड़िता ने जब माता-पिता को इसकी जानकारी दी तो पिता ने नशे में होने के कारण अनदेखी कर दी और मां ने बदनामी के डर से भाई का ही पक्ष लिया।

### मां-बाप ने बेटी को मारने की साजिश रची

लड़की ने आगे बताया कि जब उसने घटना के बारे में बताया तो माता-पिता ने पढ़ाई छुड़वा दी और उसे घर में बंधक बना लिया। मारपीट कर डराया गया और धमकी दी गई कि अगर किसी को कुछ बताया तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने बताया कि उसने परिवार के लोगों की बातचीत सुनी, जिसमें उसे रिश्तेदारों के यहां गुजरात भेजकर हत्या करने की साजिश बनाई जा रही थी।

### वकील की मदद से पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज

जीजा ने जयपुर हाईकोर्ट के एक वकील से संपर्क कर मामले की गंभीरता बताई। वकील ने मकराना जाकर पुलिस अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद पुलिस ने लड़की और उसकी मां को थाने बुलाया। थाने में पीड़िता ने बताया कि उसके भाई ने रेप किया है। बयान के आधार पर बुधवार रात 11 बजे पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी।

### परिवार के सभी सदस्य मामले में संलिप्त

पीड़िता के परिवार में माता-पिता, बड़ी बहन और भाइ हैं। माता-पिता ने बेटी का पक्ष लेने के बजाय बदनामी से बचने के लिए उसकी हत्या की साजिश रच डाली। इस पूरे मामले में परिवार के सभी सदस्य संदिग्ध हैं और पुलिस अब जांच में जुटी है।

# कांग्रेसजन अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** एआईसीसी महासचिव, असम प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह और जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित कांग्रेसजनों ने केंद्रीय वन मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के पिता स्वर्गीय कदम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके पैतृक गांव हरियाणा के जमालपुर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया की पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्वर्गीय यादव के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और भूपेंद्र यादव जी से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की।

इस दौरा कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, सांसद संजना जाटव, विधायक ललित यादव, पूर्व मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत, पूर्व रिपुदमन गुप्ता, हरिशंकर रावत, मुकेश जूली, विजय पटेल, प्रधान खान, दीनबन्धु शर्मा, जमशेद खान, योगेश मेहता, कृष्ण यादव, पवन



विधायक जोहरीलाल लाल मीणा, कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान,आर्यन जुबेर, संजय यादव, श्वेता सैनी, अजीत यादव, बिजेन्द्र महलावत, बलराम यादव, रोहिताश चौधरी, विनोद कुमारी सांगवान, जाकिर हुसैन, विश्राम गुर्जर, संजीव बारेठ, हिम्मत चौधरी, दिनेश राघव, अंकित गोयल, राकेश बैरवा, अख्तर खान, जे डी आर्यन, साजिद खटाना, भूपेन्द्र गुर्जर, विकास यादव, विकास शेखावत, दयाराम सरपंच, राजेश विरमानी, वीर नारायण यादव, हुकुम सिंह निर्भय आदि मौजूद रहे।

# ज्ञापन सौंप बोले ग्रामीण, बारिश के समय नई पंचायत तक नही पहुंच पाएंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** बिकावास के चापा का गुड़ा के ग्रामीणों ने गुरुवार को उपखण्ड अधिकारी गोविंदसिंह को ज्ञापन देकर अपने गांव को पुरानी पंचायत में ही रखने और गांव की सीमाओं की भी यथा स्थिति ही रखने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा नवीन पंचायतों के परिसमन का कार्य करते हुए नई पंचायतें बना रही है। जिसके तहत हमारी पंचायत बिकावास के इस गांव को नई पंचायत ढेलाणा के परिसीमन मे लेने से हमको काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। नई पंचायत वर्तमान पंचायत से 10 से 12 किमी दुर है। दूसरी पंचायत के बीच राह में चंद्रभागा नदी भी आती है । बारिश के समय हम ग्रामीण नई पंचायत तक नही पहुंच पाएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार हमारी मांग नहीं मांगने की स्थिति में हम समस्त ग्रामवासी आगामी पंचायती राज चुनाव के बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान उत्तम नगारची, कैलाश गुर्जर, नारायणलाल सालवी, बद्रीलाल गुर्जर, मांगीलाल गुर्जर, प्रभुलाल गुर्जर, हीरालाल गुर्जर, किशन खटाना, रमेश कुमार, ईश्वर कुमार, कमलेश, बालकिशन जगदीश, कान्हा गुर्जर परशुराम, धर्म गुर्जर आदि मौजूद थे।



## खेत में कार्य करते समय युवक की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** उपखण्ड मुख्यालय के गोवल पंचायत के डेगाना के खेत पर काम करने गए युवक के अचानक जी घबराने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कालूसिंह ने बताया की उसके चाचा मदनसिंह पिता भेरूसिंह सवेरे खेत पर काम करने गया था। काम करते वक्त चाचा को घबराहट होने लगी और जोर से चिल्लाने लगे। वह उनके पास गया तो उन्होंने कहा की मेरा मन बहुत घबरा रहा है। परिजनों की मदद से उन्हें आमेट राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां उपचार के दौरान उन्होंने दमतोड़ दिया। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।


**नाम परिवर्तन**

मैं दुर्गेन्द्र पुत्र थानाराम मेवाड़ा, जाति-मारु कुम्हार निवासी ढोला, तहसील- सुमेरपुर, जिला-पाली (राज.) शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे पुत्र भरत दुर्गेन्द्र मेवाड़ा का नाम भारतीय जीवन बीमा निगम सुमेरपुर द्वारा जारी पॉलीसी संख्या 103537627 में मेरे पुत्र का भूलवश नाम भीमाराम दर्ज हो गया है जो पूर्णतया गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम भरत दुर्गेन्द्र मेवाड़ा है। अतः मैं उक्त पोलीसी संख्या में मेरे पुत्र का नाम भरत दुर्गेन्द्र मेवाड़ा दर्ज करवाना चाहता हूं। जो न्यायसंगत हैं


## अमर बलिदानियों की स्मृति में लगेगा रक्तदान शिविर

**राजसमंद।** अमर बलिदानियों की स्मृति में संगठित हिन्दू-सशक्त भारत परिवार की ओर से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट नीरज शर्मा ने बताया कि अमर बलिदानी भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु की स्मृति में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय गांधी रोड़ नाथद्वारा में रक्तदान शिविर का आयोजन किय जाएगा।


प्ररूप-10

(नियम-6 (7) देखिए

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका, शिवगंज**

पत्रांक : न.पा.शिव /भूमि/2024-25/6732-6733 — लोक सूचना — दिनांक : 19.03.2025

1. श्री सोहन लाल पुत्र मोतीलालजी, जाति-माली, निवासी- पालडी जोड़, तहसील सुमेरपुर, जिला-पाली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (**आवासीय प्रयोजनार्थ**) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| जिला - सिरोही तहसील - शिवगंज | बडगांव (सैन्चुरी स्ट्रीट भूखंड स. 34 ) | 28 मी. | 1000.00 वर्गफीट अर्थात 92.936 वर्गमीटर |
| | | | **कुल रकबा 1000.00 वर्गफीट अर्थात 92.936 वर्गमीटर** |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता को समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त विरत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 19.03.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, शिवगंज



**कार्यालय नगरपालिका बाली (पाली) राज.**

क्रमांकःन.पा.बा/4171 — :सार्वजनिक सूचनाः — दिनांकः 19.03.2025

(EWS एवं LIG के भूखण्डो का आवंटन बाबत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में स्थित खसरा नं. 1373, 4035/1375,1378,1428,1429,1478,4037/1479,1480,4039/1481 में स्थित श्री विनायक नगर आवासीय कॉलोनी में EWS एवं LIG के भूखण्डो का आवंटन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किया जाना है। आवंटित किये जाने वाले भूखण्डों का विवरण निम्न प्रकार है:

| क्र.सं. | योजना का नाम | EWS भूखण्डों की सं. | LIG भूखण्डों की सं. | कुल भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री विनायक नगर | E1 से E100 (स्वीकृत प्लानानुसार) | L1 से L38 (स्वीकृत प्लानानुसार) | 138 |

अतः उपरोक्तानुसार EWS एवं LIG का आवंटन जरीये लॉटरी प्रकिया से किया जाना है। उक्त भूखण्डो एवं दुकानो हेतु आवंटन फॉर्म पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 04.04.2025 तक नगरपालिका कार्यालय में जमा करवाने होंगे। प्राप्त आवेदनो की जांच में सही पाये गये योग्य आवेदको की लॉटरी पालिका कार्यालय में आवेदको के समक्ष खोली जायेगी। लॉटरी खोले जाने की सूचना आवेदको के आवेदन पत्र में लिखित मोबाइल / दुरभाष पर दी जायेगी।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बाली



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, शिवगंज, जिला सिरोही**

क्रमांकः न.पा.शि./भूमि/2024-25/6513 — दिनांक : 07.03.2025

**|| आपत्ति विज्ञप्ति पत्र ||**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक द्वारा निम्नानुसार नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जो निम्न प्रकार है।

| क्र. स. | ऑनलाईन आवेदन क्रमांक | आवेदक का नाम व पता | आवेदित स्थल | भूखंड की चतुर्दशी | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | LSG/SHEO/GANJ/MUT/2024-25/119521 | श्रीमती संतोष देवी पत्नि श्री प्रकाश चन्द गोयल, जाति-अग्रवाल, निवासी- झण्डा वाली वास छावणी शिवगंज, जिला-सिरोही (राज) | झण्डावाली वास छावणी शिवगंज, | उ. : श्री नरेन्द्र कुमार/ भंवरलाल जी का मकान स्थित है। द. : श्री सत्यनारायण/ गोपीलालजी गोयल मकान स्थित है। पू. : आम रास्ता स्थित है। प. : गली स्थित है। | 1000.00 वर्गफीट अर्थात 92.90 वर्गमीटर |

आवेदक को उक्त सम्पत्ति प्रकाशचन्द्र पुत्र स्व. श्री श्यामलालजी से जरिये वसीयत नामा से प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति विशेष को भी इस भूमि/भवन के नामान्तरण बाबत् आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष 07 दिवस के भीतर-भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात् उपविभाजन की कार्यवाही की जावेगी एवं किसी भी प्रकार की आपत्ति को स्वीकार कर आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह सूचना आज दिनांक 07-03-25 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, शिवगंज



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग वृत्त-सिरोही**

Phone No. 02972-220131 Fax No. 02972-225407
1.-Mail ID vecircle.sir.phed' rajasthan.gov.in

क्रमांक अअ/जनस्वा./ वृ.सि./अ. सिरोही / 2024-25/3276 — दिनांक :- 11/03/2025

:-निविदा सूचना 38/2024-25:- 11.03.2025
(NIB No PHE2425A5244)

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, वृत कार्यालय सिरोही में निम्नलिखित कार्यो के लिए जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं केन्द्र / राज्य सरकार के अधिकृत विभागों / संगठनों, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संचार विभागों में उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत जो उपयुक्त पात्रता रखते हैं, संवेदको से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in/ से डाउनलोड किये जा सकते है एवं इस वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन इलेक्ट्रॉनिक फॉरमेट में प्रस्तुत की जानी है। विस्तृत सूचना एवं पात्रता की शर्ते वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। कोई भी कारण बताये बिना निविदा निरस्त एवं आगे बढ़ाने के समस्त अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित हैं। ऑन लाईन ई चालान की सूचना इस कार्यालय के ई मेल पर भिजवाये जाने के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| निविदा संख्या | निविदा से 38/2024-25 के लिये दिनांक | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 11.03.2025 से 25.03.2025 मध्याह्न पश्चात् 2 बजे तक | On Online Eproc |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25.03.2025 दोपहर 2 बजे तक | On Online Eproc |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25.03.2025 दोपहर 2 बजे तक | On Online Eproc |
| भौतिक रूप से निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क जमा कराने की तिथी | 25.03.2025 सांय 6 बजे तक | On Office SE PHED Circle Sirohi |
| प्री क्वालिफिकेशन बीड खोलने की तिथी एवं समय | 26.03.2025 दोपहर 2.00 बजे | On Online Eproc |

| NIT NO | UBN No |
|---|---|
| 38/2024-25 | PHE2425WSOB11515 |

DIPR/C/3807/2025

(भोमाराम)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा.अभि. विभाग वृत्त-सिरोही



**फॉर्म नं. आयएनसी – २६**

(कंपनी (संस्थापन) नियम, २०१४ के नियम ३० के तहत)

क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिम क्षेत्र, अहमदाबाद, गुजरात के समक्ष
कंपनी कानून, २०१३ के अनुच्छेद १३ के मामले मेंम
और
एनव्हायरोस्कील्स अकॅडमी प्रा. लि. के मामले में
इनके पंजीकृत कार्यालय का पता :
शिवकृपा २५, न्यू अरविंद नगर, बोहरा गणेश रोड, सुंदरवास, उदयपूर, राजस्थान, भारत – ३१३००१.
और
एनव्हायरोस्कील्स अकॅडमी प्रा. लि. के मामले में
...... याचिकाकर्ता

**सूचना**

सूचना दी जा रही है कि, कंपनी का पंजीकृत कार्यालय **"राजस्थान राज्य से गोवा राज्य"** में परिवर्तित किया जाने हेतु दि. ०३.०३.२०२५ को आयोजित विशेष आम सभा में मंजूर विशेष प्रस्ताव की शर्तो के तहत कंपनी के संस्थापन प्रलेख में बदलाव की निश्चिती हेतु याचिकाकर्ता कंपनी कानून, २०१३ के अनुच्छेद १३ के तहत कंपनी केंद्र सरकार के पास आवेदन करने इच्छुक है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित बदलाव के कारण किसी भी व्यक्ति के हित को बाधा पहुंचती हो तो वे अपने हित का स्वरूप और विरोध की पार्श्वभूमी बयान करने वाले प्रतिज्ञापत्र के साथ अपनी आपत्ति इस सूचना के विज्ञापित होने की तिथि से **२१ दिनों के भीतर** क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिम क्षेत्र, पता आरओसी भवन, रूपल पार्क सोसायटी के सामने, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद - ३८००१३, गुजरात इस पते पर भेजें जिसकी एक कापी आवेदक कंपनी के पास निम्न निर्देशित पंजीकृत कार्यालय में भेजें:

**शिवकृपा २५, न्यू अरविंद नगर, बोहरा गणेश रोड, सुंदरवास, उदयपूर, राजस्थान, भारत – ३१३००१.**

एनव्हायरोस्कील्स अकॅडमी प्रा. लि. के लिए
एवं उनकी ओर से
हस्ता/-

रिषी श्रीवास्तव, निदेशक, डीआईएन : ०८६६६५६९ — पता : डी – ९७, हरिहर नगर, इंदिरा नगर, उत्तर प्रदेश – २२६०१६, भारत.

नीलेश कुमार मिश्रा, निदेशक, डीआईएन : ०८६६६५३४ — पता : २५ शिवकृपा न्यू अरविंद नगर, उत्तर सुंदरवास, उदयपूर, आईस फैक्टरी के पीछे, उदयपूर, राजस्थान- ३१३००१, भारत.



**कार्यालय नगरपालिका पिण्डवाडा, जिला-सिरोही (राज.)**

क्रमांक / न.पा.पि. / स्टोर / 2025-26 / 8528 — दिनांक :- 17.03.2025

**-: निविदा सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका पिण्डवाडा के वर्ष 2025-26 के लिये निम्नांकित सामग्री / सेवाओं हेतु सीलबंद वार्षिक निविदाये उनके आगे अंकित दिनांक के अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक को टेण्डर कोपी दोपहर 12.00 बजे तक बेची जाकर निविदा दिनांक दोपहर 1.00 बजे तक प्राप्त की जाकर सांय 04 बजे कमेटी के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. सं. | नाम सामग्री | अनुमानित व्यय राशि | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | निविदा दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्युटर ऑपरेटर कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 26.03.2025 |
| 2 | कम्प्युटर सामग्री | 04.90 लाख | 200/- | 9800/- | 26.03.2025 |
| 3 | कम्प्युटर मरम्मत कार्य | 04.90 लाख | 200/- | 9800/- | 26.03.2025 |
| 4 | स्टेशनरी सामग्री क्रय कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 26.03.2025 |
| 5 | लाईट माईक डेकोरेशन व एलईडी वॉल कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 26.03.2025 |
| 6. | बिजली सामग्री क्रय कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 26.03.2025 |
| 7. | आर.ओ.वॉटर कार्य | 04.50 लाख | 200/- | 9000/- | 26.03.2025 |
| 8. | होडिंग्स / बैनर प्रिन्टिग कार्य | 04.50 लाख | 200/- | 9000/- | 26.03.2025 |
| 9. | फर्नीचर सामग्री क्रय / मरम्मत कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 01.04.2025 |
| 10. | जेसीबी चलन कार्य | 24.90 लाख | 400/- | 49800/- | 01.04.2025 |
| 11. | टेंट व्यवस्था कार्य | 24.90 लाख | 400/- | 49800/- | 26.03.2025 |
| 12. | रैन बसेरा रख रखाव कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 26.03.2025 |
| 13. | राष्ट्रीय पर्वो पर ईनाम / मोमेन्टो प्रशस्ति पत्र, आमत्रंण पत्र इत्यादि आवश्यक कार्य | 04.90 लाख | 200/- | 9800/- | 26.03.2025 |
| 14. | विडियो / फोटोग्राफी कार्य | 4.90 लाख | 200/- | 9800/- | 26.03.2025 |
| 15. | फोटोकॉपी कार्य | 4.90 लाख | 200/- | 9800/- | 26.03.2025 |
| 16. | उधान रख रखाव कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 26.03.2025 |
| 17. | डीडीटी पाउडर व फिलाईल तथा ऐसीड सप्लाई कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 26.03.2025 |
| 18. | रोड लाईट रखरखाव कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 26.03.2025 |
| 19 | राष्ट्रीय पर्व एंव अन्य कार्यक्रम में जलपान व्यवस्था कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 26.03.2025 |
| 20 | वाहन मरम्मत कार्य | 09.90 लाख | 400/- | 19800/- | 26.03.2025 |
| | NIB CODE | DLB2425A6629 | | | |

**शर्ते** :- 1. डाक द्वारा प्रेषित निविदामान्य नही होगी, 2. पंजीकृत फर्मो की निविदा ही मान्य होगी, 3. सम्बंधित वस्तु / सामग्री विक्रेता फर्म ही निविदा में भाग लेने हेतु अधिकृत होगा / मान्य रहेंगे। 4. सशर्त निविदामान्य नही होगी, 5. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा, 6. निविदा में जारी शर्तो में संशोधन का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा, 7. अन्य शर्ते कार्यालय कार्य समय में नगर पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा वेबपोर्टल sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती हैं।

राज.संवाद / सी / 24 / 13568 — प्रशासक, नगरपालिका पिण्डवाडा — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका पिण्डवाडा

## सुविचार

किसी को दुख पहुंचाने से पहले ये ज़रूर सोचे कि अगर आपके साथ वैसा कोई करता तो क्या होता।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़

विद्यार्थी सालभर लगातार मेहनत कर अपनी परीक्षा की तैयारियां करते हैं। लेकिन परीक्षा के ऐन वक्त पर पेपर लीक न सिर्फ उनकी तैयारियों एवं उत्साह पर पानी फेर देता है, बल्कि उनके मनोबल को तोड़ने का भी काम करता है। पेपर लीक विद्यार्थियों के भरोसे को तो तोड़ता ही है, मन में यह धारणा भी भर सकता है कि जिन परीक्षार्थियों ने परीक्षा परिणाम में बेहतर अंक पाए हैं, वो क्या सचमुच इसके हकदार थे, या उन्होंने धांधली करके किसी मेहनती एवं लायक विद्यार्थी का हक छीना है। फिर एक बार हिमाचल प्रदेश बोर्ड के कक्षा 12वीं अंग्रेजी का पेपर लीक होने की भनक लगते ही राज्य में अंग्रेजी का पेपर रद्द कर दिया गया है। इस घटना ने फिर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच चिंता पैदा कर दी है। बोर्ड ने बताया कि 7 मार्च को गुमनाम शिकायत मिली थी कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, चौवाड़ी, जिला-चम्बा में गलती से कक्षा 12वीं अंग्रेजी का पेपर तारीख और समय से पहले खोल दिए गए हैं जिससे पेपर लीक होने का खतरा पैदा हो गया है। जांच के दौरान बोर्ड ने "एग्जाम मित्र ऐप" से मिले वीडियो सबूतों का सहारा लिया। यह ऐप बोर्ड ने इस साल पहली बार परीक्षा की निगरानी के लिए शुरू किया था। वीडियो क्लिप्स से यह पुष्टि हुई कि चौवाड़ी स्कूल में प्रश्नपत्र समय से पहले खोला गया था। इसके बाद बोर्ड ने सख्त कदम उठाते हुए पूरे राज्य में अंग्रेजी की परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। इस फैसले से हजारों विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं, जो अपनी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे थे। यह पहला मौका है जब "एग्जाम मित्र ऐप" के जरिए ऐसी घटना पकड़ी गई है। बोर्ड का कहना है कि वह भविष्य में परीक्षा प्रक्रिया को और मजबूत करेगा ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। हालांकि यह न तो पहला मौका है और यकीनन आखिरी भी नहीं। इससे पहले राजस्थान में पेपर लीक का मामला अभी तक छाया हुआ है जिसके आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ये सच है कि पेपर लीक से देश के लगभग सभी राज्यों की सरकारें दो-चार होती रहीं हैं। इससे निपटने के लिए भी राज्य सरकारें लगातार प्रयासरत रहती हैं। लेकिन यह भी सोलह आने सच है कि पेपर लीक में सक्रिय गिरोह भी राज्य सरकारों के साथ तू डाल-डाल, मैं पात-पात वाला खेल खेलते रहते हैं। वैसे अधिकांश स्थानों पर यह भी देखा जाता है कि इस खेल में काफी बड़े-बड़े दिग्गजों की मिली भगत रहती है। एक पेपर लीक से जहां असामाजिक तत्व करोड़ों के वारे-न्यारे करते हैं तो वहीं राज्य सरकार को इससे काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। पेपर लीक हरेक स्तर पर एक अक्षम्य अपराध है जिसमें समय के साथ ही विद्यार्थियों को भी आर्थिक एवं मानसिक नुकसान होता है। यह अपराध हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

### किसानों के खिलाफ

# पंजाब सरकार का अचानक बुलडोजर एक्शन



**लोकमित्र गौतम**

पिछले तेरह महीनों से शंभू और खनौरी बॉर्डर में जमे किसानों को 19 मार्च 2025 की शाम, पंजाब पुलिस ने अचानक जिस तरह बुलडोजर एक्शन के जरिये हटाया है, उससे पूरे पंजाब में बवाल मचा हुआ है। इन पंक्तियों के लिखे जाने के समय पूरे प्रदेश में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर पुलिस और किसान आमने सामने थे। किसान जगह-जगह हाईवेज पर धरना देने की कोशिश कर रहे हैं। 20 मार्च को दोपहर 2.30 बजे तक 4 जगहों पर पुलिस और किसानों के बीच झड़पें हो चुकी थीं। इस बीच शंभू बॉर्डर का पंजाब से हरियाणा जाने वाला हिस्सा 13 महीनों बाद खोल दिया गया था। डीआईजी हरमनबीर गिल ने मीडिया से कहा है कि लोग अब यहां से जा सकते हैं। दोपहर करीब 2.45 बजे अब अंबाला से राजपुरा जाने वाली साइड खोली जा रही थी। इस दौरान जगह-जगह किसान इकट्ठा हो रहे हैं और उनके द्वारा आरपार की लड़ाई, लड़ने की बातें कही जा रही हैं।

इमेज

इसी बीच पुलिस ने किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को पंजाब में आर्मी के कंट्रोल वाले जालंधर कैंट के पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया है। उन्हें 19 मार्च की दोपहर हिरासत में लिया गया था, जिसके बाद पहले जालंधर सिटी के पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया था। पंजाब में मोगा, मुक्तसर के गिद्दड़बाहा, फरीदकोट और बठिंडा के रामपुरा फूल इलाकों में किसान जिस तरह पुलिस से आरपार झड़प कर रहे थे, उससे लगता है कि किसान पंजाब सरकार के इस अचानक एक्शन से सकते में हैं। मोगा में किसानों ने डीसी ऑफिस को जिस गुस्से में घेरने की कोशिश की और पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ा उसे देखकर डर लग रहा है कहीं किसानों और पुलिस के बीच पूरे पंजाब में खूनी झड़पें न हो जाए। हालांकि फिलहाल पुलिस काफी नरमी बरत रही है लेकिन माहौल बिगड़ने में देर नहीं लगती। मुक्तसर के गिद्दड़बाहा में भी किसानों ने बठिंडा-गंगानगर हाईवे पर जाम लगाने की कोशिश की जहां पुलिस को लाठीचार्ज करने के लिए मजबूर होना पड़ा। यहां पुलिस ने सैकड़ों किसानों को हिरासत में ले लिया है। बठिंडा के रामपुरा फूल में किसानों ने एक घंटे तक हाईवे जाम का दिया। लेकिन अंततः बल प्रयोग के जरिये पुलिस ने उन्हें हाईवे से खदेड़ दिया जबकि रोड पर खड़े किए गए किसानों के ट्रैक्टरों को धक्का देकर किनारे कर दिया। फरीदकोट में भी पुलिस और किसानों के बीच खूब धक्का-मुक्की हुई है, लेकिन अंततः पुलिस ने किसानों को हाईवे से हटाकर कईयों को हिरासत में लिया। सवाल है कल तक खुद को किसानों की हमदर्द बता रही भगवंत मान सरकार ने आखिर अपने घोषित स्टैंड से इस तरह यू-टर्न क्यों लिया? भगवंत मान ही नहीं आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल तो पार्टी बनाने के दिनों से खुद को किसानों के पैरोकार बताते रहे हैं, लेकिन अचानक उन्हीं किसानों के विरुद्ध पंजाब सरकार का यह बुलडोजर एक्शन, आखिर माजरा क्या है? केवल भगवंत मान का ही नहीं, किसानों को लेकर पंजाब सरकार का यह एक्शन समूची आम आदमी पार्टी का किसानों को लेकर





रुख हैरत में डालता है। इससे किसान तो नाराज हैं ही, विपक्षी राजनीतिक पार्टियां भी आप के विरुद्ध हमलावर हो गई हैं। इन सब वजहों से बार बार जेहन में यह बड़ा सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर पंजाब सरकार ने किसानों के मामले में अचानक ऐसा रुख क्यों अख्तियार किया। पंजाब सरकार का यह अप्रत्याशित एक्शन 19 मार्च 2025 को तब शुरू हुआ जब लंबे अर्से से अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को पंजाब पुलिस ने हिरासत में ले लिया। डल्लेवाल के साथ ही किसान मजदूर मोर्चा के प्रमुख सरवन सिंह पंढेर तथा दूसरे करीब एक दर्जन किसानों को भी मोहाली में हिरासत में ले लिया गया। यह ठीक वही समय था जब किसान चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के प्रतिनिधिमंडल के साथ बेनतीजा बैठक के बाद लौट रहे थे। किसानों के खिलाफ पंजाब सरकार की यह कार्यवाही हैरान करती है, लेकिन जानकारों का मानना है कि अचानक नहीं हुआ बल्कि किसानों के साथ 3 मार्च को हुई एक मीटिंग के बाद ही भगवंत मान का रुख पूरी तरह बदल गया था जिसका बड़ा नतीजा था यह बुलडोजर एक्शन। हालांकि यही सरकार पहले कोर्ट में कह चुकी थी कि किसानों के खिलाफ कार्रवाई होगी, तो देशभर में अराजकता फैल जाएगी। मगर पिछले कुछ दिनों से पंजाब सरकार के कई मंत्री जिसमें एक हरपाल सिंह चीमा भी थे कि पंजाब सरकार शंभू और खनौरी बॉर्डर को खोलना चाहती है... किसानों को दिल्ली या कहीं और जाकर विरोध प्रदर्शन करना चाहिए... क्योंकि, वे अपनी मांग केंद्र सरकार से कर रहे हैं। मार्च के शुरू में पंजाब सरकार और किसान नेताओं की एक मीटिंग भी हुई थी, लेकिन, कोई नतीजा नहीं निकला था। करेले में नीम की स्थिति यह हुई कि किसान अपनी मांगों को लेकर चंडीगढ़ के घेराव पर अड़ गए जबकि भगवंत मान ऐसा करने से मना कर रहे थे। मीटिंग में कई मुद्दों पर किसान नेताओं और मुख्यमंत्री में बहस भी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक़ भगवंत मान नाराज हो गए।' भगवंत मान के जाने के एकाध दिन बाद ही पंजाब में पंजाब पुलिस की छापेमारी शुरू हो गई। कई किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया गया, भगवंत मान ने मीडिया से साफ़ शब्दों में यह कहा 'हां, हम उन्हें हिरासत में लेंगे... क्योंकि हम किसानों को पटरियों और सड़कों पर बैठने की अनुमति नहीं देंगे... मुझे पंजाब के तीन करोड़ लोगों का ध्यान रखना है।' ये सब देखकर लग रहा कि कहीं किसान भगवंत मान के गुस्से और निजी खुन्नस का शिकार तो नहीं हो रहे हैं? या पंजाब में किसानों के खिलाफ मौजूद कार्यवाही आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर हो रही है। अगर पंजाब सरकार मानती है कि किसानों की मांगें केंद्र सरकार से जुड़ी हैं, तो फिर उसे ये एक्शन पहले ही करना चाहिए था। पिछले 13 महीनों से इतंजार किस बात का कर रही थी। क्या पंजाब के मुख्यमंत्री निजी तौरपर किसी खास रणनीति के तहत कुछ कर रहे हैं? सियासी हल्के में एक खबर यह चल रही है कि किसानों के खिलाफ पुलिस एक्शन की एक वजह लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव है। कहते हैं केजरीवाल को लुधियाना के व्यापारियों से फीडबैक मिला था कि अगर किसानों का जमावड़ा नहीं हटा तो वे आम आदमी पार्टी को वोट नहीं देंगे, क्योंकि उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। मगर क्या अरविंद केजरीवाल उस चुनाव के लिए अभी से किसानों की नाराजगी मोल लेंगे, जिसके बारे में ये अभी ये नहीं मालूम कि चुनाव कब होगा? कहीं इस एक्शन का कारण लगा लिया गया यह अनुमान तो नहीं है कि बिहार विधानसभा चुनाव के साथ लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव कराया जाएगा? जैसी हड़बड़ी में पंजाब सरकार ने किसानों के खिलाफ एक्शन लिया है, उससे दाल में कुछ काला तो जरूर नजर आ रहा है।

## पंचांग

शुक्रवार, 21 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| ● विक्रम संवत् | - 2081 |
| ● शक संवत् | - 1946 |
| ● ऋतु | - वसंत |
| ● माह | - चैत्र |
| ● पक्ष | - कृष्ण |
| ● तिथि | - सप्तमी 28.25 तक |
| ● वार | - शुक्रवार |
| ● नक्षत्र | - ज्येष्ठा 25.46 तक |
| ● योग | - सिद्धि 18.41 तक |
| ● करण | - विष्टि 15.39 तक |
| ● सूर्योदय | - 06.43 (मुंबई) |
| ● सूर्यास्त | - 06.48 (मुंबई) |
| ● सूर्योदय | - 06.43 (भीनमाल) |
| ● सूर्यास्त | - 06.52 (भीनमाल) |
| ● चंद्र राशि | - वृश्चिक 25.46 तक |
| ● अभिजित् मुहूर्त | - 12.21 से 13.10 |
| ● राहु काल | - 11.15 से 12.46 |
| ● व्रत, त्यौहार | - शीतला सप्तमी, बासोड़ा, बिच्छुड़ा 25.46 तक, रवियोग 25.46 तक, भद्रा 15.39 तक |
| ● दिशा शूल | - पश्चिम |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## बासोड़ा : बासी भोजन का वैज्ञानिक और धार्मिक कारण

शीतला सप्तमी का पर्व पारंपरिक रूप से बासोड़ा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन घरों में एक दिन पहले बनाए गए भोजन का भोग शीतला माता को अर्पित किया जाता है और फिर परिवार के सभी सदस्य इसे ग्रहण करते हैं। मान्यता है कि इस दिन बासी भोजन खाने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और चेचक जैसी बीमारियों से बचाव होता है। शीतला माता के हाथों में सूप, झाड़ू, नीम के पत्ते और कलश होते हैं। सूप और झाड़ू को स्वच्छता का प्रतीक माना जाता है, जिससे घर और वातावरण की शुद्धि का संदेश मिलता है। कलश में मौजूद शीतल जल शांति और ठंडक का प्रतीक है, जबकि नीम के पत्तों को प्राकृतिक एंटीबायोटिक के रूप में जाना जाता है, जो संक्रमण से बचाव करता है। गर्मी के मौसम में रखा हुआ भोजन जल्दी खराब हो जाता है और उसमें फफूंद उत्पन्न होने लगती है, जिसे वैज्ञानिक पेनिसिलिन कहते हैं। यह शरीर में जाने के बाद रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसी कारण पुराने समय में इसे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता था। हालांकि, बदलते समय के साथ इस परंपरा का वैज्ञानिक आधार कमजोर हुआ है, लेकिन धार्मिक महत्व आज भी बरकरार है। इस पर्व की तैयारियां एक दिन पहले ही शुरू हो जाती हैं। महिलाएं विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाती हैं और अगली सुबह शीतला माता को भोग लगाकर परिवार के सभी सदस्य प्रसाद के रूप में इन्हें ग्रहण करते हैं। इस दौरान शीतला माता और ओरी माता की पूजा की जाती है, और घरों में माता के भजन गाए जाते हैं। हिंदू धर्म में शीतला माता को रोगनाशिनी देवी माना जाता है। मान्यता है कि माता की पूजा करने से चेचक, खसरा, फोड़े-फुंसी और गर्मी से होने वाली अन्य बीमारियों से बचाव होता है। इस दिन विशेष रूप से माता के गीत गाए जाते हैं, बासोड़ा का भोग लगाया जाता है और परिवार के लोग मिलकर कथा सुनते हैं।

## तारीख विशेष

### विश्व कठपुतली दिवस

विश्व कठपुतली दिवस प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है। 'कठपुतली' का खेल अत्यंत प्राचीन नाटकीय खेल है, जो समस्त सभ्य संसार में प्रशांत महासागर के पश्चिमी तट से पूर्वी तट तक-व्यापक रूप प्रचलित रहा है। यह खेल गुड़ियों अथवा पुतलियों (पुत्तलिकाओं) द्वारा खेला जाता है। गुड़ियों के नर मादा रूपों द्वारा जीवन के अनेक प्रसंगों की, विभिन्न विधियों से, इसमें अभिव्यक्ति की जाती है और जीवन को नाटकीय विधि से मंच पर प्रस्तुत किया जाता है। कठपुतलियां या तो लकड़ी की होती हैं या पेरिस-प्लास्टर या काग़ज़ की लुग्दी से बनाई जाती हैं। उसके शरीर के भाग इस प्रकार जोड़े जाते हैं कि उनसे बंधी डोर खींचने पर वे अलग-अलग हिल सकें। कुछ समय पहले तक लोग कठपुतली कला को केवल मनोरंजन का एक साधन मानते थे परंतु अब यह कला करियर का रूप लेती जा रही है। अब यह मनमोहक कला भारत के साथ-साथ विदेशों में भी लोकप्रिय होती जा रही है। भारत में कठपुतली भारत में कठपुतली नचाने की परंपरा काफ़ी पुरानी रही है। धागे से, दस्ताने द्वारा व छाया वाली कठपुतलियां काफ़ी प्रसिद्ध हैं और परंपरागत कठपुतली नर्तक स्थान-स्थान जाकर लोगों का मनोरंजन करते हैं। इनके विषय भी ऐतिहासिक प्रेम प्रसंगों व जनश्रुतियों के लिए जाने जाते हैं। इन कठपुतलियों से उस स्थान की चित्रकला, वस्तुकला, वेशभूषा और अलंकारी कलाओं का पता चलता है, जहाँ से वे आती हैं। रीति-रिवाजों पर आधारित कठपुतली के प्रदर्शन में भी काफ़ी बदलाव आ गया है। अब यह खेल सड़कों, गली-कूचों में न होकर फ्लड लाइट्स की चकाचौंध में बड़े-बड़े मंचों पर होने लगा है। राजस्थान की कठपुतली काफ़ी प्रसिद्ध हैं। यहां धागे से बांधकर कठपुतली नचाई जाती हैं। लकड़ी और कपड़े से बनीं और मध्यकालीन राजस्थानी पोशाक पहने इन कठपुतलियों द्वारा इतिहास के प्रेम प्रसंग दर्शाए जाते हैं। अमरसिंह राठौर का चरित्र काफ़ी लोकप्रिय है, क्योंकि इसमें युद्ध और नत्य दिखाने की भरपूर संभावनाएं हैं। इसके सा[illegible] सीटी-जिसे बोली कहते हैं- जिससे तेज धुन बजाई जाती है, प्रयोग की जाती है।

### विकसित रेल-विकसित भारत (भाग-1)

# "विश्व स्तरीय" से "श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ"



**एम. जमशेद**

भारतीय रेलवे, भारत की विकास कहानी का क्राउचिंग टाइगर, दुनिया की सबसे उल्लेखनीय और कम चर्चित कहानियों में से एक है कि कैसे बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के प्रति जागरूक सार्वजनिक नीति में रणनीतिक निवेश राष्ट्रीय विकास के लिए प्रभावशाली लाभांश हो सकता है। पिछले दशक (2014-2024) के दौरान भारतीय रेलवे ने जो प्रगति की है, वह विकास और प्रगति का स्वर्णिम काल हो सकता है, और यह प्रणाली आज विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रेलवे नेटवर्क में से एक है। इसके संदर्भ में, भारत की कहानी को क्या अलग बनाता है और इसे विकास के लिए समान महत्वाकांक्षा वाले देशों और क्षेत्रों के लिए एक सबक बनाता है? मुख्य बात एक सार्वजनिक नीति दृष्टिकोण था जिसे सबसे अच्छे ढंग से यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है कि रेलवे के लिए योजना भारत के साथ और भारत के लिए बनाई गई है। इसका मतलब यह चिन्हित करना था कि यह प्रणाली आम आदमी के लिए रेलवे के रूप में अपनी आवश्यक भूमिका में विश्व स्तरीय और किफायती बनी रहनी चाहिए, साथ ही भारत के 22.4 मिलियन लोगों के दैनिक प्रयासों के साथ-साथ, जो अपने आर्थिक जीवन का एक हिस्सा है।

इस सेवा का उपयोग करते हैं - और यह कि इसे एक ऐसी प्रणाली के रूप में समानांतर रूप से विकसित होना चाहिए जो भारत के उद्योग, वाणिज्य और 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती है। इसके लिए व्यापार करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता थी। अतीत में रेलवे अपनी धीमी विकास दर, आधुनिकीकरण और बुनियादी ढांचे की क्षमता संतृप्ति आदि के लिए आलोचना के घेरे में आया था। यह अभी भी उन लोगों से आता है जो पर्याप्त ज्ञान के बिना जानकारी प्राप्त किए पुरानी मानसिकता से चिपके हुए हैं जैसे कि नेटवर्क विकास की अक्सर 1950 के बाद से केवल 68000 किमी तक क्रमिक वृद्धि के लिए आलोचना की जाती है, बिना यह जाने कि लाइन क्षमता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बढ़ोतरी ट्रैक किलोमीटर की है जो आज 132000 किमी से अधिक हो गई है।


पिछले दशक के साथ इसके प्रदर्शन की दस साल की व्यापक तुलना इस बात को साबित करती है। 2014-2024 के दौरान, 2004-2014 के 14900 की तुलना में कुल 31000 किलोमीटर नए ट्रैक की स्थापना की गई है। इसी तरह कुल संचयी माल लदान 8473 मिलियन टन यानी 12660 मिलियन टन तक बढ़ गया तथा भारतीय रेल ने 8.64 लाख करोड़ के मुकाबले 18.56 लाख करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया। इसके साथ ही विद्युतीकरण के फलस्वरूप कार्बन फुटप्रिंट पर बचत 5188 किलोमीटर की तुलना में 44000 किलामीटर से अधिक हो गई है। पिछले दशक में शून्य के मुकाबले 2741 किमी लंबे विश्व स्तरीय डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण, लोको का उत्पादन 4695 से बढ़कर 9168 हो गया है और कोचों का निर्माण 32000 से बढ़कर 54000 हो गया। भारतीय रेल ने उत्पादकता और प्रदर्शन के सभी मापदंडों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रशासनिक व्यवस्था में प्रमुख सुधार मुख्य बजट के साथ रेलवे बजट के विलय के साथ आया, जिसे स्टीम एज माइंड सेट वाले कई बूमर्स अभी भी बिना किसी स्पष्ट कारण के याद करते हैं। रेलवे को वित्तीय कमी के कारण संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण स्वीकृत परियोजनाओं की बड़ी संख्या में लंबित थी, लेकिन पिछले दशक में जीबीएस में 8.25 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जबकि पिछले दस वर्षों में यह केवल 1.56 लाख करोड़ रुपए था। रेलवे जल्द ही श्रीनगर के लिए अपनी पहली ट्रेन चलाएगा, घाटी में सफर के लिए ट्रैक का निर्माण पूरा हो चुका है, इस रेल मार्ग में सबसे ऊंचे पुलों और विशाल पहाड़ों पर नेटवर्क को जोड़ने वाली सबसे लंबी रेल सुरंगों का निर्माण हो चुका है। भारतीय रेलवे अपनी निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए 100% विद्युतीकरण को प्राप्त करने वाला पहला प्रमुख रेलवे बनने वाला है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और कार्बन फुटप्रिंट में भारी कमी आएगी।

रेलवे नेटवर्क में टक्कर रोधी कवच का उपयोग भी यातायात रेलवे प्रणाली में सबसे बड़ा है। भारत मे संचालित रेलगाड़ियां भी 'विश्व स्तरीय' से आगे निकल रही हैं। भारतीय रेलवे ने घरेलू आवश्यकताओं के साथ उन्नत वैश्विक तकनीकों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया है, जिसका लक्ष्य संरक्षित, तेज, स्वच्छ और अधिक आरामदायक रेलगाड़ियां बनाना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय रेल सभी के लिए आसानी से उपलब्ध हो सके। भारतीय रेलवे अपने अनूठे बिजनेस मॉडल के साथ अपने माल ढुलाई राजस्व से यात्री परिहवन के मद के घाटे को वहन करती है और फिर भी लाभदायक बनी रहती है।

प्रमुख विकसित रेलवे प्रणालियां या तो निजीकृत कर दी गई हैं और उच्च टैरिफ तय करने के लिए स्वतंत्र हैं या अपने घाटे के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं, इसके विपरीत भारतीय रेलवे अपने सभी परिचालन और कार्य व्यय का ध्यान रखती है और अपने कैपेक्स के लिए सकल बजटीय सहायता प्राप्त करती है। अन्य साधनों से कड़ी प्रतिस्पर्धा और उत्पन मांग पर निर्भर होने के बावजूद, इसके राजस्व सृजन लक्ष्य साल दर साल रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज करते हुए सफलतापूर्वक हासिल किए जा रहे हैं। यह बात उन बुमर्स और 90 के दशक के बच्चों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है जो भारत में एक साधारण युग को याद करते हैं। "निर्यात गुणवत्ता" का लेबल लगाने वाली किसी भी चीज़ की कीमत प्रीमियम हुआ करती थी, जबकि सबसे अच्छे उत्पाद - जिन्हें विश्व स्तरीय कहा जाता था- वे यूरोप और अमेरिका के समृद्ध देशों के लिए आरक्षित थे। भारतीयों को अक्सर कुछ गलत सामाजिक-आर्थिक सोच की आड़ में घटिया सामान या सेवाएँ प्रदान की जाती थीं।

**(लेखक सीआरएफ में प्रतिष्ठित फेलो और रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य ट्रैफिक हैं)**

## गीता सार



**योगयुक्तो विशुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः।**
**सर्वभूतात्मभूतात्मा कुर्वन्नपि न लिप्यते**
**नैव किंचित्करोमीति युक्तो मन्येत तत्त्ववित्।**
**पश्यञ्श्रृण्वन्स्पृशञ्जिघ्रन्नश्नन्**
**गच्छन्स्वपञ्श्वसन्॥**

**हिंदी अर्थ –**

अपने मन को वश में करने वाला, जितेन्द्रिय, विशुद्ध अंतःकरण वाला और सभी प्राणियों को अपना आत्मरूप मानने वाला कर्मयोगी कर्म करता हुआ भी उससे लिप्त नहीं होता है। तत्त्व को जानने वाला यह माने कि मैं कुछ भी नहीं करता हूं। देखते हुए, सुनते हुए, स्पर्श करते हुए, सूंघते हुए, खाते हुए, चलते हुए, सांस लेते हुए।

## बोले तो...



भारत से सिर्फ ये समस्या है कि वह दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है। 2 अप्रेल से हम भी उन पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे, जितना वे लगाते हैं। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर उन देशों का मुकाबला करेगा, जो हमारे व्यापार को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

**- डोनाल्ड ट्रंप**



सदन में मोबाइल प्रतिबंध लगा दीजिए। यह पिछले पांच छह साल से शुरू हुआ। यही हाल रहा था तो 10 साल में धरती खत्म हो जाएगी। पहले तो हम खूब देखते थे। लेकिन जब जान गए कि गड़बड़ होने वाला है तो हम भी मोबाइल देखना छोड़ दिए।

**- नीतीश कुमार**



राजनीतिक भिन्नताएं हो सकती हैं, लेकिन किसी भी नेता को विदेशी यात्रा से पहले उस पर हमला नहीं करना चाहिए, क्योंकि वह नेता उस समय देश का प्रतिनिधित्व कर रहा होता है। विपक्ष मेरी छवि को खराब करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह के हमलों से सिर्फ देश की छवि को ही नुकसान होता है।

**- ममता बनर्जी**

## कुछ अलग | अजब गजब

# 39 शादियां करने वाला भारतीय मर्द, हर बीवी से किया प्यार, कुल 94 बच्चों का पिता

आपने अक्सर देखा-सुना होगा कि किसी शख्स ने एक से अधिक शादी कर ली होती है। ऐसे लोगों की लाइफ में मुसीबतें काफी अधिक होती है। जहां आम इंसान से एक बीवी नहीं संभाली जाती, वहीं कई बीवियों को रखना वाकई दिलेरी का काम होता है। लेकिन कुछ मर्द कई बीवियों को मैनेज करने में एक्सपर्ट होते हैं। लेकिन भारत के पूर्वी राज्य मिजोरम में रहने वाले जिओना चाना सबसे अलग हैं क्योंकि उन्होंने एक-दो-पांच-दस नहीं बल्कि कुल 39 शादियां कर रखी थीं। लेकिन सिर्फ ये शादियां ही आपको हैरान करने के लिए काफी नहीं है। इसमें सबसे अधिक हैरानी की बात ये थी कि जिओना की ये सारी बीवियां एक ही घर में रहती थीं वो भी एक साथ। इन्हें देखकर ऐसा लगता ही नहीं था कि ये सौतनें हैं। बहनों की तरह एक साथ ये सभी महिलाएं प्यार से रहती थीं। अब पति की मौत के बाद भी सारी सौतनें एक ही छत के नीचे रह रही हैं।

**बनाया था वर्ल्ड रिकॉर्ड**

भारतीय शख्स मिजोरम के जिओना चाना के नाम विश्व की सबसे बड़ी फैमिली का मुखिया होने का रिकॉर्ड दर्ज है। हालांकि, 2021 में जिओना की मौत हो गई थी। उसने अपने जीवनकाल में कुल 39 शादियां कीं, जिससे उसके 94 बच्चे हुए। उसका पूरा परिवार एक ही घर में रहता था। जहां दो सौतनों को



आपस में लड़ते-झगते देखा जाता है, वहां जिओना की सारी बीवियां एक ही छत के नीचे बड़े प्यार से रहती थीं। ऐसा लगता ही नहीं था कि इन्हें अपना पति बांटने में कोई आपत्ति नहीं थी।

सौ कमरों का मकान

39 बीवियों को रखने के लिए जुआना ने सौ कमरों का एक आलीशान घर बनवाया था। इसमें उसके सारे बच्चे भी साथ रहते थे। जहां कुछ लोगों का कहना है कि जुआना के 89 बच्चे थे वहीं कई जगह ये आंकड़ा 94 है। साथ ही उसके 36 नाती-पोते भी थे। इस घर का नाम चुआर थान रन है, जिसका मतलब होता है नए जमाने का घर। आपको बता दें कि जुआना की वजह से राज्य में कई टूरिस्ट्स भी आते थे। उन्हें इस बात को जानकर हैरानी होती थी कि भला इतनी सारी सौतनें एक साथ एक ही घर में कैसे रह सकती है। लेकिन जब लोग यहां आते तो सौतनों के बीच का प्यार देख हैरान रह जाते थे।

## पाठक पाती

### पर्व पर मर्यादा लांघते लोग

होली रंगों और सद्भाव का पर्व है, जो टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ने का अवसर देता है। यह उत्सव आनंद और मेल-मिलाप का प्रतीक है, लेकिन अफसोस की बात है कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति ने इसकी छवि को धूमिल कर दिया है। शराब और नशे के कारण त्योहार की गरिमा कम हो रही है, जिससे सभ्य लोग इससे दूरी बनाने लगे हैं। होली को लोग हुड़दंग से नशाखोरी की जद में ले आए हैं। युवा, जवान और यहां तक कि उम्रवय लोग भी होली को नशेबाजी का त्यौहार समझकर मदमस्त हो जाते हैं। इसी हालत में तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, जो न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक स्तर पर भी हानिकारक हैं। उत्तर प्रदेश में इस बार होली के दौरान तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने से 230 लोगों की जान चली गई। इसी तरह दिल्ली में होली के दिन शराब पीकर गाड़ी चलाने के सैकड़ों चालानी मामलों में बढ़ोत्तरी बड़ी ही चिंताजनक है। यह भी दुखद ही है कि त्योहार की आड़ में लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार बढ़ रहा है। जब तक लोग होली के वास्तविक महत्व और इसकी स्वस्थ्य परंपराओं को नहीं अपनाएंगे, तब तक यह बदनामी झेलता रहेगा।

**-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## मुख्यमंत्री ने ली विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

# जनकल्याणकारी योजनाओं का हो समयबद्ध क्रियान्वयन, आमजन को मिले लाभः सीएम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दिए है कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न विभागों की परियोजनाओं एवंयोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्ष 2024-25 में विभागवार निर्धारित की गई राशि का नियमानुसार एवं समुचित व्यय सुनिश्चित किया जाए।

### » राजस्थान दिवस पर लाभार्थियों को रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी सहित कई योजनाओं में डीबीटी से होगा हस्तांतरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बजट घोषणाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लोककल्याण से जुड़ी योजनाओं के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाए है, ताकि आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों का सुगमता एवं तत्परता से लाभ मिल सकें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सड़कों के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 करोड़ रुपए का फण्ड निर्धारित : दीया कुमारी

## बजट सत्र में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को सड़क निर्माण, एचपीवी वैक्सीन, सर्वाइकल कैंसर जांच और संकल्प पत्र में किए गए वादों पर अहम चर्चा हुई। आमेर विधानसभा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर विधायक प्रशांत शर्मा ने सवाल उठाया। इस पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 करोड़ रुपये का फंड निर्धारित किया गया है।



दीया कुमारी ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में सड़क की आवश्यकता है, तो विधायक इसकी जानकारी दें, हम उसे बनवाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण का निर्णय एक विशेष कमेटी द्वारा लिया जाता है, जो कलेक्टर की अध्यक्षता में कार्य करती है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार से सवाल किया कि क्या सड़क निर्माण केवल विधायक की अनुशंसा से होगा या कमेटी खुद भी निर्णय ले सकती है? इस पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने जवाब दिया कि यदि कोई सड़क खराब है और जरूरत है, तो कमेटी प्राथमिकता के आधार पर निर्णय लेकर निर्माण कार्य करेगी। विधायक व्यक्तिगत रूप से भी जानकारी भेज सकते हैं, हम निरीक्षण करवा कर काम करवाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी विधायकों की सिफारिशों को प्राथमिकता दी जाएगी, भले ही वे किसी भी पार्टी से हों।

### गर्भवती महिलाओं के देसी घी पर हंगामा

*विधानसभा में विधायक मनीष यादव ने सवाल किया कि सरकार ने संकल्प पत्र में प्रत्येक गर्भवती महिला को 5 लीटर देसी घी देने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक कई महिलाओं को यह लाभ नहीं मिला। इस पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने जवाब दिया कि प्रदेश के 6 जिलों- झुंझुनूं, जैसलमेर समेत कुछ अन्य स्थानों पर बीपीएल परिवारों की पहली डिलीवरी पर 3 लीटर घी दिया जा रहा है। डिलीवरी के बाद 2 लीटर और दिया जाता है। अन्य जिलों में बीपरीएल और जनजातीय गर्भवती महिलाओं को सरस का कूपन देकर 5 लीटर घी दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के कार्यकाल में अभी साढ़े तीन साल बाकी हैं और इस योजना को अधिक व्यापक बनाया जाएगा। वहीं, विधायक मनीष यादव और टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि सरकार इस मामले में गुमराह कर रही है और अभी तक सभी लाभार्थियों को यह सुविधा नहीं मिली। वहीं, इस पर चिकित्सा मंत्री ने सफाई दी कि संकल्प पत्र में कोई तिथि तय नहीं की गई थी। सरकार जल्द ही इस योजना को संपूर्ण रूप से लागू करेगी।*

# सीएम योगी का बड़ा एक्शन : आईएएस अभिषेक प्रकाश को किया सस्पेंड



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कड़ा एक्शन लिया है। आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश पांडेय को सस्पेंड कर दिया है। यह कदम डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण में भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद उठाया गया है। आईएएस अभिषेक प्रकाश लंबे समय तक लखनऊ के डीएम रह चुके हैं।

अभिषेक प्रकाश 2006 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में औद्योगिक विकास विभाग के सचिव और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ के पद पर कार्यरत थे। उनके पास कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी थी, ऐसे में उनके निलंबन से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। अभिषेक प्रकाश लंबे समय तक लखनऊ के जिला अधिकारी रह चुके हैं। उन पर लखनऊ के भटगांव में डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण के दौरान भ्रष्टाचार और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अनियमितताएं बरतने के आरोप लगे हैं। इस मामले में मुआवजे की प्रक्रिया में घोटाले की बात सामने आई है, जिसके चलते तत्कालीन डीएम रहे अभिषेक प्रकाश पर यह कड़ी कार्रवाई की गई है। इस भ्रष्टाचार मामले की गहन जांच की जा रही है।

# विधानसभाध्यक्ष से मिले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में गुरूवार को विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुलाकात की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, विधायक राजेन्द्र पारीक सहित अन्य विधायकगण मौजूद रहें।

# जयपुर में खाली प्लॉट के कोने में मिला नवजात बच्ची का शव

**जयपुर।** जयपुर में नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। खाली प्लॉट में शव को प्लास्टिक से लपेट कर फेंका गया था। मुहाना थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल केक मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

सीआई रामचन्द्र ने बताया- सांगानेर में रामपुरा रोड पर नारायण विहार सेकेंड स्थित खाली में नवजात बच्ची का शव मिला है। स्थानीय निवासी विनोद कुमार शर्मा ने शिकायत में बताया- मंगलवार शाम करीब 5.15 बजे वह छत पर कपड़े सुखाने गया था। उनके मकान के पीछे वाले मकान की छत पर कुछ औरतें खड़ी होकर झांक रही थी। औरतों से पूछने पर बताया कि खाली पड़े प्लॉट के कोने में नवजात बच्चे का शव पड़ा हुआ है। खाली प्लॉट में जाकर देखने पर प्लास्टिक में नवजात बच्ची का शव पड़ा मिला। नवजात का शव पड़ा होने का पता चलने पर कॉलोनी के लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस कंट्रोल रुम की सूचना पर मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए हॉस्पिटल की मुर्दाघर में भिजवाया।

# नारायण सिंह सर्किल बस स्टैण्ड किया जायेगा शिफ्ट

## ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेण्डों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिये गये। बैठक में महानिरीक्षक पुलिस (जेडीए), सचिव जेडीए, एडीशनल कमिशनर (टेऊेफिक), डीसीपी ट्रेफिक, आयुक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी परिवहन विभाग, जेडीए के अभियांत्रिकी निदेशक-प्रथम एवं द्वितीय, निदेशक आयोजना, अतिरिक्त मुख्य अभियंता-सदस्य सचिव टीसीबी, मुख्य सतर्कता अधिकारी नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज, राजस्थान आवासन मण्डल, मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन, स्मार्टसिटी, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, जेएमआरसी, नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज, रीको के अधिकारीगण एवं मुस्कान एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में बैठक में नारायण सिंह सर्किल बस स्टैण्ड को रोटरी सर्किल, ट्रांसपोर्ट नगर के पास उपलब्ध भूमि पर स्थानांतरित कर आगरा को जाने वाली बसों का आवागमन एवं बजरी मण्डी, दिल्ली रोड पर मण्डी के सामने रिक्त भूमि से दिल्ली को जाने वाली बसों का आवागमन 01 अप्रैल, 2025 से प्रारम्भ किया जायेगा।

बैठक में ई रिक्शाओ की बढ़ रही संख्या को दृष्टिगत रखते हुए ई-रिक्शा पर क्यूआर कोड स्टीकर लगवाए जाने हेतु निर्देश प्रदानकिए गए। क्यूआर कोड स्टीकर स्कैन करने पर ई रिक्शा से संबंधित सभी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे संबंधित ई रिक्शाओ नियंत्रण किया जा सकेगा। इस हेतु डीओआईटी द्वारा सिस्टम विकसित किया जाएगा। जयपुर शहर में पिछले वर्षों में कई नई कॉलोनी का विकास हुआ है तथा जनसंख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है एवं नगरीय सीमा में सार्वजनिक परिवहन वाहनों की कमी होने के कारण जयपुर नगरीय निजी बस सेवा में मिनी बसों की संख्या में बढ़ोतरी किया जाना आवश्यक हो गया है। बैठक में कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 16 मार्गो पर वर्तमान निर्धारित स्कोप वाहन संख्या में वृद्धि किए जाने का अनुमोदन किया गया।

नगरीय टेंपो (8 से 10 सीटर) के 8 मार्गो के चौपहिया वाहनों के स्कोप में वृद्धिकरण/स्कोप का निर्धारण किया गया है। इसके साथ ही नगरीय टेंपो मार्गो के वाहन, तिपहिया के स्कोप के स्थान पर चौपहिया वाहनों के स्कोप में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही ई रिक्शा के स्टैंड हेतु स्थान निर्धारित करने हेतु निर्णय लिया गया। बैठक में विभिन्न स्थानों पर यातायात संकेतक एवं नो पार्किंग बोर्ड कमेटी गठित कर लिये गये निर्णय उपरांत प्रमुख लगवाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यातायात के सुगम संचालन हेतु नो एंट्री के बोर्ड, स्पीड लिमिट के बोर्ड, यू टर्न निषेध संकट के बोर्ड, दुर्घटना संभावित क्षेत्र बोर्ड भारी वाहन प्रवेश निषेध बोर्ड, ट्रैफिक लाइट/ ब्लिंकर लाइट एवं रंबल स्ट्रिप इत्यादि कार्य कमेटी गठित कर करवाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही क्रेन हाउस यार्ड हेतु जविप्रा स्वामित्व की भूमि के उपयोग हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में शहर में हो रहे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने पर भी चर्चा हुई जिन्हें अभियान बनाकर हटवाये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में जयपुर शहर में सर्किलों को छोटा करने किए जाने के संबंध में कमेटी गठित कर प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार सर्किलों को छोटा करने के कार्यवाही की जाएगी। बैठक में डिवाइडर पर स्थाई रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने का कार्य किया जाएगा। कुछ स्थानों पर रोड मीडियन कट बंद करने पूर्व में लगे हुए स्थाई सीमेंट बैरिकेट्स के स्थान पर स्थाई मीडियन बनाने के निर्देश दिये। ट्रैफिक लाइट के सामने अवरोधको को हटाए जाने हेतु नगर निगम को निर्देश प्रदान किए गए। बस स्टैंड/रेलवे स्टेशन के आस पास अस्थाई स्थाई अतिक्रमणों को हटाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

# भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 208 वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न प्रकरणों पर विचार-विमर्श कर भूमि आवंटन करने का निर्णय लिया गया। जोन-6 में नगरीय कचरे के प्रबंधन में प्रयुक्त संसाधनों की पार्किंग व अग्निशामक केन्द्र हेतु ग्राम चरणनदी तहसील जयपुर में खसरा नं. 8 0 में नगरीय कचरे के प्रबंधन में प्रयुक्त संसाधनों की पार्किंग व अग्निषामक केन्द्र हेतु 1000 व.मी. भूमि नियमानुसार आवंटन हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।

जोन-11 में अधिषाषी अभियंता परियोजना खण्ड-द्वितीय (उत्तर), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान जयपुर को उच्च जलाषय के निर्माण हेतु अन्य स्थान पर नियमानुसार भूमि आवंटन करने का निर्णय लिया गया। जोन-11 में सामुदायिक केन्द्र, रेनवाल मांझी को जविप्रा की अनुमोदित योजना रोहिणी नगर-प्रथम के सुविधा क्षेत्र भूखण्ड क्षेत्रफल 126 19.29 वर्ग मीटर में से 4000 वर्गमीटर भूमि हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। शेष बची भूमि पर पार्क विकसित करने का निर्णय लिया गया। जोन-12 में जविप्रा की आवासीय योजना रजत विहार के बी ब्लॉक से प्रभावित 252 व.मी. (18 मीटर रोड) के 19 भूखण्ड, 252 व.मी.(9 मीटर) के 2 भूखण्ड एवं 45 व.मी. (12 मीटर रोड) के 10 भूखण्ड, 45 व.मी. (9 मीटर रोड) के 16 कुल 47 भूखण्डों को योजना के रिक्त भूखण्डों को लॉटरी के माध्यम से आवंटन करने का निर्णय लिया गया।

जोन-12 में जविप्रा की आवासीय योजना रघुनाथ विहार में जिला कलक्टर महोदय के स्कूल हेतु आवंटन से डी ब्लॉक के प्रभावित भूखण्ड संख्या डी-211 से डी-213, डी-215, डी-216 , डी-219, डी-226 , डी-228 से डी-230, डी-233, डी-234, डी-236 से डी-240, डी-243 से डी-246 , डी-248 , डी-249 कुल 23 भूखण्डों को योजना के रिक्त भूखण्डों का उप विभाजन पश्चात भूखण्ड लॉटरी के माध्यम से आवंटन करने का निर्णय लिया गया। योजना में डी ब्लॉक के 9 भूखण्डों का पूर्व में विनिमय किया जा चुका है।

जोन- 12 में ग्राम पंचायत दुर्जनियावास तहसील कालवाड के ग्राम सुदरियावास के खसरा नं. 29 रकबा 0.8 094 हैक्टेयर व खसरा नं. 28 रकबा 0.5944 हैक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 1.4038 हैक्टे. में से 10,000.00 व.मी. भूमि ठोस कचरा प्रबंधन, गैराज एवं फायर स्टेषन हेतु निमयानुसार भूमि आवंटन हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। जोन-13 में राजस्थान राज्य क्रिडा परिषद् द्वारा परिवर्तित बजट घोषणा 2024-25 के बिन्दु संख्या 6 5.2 में महाराणा प्रताप खेल विष्वविद्यालय हेतु ग्राम अचरोल, तहसील आमेर में जविप्रा की संषोधित अनुमोदित योजना साइंस टेक सिटी में भविष्य विस्तार हेतु आरक्षित क्षेत्रफल 1,94,073.48 व.मी. भूमि आवंटन हेतु प्रस्ताव पूर्व में ही राज्य सरकार को भिजवाया जा चुका है। जिसकी आज बैठक में कार्योत्तर स्वीकृति दी गई।

जोन-14 में मुख्य ब्लॉक षिक्षा अधिकारी चाकसू, जयपुर को जविप्रा स्वामित्व की भूमि ग्राम नरहरपुरा, तहसील चाकसू के खसरा नं. 38 रकबा 6 .17 हैक्टे. में से क्षेत्रफल 3000 व.मी. भूमि प्रस्तावित 18 मीटर व 12 मीटर सड़क पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, उदयपुरिया के भवन निर्माण हेतु नियमानुसार भूमि आवंटन करने निर्णय लिया गया। जोन- 14 में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा-माधोराजपुरा को जविप्रा योजना रोहिणी नगर-द्वितीय के सुविधा क्षेत्र में से 3000.00 व.मी. भूमि 18 -24 मीटर सड़क पर राजकीय विद्यालय ग्राम चांदावास को खेल मैदान के लिए नियमानुसार भूमि आवंटन करने का निर्णय लिया गया।

# मालवीय नगर से नकली सरस घी जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवम् ड्रग कंट्रोल राजस्थान के निर्देशानुसार प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने मालवीय नगर स्थित पार्वती किराना स्टोर पर कार्यवाही कर नकली सरस घी जप्त किया।



सीएमएचओ, जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया ने बताया कि जयपुर डेयरी से मालवीय नगर में नकली सरस घी बेचे जाने की सूचना पर टीम को भेजा गया। मौके पर पार्वती किराना स्टोर के प्रोपराइटर दिलीप कुमार से पूछताछ करने पर उसने बताया कि एक टेम्पो वाला घी सप्लाई करने आता है, उससे बिना बिल के सरस घी खरीदता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा डेयरी टीम के साथ मौके पर पकड़े गए सरस घी के डिब्बों की जांच करने पर एवं डेयरी के रिकॉर्ड से मिलान करने पर घी नकली पाया गया। दुकान पर एक लीटर के 10 पैकेट और आधा लीटर के 5 पैकेट बेचने के लिए रखे थे। दुकानदार ने बताया कि वह डिमांड के अनुसार 1-2 कार्टून लेता है।

दुकानदार ने सप्लाई करने वाले व्यक्ति को मोबाइल पर एक कार्टन घी लेकर आने के लिए कहा परन्तु वह नहीं आया और बहाने बनाता रहा। डेयरी प्रतिनिधि गजेन्द्रसिंह ने पुलिस थाना जवाहर सर्किल में पार्वती किराना स्टोर के प्रोपराइटर दिलीप कुमार के विरुद्ध नकली सरस घी बेचे जाने की एफ आई आर दी। मौके से सरस घी के नमूने लेकर शेष बचा घी (लगभग 15 लीटर) डेयरी प्रतिनिधि द्वारा एफ आई आर के साथ अग्रिम अनुसंधान के लिए पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।

## तीसरी बार बढ़ाई पंचायतों के पुनर्गठन की तारीख

### अब 30 मार्च तक प्रस्ताव तैयार करने के आदेश 4 जून तक पूरा होगा काम

**जयपुर।** राजस्थान में ग्राम पंचायत और पंचायत समितियों के पुनर्गठन के काम के बीच अब सरकार ने एक बार फिर इसकी तारीखों में परिवर्तन किया है। ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग ने एक आदेश जारी करके सभी जिला कलेक्टर्स को पुनर्गठन के प्रस्ताव तैयार करने की आखिरी तारीख को 25 मार्च से बढ़ाकर 30 मार्च कर दिया है। ये दूसरा मौका है, जब विभाग ने ये तारीख बढ़ाई है। इससे पहले विभाग ने 12 फरवरी को आदेश जारी करके इस समय-सीमा को 18 फरवरी से बढ़ाकर 25 मार्च तक किया था।

सूत्रों के मुताबिक पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर पिछले कुछ समय से लगातार जनप्रतिनिधि नाराज है। उनका आरोप है कि अधिकारी मनमर्जी से ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों का एरिया निर्धारित कर रहे है। इन शिकायतों को देखते हुए विभाग ने अब इसकी तारीख को 25 से बढ़ाकर 30 मार्च कर दिया है साथ ही इसमें जनप्रतिनिधियों और आमजन की राय को शामिल करते हुए प्रस्ताव तैयार करने के आदेश दिए है। इस नए आदेश के बाद अब प्रदेशभर में पंचायतों के पुनर्गठन का काम अप्रेल में पूरा होने के बजाए 4 जून तक पूरा होगा।

# जलवायु परिवर्तनः बारिश का पैर्टन बदला



## तेज बारिश बना रही धरती को बंजर

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में आए बदलावों से बारिश का पैटर्न बदला है। ऐसे में अचानक और तेज बारिश के चलते मिट्टी की उपजाऊ परत को नुकसान पहुंच रहा है। भारत सरकार की ओर से संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा मिट्टी की जांच, बारिश के पैटर्न, पूर्वानुमान और फसल उपज पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का आकलन करने के लिए सिमुलेशन मॉडल अध्ययन किए हैं। अध्ययन से पता चला कि वर्ष 2050 एवं 2080 तक मौसम में क्रमशः 4.9-10.1 से 5.5-18.9 फीसदी की रेंज में बढ़ोतरी का अनुमान है। वहीं इसी दौरान रबी के मौसम में 12-17 से 13-26 फीसदी के बीच बढ़ोतरी का अनुमान है।

बारिश में इस बढ़ोतरी से 2050 तक हर साल उपजाऊ भूमि से प्रति हेक्टेयर 10 टन उपजाऊ मिट्टी का नुकसान होगा। जलवायु परिवर्तन को देखते हुए वर्ष 2030 तक बंजर भूमि में 6 .7 मिलियन हेक्टेयर से 11 मिलियन हेक्टेयर तक की बढ़ोतरी का अनुमान है।

भारत सरकार के बंजर भूमि एटलस (2019) के मुताबिक देश में कुल 55.76 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि है। ये कुल भौगोलिक क्षेत्र का 16.96 प्रतिशत है। सरकार की ओर से संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक सरकार कृषि क्षेत्र पर जलवायु परिवर्तन के अनुमानित प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए कई तरह से तैयारी कर रही है। प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों एवं संवेदनशील जिलों एवं क्षेत्रों के लिए उपयुक्त जलवायु अनुकूल कृषि प्रौद्योगिकी विकसित की जा रही है। इसके तहत स्थान के आधार पर मिट्टी के पोषक तत्वों के प्रबंधन पर काम किया जा रहा है। वहीं अनुपूरक सिंचाई, सूक्ष्म सिंचाई, पानी की बेहतर निकासी, मृदा में सुधार आदि को बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल प्रोटोकॉल के मुताबिक कृषि में जोखिम और संवेदनशीलता का मूल्यांकन भी किया है। कुल 109 जिलों को अति उच्च और 201 जिलों को अत्यधिक संवेदनशील के तौर पर चिन्हित किया गया है। कुल 151 जिलों में कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से अनुकूल उपाय अपनाए जा रहे हैं। मौसम की अनियमित स्थिति से मुकाबला करने के लिए कुल 6 51 जिलों के लिए जिला कृषि आकस्मिकता योजना भी विकसित की गई है।

CMYK CMYK



# बोलेरो कैंपर-कार में भिड़ंत, 2 लोग जिंदा जले

**आमने-सामने की टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में लगी आग**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। बाड़मेर-जैसलमेर हाईवे पर कार सवार 2 लोग जिंदा जल गए। दोनों वैगन आर कार में सवार थे। बोलेरो कैंपर और वैगन आर के बीच आमने-सामने हुई टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई थी। बोलेरो में सवार 3 लोग घायल हैं। इनमें से 2 की हालत गंभीर है। इन्हें बाड़मेर रेफर किया गया है। हादसा बाड़मेर के शिव इलाके में सुबह करीब 6 बजे हुआ।





### दोनों गाड़ियों में आग लगी

■ शिव थाना इंचार्ज मनीष देव के अनुसार, गुरुवार को सुबह वैगन आर कार नेशनल हाईवे-68 पर बाड़मेर से जैसलमेर की तरफ जा रही थी। सामने से बोलेरो कैंपर गाड़ी आ रही थी। आगोरिया गांव फांटा के पास दोनों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इस घटना के बाद दोनों कारों में अचानक आग लग गई। कार में बैठे लो अंदर ही फंस गए। आग ने पलभर में ही विकराल रूप ले लिया और दो लोग जिंदा जल गए। हालांकि, इनकी पहचान नहीं हो पाई है। बोलेरो कैंपर में ड्राइवर सहित आगे की सीट पर बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे बैठे जेठनाथ को मामूली चोट आई हैं। जानकारी मिलने पर शिव पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार में जले दो शवों को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट कराया है। बोलेरो कैंपर में सवार खेतनाथ (25) पुत्र पोपटनाथ, मोडूनाथ (30) पुत्र पोपटनाथ, जेठनाथ (11) पुत्र मोडूनाथ निवासी झिझनीयाली, जैसलमेर घायल हैं। इसमें खेतनाथ और मोडूनाथ को बाड़मेर हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

### दो-तीन घंटे मशक्कत के बाद निकाला शव

शिव थाना इंचार्ज मनीष देव ने बताया कि कार के नंबरों के आधार पर मृतकों के पहचान की कोशिश की जा रही है। पता चला है कि मृतक गुजरात के रहने वाले थे। हालांकि, दो-तीन घंटे की मशक्कत के बाद गाड़ी से जले शवों को बाहर निकाला गया। शवों को देखकर लग रहा था कि दोनों लोगों ने गाड़ी से निकलने की पूरी कोशिश की,लेकिन नाकाम रहे।

# युवक पर फायरिंग करने वाला शूटर गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में फायरिंग कर कार सवार युवक को मारने की कोशिश के मामले में शूटर डेविल वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। शूटर के सरेंडर करने की भी बात सामने आ रही है, लेकिन पुलिस उसके नागौर में छुपे होने और वहीं से पकड़े जाने का दावा कर रही है। वारदात का मुख्य सूत्रधार छात्रनेता जेठू सिंह के दुबई में होने की बात सामने आ रही है। इस प्रकरण में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एक नाबालिग को संरक्षण में लिया गया है। मामले के अनुसार पावटा बी रोड पर स्थित हनवंत गार्डन के सामने 10 मार्च देर रात कार में जा रहे दिगंबर सिंह पर दो बदमाशों ने फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने छानबीन के बाद राकेश राणा और नवनीत को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेजा गया।




### हत्या कराने के लिए लाखों की डील

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि दिगंबर सिंह की हत्या की सुपारी देने में देवेंद्र सिंह उर्फ भमसा के माध्यम से लाखों रुपए की डील हुई थी। इसके अलावा जेठू सिंह के एक अन्य करीबी का नाम भी सामने आया था। फायरिंग करने के बाद दोनों आरोपियों को भगाने में तीसरे शख्स ने मदद की थी। बुधवार को पुलिस ने पृथ्वीपुरा निवासी डेविल वर्मा (25) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि वो फायरिंग करके पहले हरिद्वार और वहां से गंगानगर की बस से नागौर पहुंचा था।

### जेठू सिंह ने भागने से एक महीने पहले बनवाया पासपोर्ट

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच में सामने आया कि दिगंबर की हत्या की साजिश लंबे समय से रची जा रही थी। इसका मुख्य सूत्रधार जेठू सिंह था और उसने पूर्व नियोजित साजिश के तहत ही खुद दुबई भागने की प्लानिंग कर ली थी। उसने करीब एक महीने पहले अपना पासपोर्ट बनवाया। पुलिस वेरिफिकेशन में परेशानी नहीं आए, इसके लिए उसने जोधपुर से पासपोर्ट बनवाने के बजाय दूसरे जिले से पासपोर्ट बनवाया। ऐसे में पुलिस अब पासपोर्ट ऑफिस से भी उसके रिकॉर्ड निकलवाने में जुटी है।

# दो हजार का इनामी गिरफ्तार



**बालोतरा।** बालोतरा की बायतु पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मोटरसाइकिल जलाने और एससी-एसटी एक्ट के मामले में फरार चल रहे दो हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी शिवनारायण चौधरी के अनुसार, पीड़ित बिजाराम ने बायतु थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि किशनाराम और टीकमाराम ने घर के सामने खड़ी दो मोटरसाइकिलों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने जांच के बाद मुख्य आरोपी किशनाराम को गिरफ्तार कर न्यायालय की अभिरक्षा में भेज दिया। दूसरा आरोपी टीकमाराम फरार हो गया था। बालोतरा पुलिस अधीक्षक ने टीकमाराम की गिरफ्तारी के लिए दो हजार रुपये का इनाम घोषित किया। पुलिस टीम ने खुफिया जानकारी के आधार पर लगातार तलाश जारी रखी। अंततः डऊकियो की ढाणी, मातासर भूरटिया निवासी टीकमाराम पुत्र तेजाराम जाट को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में उप-निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल गोमाराम, कांस्टेबल चुतराराम, बाबूराम, जोगाराम और अजय की टीम शामिल रही।

# जोधपुर में बीएड कॉलेज की लेक्चरर रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ ACB टीम ने रंगे हाथों पकड़ा, स्टूडेंट की अटेंडेंस पूरी करने की एवज में मांगी थी घूस

**जोधपुर।** जोधपुर के एक निजी बीएड कॉलेज की लेक्चरर को ACB टीम ने 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी लेक्चरर ने एक स्टूडेंट की उपस्थिति पूरी करने और इंटर्नशिप के लिए रिलीविंग लेटर देने की एवज में रिश्वत मांगी थी। डीआईजी (एसीबी) हरेंद्र कुमार महावर ने बताया कि जोधपुर के एक निजी बीएड कॉलेज की फर्स्ट ईयर की छात्रा ने कॉलेज की लेक्चरर मीनाक्षी के खिलाफ 15 हजार रुपए की रिश्वत की शिकायत की थी। छात्रा ने बताया था कि लेक्चरर उससे कॉलेज में उपस्थिति पूरी करने और इंटर्नशिप के लिए रिलीविंग लेटर जारी करने की एवज में रिश्वत मांग रही है। शिकायत का सत्यापन कराने के लिए ट्रेप प्लान किया। ACB के एएसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ की अगुवाई में इंस्पेक्टर सुनीता कुमारी, एसआई किशन सिंह चारण सहित अन्य टीम ने जाल बिछाया। छात्रा ने जैसे ही लेक्चरर को 15 हजार दिए। ACB टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। ACB टीम छात्रा से संबंधित रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

# वॉकी-टॉकी से एमडी-स्मैक की तस्करी, हाईटैक गैंग का पर्दाफाश

**बाड़मेर।** बाड़मेर पुलिस ने किराए के मकान में रह रहे एमडी-स्मैक तस्करी की हाईटेक गैंग का पर्दाफाश किया है। गैंग के 2 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 12.01 ग्राम एमडी बरामद की है।

आरोपी एमडी-स्मैक सप्लाई चेन के रूप में काम करते थे। तस्करी के लिए गिरोह के लोग मोबाइल की जगह वॉकी-टॉकी सेट से बात करते थे, ताकि पुलिस की पकड़ में नहीं आए। पुलिस ने आरोपियों से मादक पदार्थ के लेन-देन शामिल अलग-अलग फोन-पे व गूगल-पे के स्कैनर भी जब्त किए है। एएसपी जसाराम बोस ने बताया कि डीएसटी टीम प्रभारी सुमेर सिंह व रीको थानाधिकारी मनोज सामरिया मय पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ एमडी व स्मैक पर कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बलदेव नगर मोहल्ले में जोगराज सिंह के एक बाड़े में कमरा किराए पर लेकर मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। पुलिस टीमों ने बलदेव नगर में दबिश दी और आरोपी श्रवण पुत्र गंगाराम निवासी काश्मीर व नरपत चौधरी पुत्र गंगाराम निवासी उण्डू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12.01 ग्राम एमडी बरामद की। वहीं उनके पास से 2 वॉकी-टॉकी सेट, 11 फोन-पे और गूगल-पे के स्कैनर बरामद किए गए। आरोपी एमडी-स्मैक तस्करी के जहां रुपए कैश नहीं मिलते थे, वहां पर स्कैनर के जरिए लेते थे। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों के गैंग में कौन-कौन हैं। यह मादक-पदार्थ कहां से लेकर आते थे। किस तरीके से अवैध कारोबार कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी श्रवण व नरपत वॉकी-टॉकी और व्हाट्सऐप कालिंग से बात करते थे। दोनों आरोपी एमडी की पुड़िया अलग-अलग सप्लाई कर उनसे रुपए लेते थे।



# ट्रक-ट्रैक्टर यूनियन का कलेक्टर ऑफिस के बाहर धरना



**जैसलमेर।** जैसलमेर ट्रक-ट्रैक्टर यूनियन के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर ऑफिस के बाहर तीन दिन से धरने पर बैठे हैं। उनकी मांग है कि रॉयल्टी ठेकेदार उनको पत्थर परिवहन की रशीद दे रहा है, लेकिन उसके बाद भी पुलिस और खनन विभाग उनकी गाड़ियां पकड़ रहा है। ऐसे में न्याय की मांग को लेकर वे धरना दे रहे हैं। यूनियन का कहना है कि उनके ट्रक को पुलिस ने अवैध पत्थर परिवहन में पकड़े हैं, जबकि वे रॉयल्टी ठेकेदार को रॉयल्टी चुका कर परिवहन कर रहे हैं। वहीं, पुलिस और खनन विभाग रॉयल्टी ठेकेदार की रशीद को मानने को इनकार कर रहे हैं। यूनियन इसी के विरोध में कलेक्टर ऑफिस के बाहर धरना दे रहे हैं। गौरतलब है कि, जिले में पीले पत्थर की रॉयल्टी का ठेका होने के बाद ठेकेदार द्वारा ट्रक व ट्रैक्टर वालों को कच्ची रशीद देकर पैसे लिए जा रहे हैं। हाल ही में पुलिस द्वारा अवैध खनन और परिवहन को लेकर अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत पीले पत्थर का परिवहन करने वाले ट्रकों को सीज किया गया। ट्रक वालों द्वारा रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा दी गई पैसे की कच्ची रशीद दिखाने पर भी उनके ट्रक को सीज किया गया। पुलिस द्वारा कच्ची रशीद को मानने से इनकार किया गया। वे पक्की रशीद मांगने लगे। पक्की रशीद नहीं होने पर खनन विभाग द्वारा ट्रकों का चालान भरा गया। जिससे नाराज होकर यूनियन के लोग धरने पर बैठ गए।

# दीक्षांत समारोह आज

**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े दोनों कार्यक्रमों में होंगे शामिल, विद्यार्थियों को मिलेंगे स्वर्ण पदक**



**जोधपुर।** जोधपुर शहर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय का 21वां और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह 21 मार्च को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े की अध्यक्षता में होगा। जेएनवीयू का समारोह पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार सुबह 9:55 बजे होगा। मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत होंगे। पेसिफिक यूनिवर्सिटी समूह उदयपुर के अध्यक्ष प्रो. बी.पी. शर्मा संबोधित करेंगे। दीक्षांत समारोह शुक्रवार दोपहर 1:45 बजे सुश्रुत ऑडिटोरियम में होगा। विवि के कुलपति प्रो.(वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने विभिन्न समितियों के साथ बैठक कर आयोजन की समीक्षा की। गुरुवार को की जाने वाली रिहर्सल पर भी जानकारी ली। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. बनवारी लाल गौड़, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. राजेन्द्र गहलोत और आईआईटी के निदेशक प्रो. अविनाश अग्रवाल होंगे। इस अवसर पर विवि के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### समारोह में शामिल होंगे कई गणमान्य

दीक्षांत समारोह में आयुर्वेद, होम्योपैथिक, यूनानी एवं बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद संकाय के प्रथम वरीयता प्राप्त छात्रों को कुलाधिपति गोल्ड मेडल प्रदान करेंगे। साथ ही सभी संकाय, बीएनवाईएस, पीएचडी, स्नातकोत्तर छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह नोडल अधिकारी डॉ. राजाराम अग्रवाल ने बताया कि समारोह की 20 मार्च को रिहर्सल हुआ, जिसमें सभी व्यवस्थाओं का अंतिम निरीक्षण किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रों, अतिथियों और समारोह में भाग लेने वाले सभी गणमान्य लोगों के स्वागत व सुविधाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# गहनों के चोर को एमपी से पकड़ लाई पुलिस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर पुलिस थाना कोतवाली ने 10 दिन पहले हुई चोरी के मामले में एक आरोपी को मध्य प्रदेश से पकड़कर लाने में सफलता हासिल की है। आरोपी गबर केवट (25) निवासी मध्य प्रदेश ने तोताराम की ढाणी, सीएडी कॉलोनी स्थित एक घर से सोने-चांदी के गहने समेत 20 हजार रुपए चुराए थे। शहर कोतवाल प्रेमदान ने बताया कि चोरी के मामले में आरोपी को एमपी से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी का माल भी बरामद किया गया। गौरतलब है कि, 9 मार्च को गोमसिंह ने कोतवाली थाने में शिकायत देकर बताया कि परिवार सहित तोताराम की ढाणी सीआईडी कॉलोनी के पीछे रहता हूं। 8 मार्च की रात में परिवार खाना खाकर सो गया था। सुबह करीब 4 बजे उठा तो देखा कि घर का सामान अस्त-व्यस्त व मोबाइल गायब था। घर की पड़ताल करने पर पता चला कि चोर ने घर से सोने चांदी के जेवर, 20 हजार रुपए व एक मोबाइल चुरा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। चोरी की घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार कोतवाली थाना प्रभारी प्रेमदान व भीमराव सिंह प्रभारी डीएसटी के नेतृत्व में पुलिस टीम बनाई गई। मुखबिरों के सहयोग से पुलिस ने आरोपी गबर केवट पुत्र मुन्नालाल निवासी, जिला शिवपुरी मध्यप्रदेश को पकड़ा। पूछताछ में उसके कब्जे से चोरी का माल पकड़ा गया और जैसलमेर लाया गया।



## व्यापार जगत

# गौतम अडानी का बढ़ेगा दबदबा

■ जिस कंपनी ने बनाया बुर्ज खलीफा अब उसके भारतीय कारोबार खरीदने की चर्चा

**नई दिल्ली।** एशिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी गौतम अडानी जल्द ही दुबई की कंपनी एमार ग्रुप के इंडिया बिजनेस को खरीद सकते हैं। खबर है कि दोनों के बीच बातचीत आखिरी दौर में है। यह डील लगभग 1.4 अरब डॉलर में हो सकती है। अगर यह डील हो जाती है तो गौतम अडानी का रियल एस्टेट सेक्टर में कारोबार और बढ़ जाएगा। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अडानी परिवार और एमार ग्रुप इस डील के स्ट्रक्चर पर बात कर रहे हैं। इसमें अडानी की एक अनलिस्टेड यूनिट लगभग 40 करोड़ डॉलर का निवेश कर सकती है। अप्रैल तक दोनों के बीच समझौता हो सकता है।

### बुर्ज खलीफा से जुड़ा है एमार का नाम

इस साल जनवरी में एमार ने कहा था कि वह अपनी इंडिया यूनिट एमार इंडिया लिमिटेड को बेचने के लिए अडानी सहित कुछ भारतीय बिजनेस ग्रुप्स से बात कर रही है। एमार ग्रुप एक बड़ी रियल एस्टेट कंपनी है। यह दुबई में है। इसने बुर्ज खलीफा और डाउनटाउन दुबई जैसे बड़े प्रोजेक्ट बनाए हैं। यह कंपनी दुनियाभर में रियल एस्टेट, रिटेल और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में काम करती है। एमार ग्रुप की वेबसाइट के अनुसार, भारत में उसके पास 2.4 करोड़ वर्ग फीट की प्रॉपर्टी है। 6.1 करोड़ वर्ग फीट की प्रॉपर्टी बन रही है। यह कंपनी नई दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में मकान और दुकानें बना रही है।

### अडानी ग्रुप कर रहा धारावी का विकास



अडानी ग्रुप की एक अनलिस्टेड रियल एस्टेट कंपनी मुंबई के धारावी स्लम को फिर से बना रही है। धारावी दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक है। धारावी पुनर्विकास परियोजना को एशिया की सबसे बड़ी शहरी पुनर्वास पहल बताया जा रहा है। कंपनी ने लगभग 360 अरब रुपये की लागत से मुंबई में सबसे बड़ी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में से एक को फिर से बनाने के लिए टॉप बोली लगाई थी। कंपनी नवंबर 2022 में सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी थी। एमार ग्रुप एक बड़ी कंपनी है। यह बुर्ज खलीफा जैसी बड़ी इमारतें बनाने के लिए जानी जाती है। एमार ग्रुप का कहना है कि भारत में उसके पास बहुत सारी जमीन है। वह कई प्रोजेक्ट बना रहा है। अगर अडानी और एमार के बीच डील हो जाती है तो अडानी का रियल एस्टेट का कारोबार और बढ़ जाएगा। इससे अडानी ग्रुप भारत में और भी बड़ी कंपनी बन जाएगी।

# एयर इंडिया फिर बनेगा आकाश का 'महाराजा'

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप के हाथ में आने के बाद एयर इंडिया का कायाकल्प हो रहा है। साथ ही बड़ी संख्या में बड़े विमानों को खरीदने की भी तैयारी चल रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एयर इंडिया अमेरिकी कंपनी बोइंग और यूरोप की एयरबस से करीब 50 बड़े विमान खरीद सकती है। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया 30 से 40 बड़े विमान खरीदने की योजना बना रही है। इनमें एयरबस A350 और बोइंग 777X मॉडल शामिल हो सकते हैं। यह संख्या 50 से भी ज्यादा हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि अभी बातचीत चल रही है और कुछ भी तय नहीं है। एक सूत्र ने बताया कि पेरिस एयर शो (जून में) के करीब चीजें साफ हो जाएंगी। इसका मतलब है कि जून तक पता चल सकता है कि एयर इंडिया कितने हवाई जहाज खरीदेगी। पिछले साल एयर इंडिया ने 470 विमान खरीदने का समझौता किया था। इसके अलावा कंपनी ने पिछले साल भी एयरबस से 100 विमान खरीदने के लिए डील की थी। इनमें से ज्यादातर छोटे आकार के विमान थे। कंपनी बड़े विमान यानी वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदने की योजना है ताकि एयर इंडिया इंटरनेशनल मार्केट में अपनी जगह बना सके। एयर इंडिया ने पहले से ही 50 एयरबस A350, 10 बोइंग 777X और 20 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान खरीदने के लिए डील की है। भारत से बाहर जाने वाले यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ICRA के अनुसार इस साल मार्च तक इसमें 15-20% की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, देश के अंदर यात्रा करने वालों की संख्या में 7-10% की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। ICRA, मूडीज की लोकल रेटिंग एजेंसी है। विमान बनाने वाली कंपनियां छोटे आकार के विमानों की डिमांड को पूरा करने में लगी हैं। इस कारण बड़े विमानों के लिए स्लॉट मिलना मुश्किल हो रहा है।

टाटा ग्रुप के हाथों में आने के बाद एयर इंडिया में बदलाव हो रहे हैं। पहले सरकार के नियंत्रण में इसकी हालत खराब थी।




# आप का राशिफल 21 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6

# शेयर मार्केट में सेंसेक्स 1000 अंक तक उछला

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते शेयर मार्केट में रौनक छाई हुई है। गुरुवार को भी शेयर मार्केट में जबरदस्त तेजी आई। आईटी शेयरों में तेजी और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कोई बदलाव न होने के चलते शेयर मार्केट बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स ने जहां 1000 अंकों से ज्यादा का छलांग लगाई तो वहीं निफ्टी भी 300 अंक पार चला गया। इस तेजी के कारण निवेशकों को 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का फायदा हुआ। इस हफ्ते यह लगातार चौथा दिन है जब शेयर मार्केट में तेजी रही है। गुरुवार को सेंसेक्स 468 अंकों की तेजी के साथ 75,917.11 पर खुला। बाद में इसमें और तेजी आती गई। एक समय यह 1000 अंक का आंकड़ा पार कर 76,456.25 पर पहुंच गया था। हालांकि बाद में इसमें कुछ गिरावट देखी गई और यह 899 अंकों की तेजी के साथ 76,348.06 पर बंद हुआ। निफ्टी भी गुरुवार को 129 अंकों की तेजी के साथ 23,036.60 पर खुला। यह कारोबार के दौरान 309 अंकों का आंकड़ा पार करते हुए 23,216.70 पर पहुंच गया था।



# शिपिंग सेक्टर पर सरकार का ध्यान

**मुंबई।** शिपिंग से जुड़ी कंपनियों के शेयर में तेजी का सिलसिला जारी है। सप्ताह के चौथे दिन यानी गुरुवार को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स (MDL) और कोचीन शिपयार्ड (CSL) जैसी शिपिंग कंपनियों के शेयरों में लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स के शेयर की बात करें तो भाव करीब 10 फीसदी चढ़कर 1782.50 रुपये पर पहुंच गया। वहीं, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर की बात करें तो यह 2764.95 रुपये तक पहुंचा। कोचीन शिपयार्ड की बात करें तो भाव 1495.80 रुपये पर पहुंच गया था। हालांकि, दोपहर के कारोबार में शेयर मुनाफावसूली मोड में आ गया। दोपहर के कारोबार में कोचीन शिपयार्ड के शेयर लाल निशान पर थे। इस सेक्टर के शेयरों में यह तेजी ऐसे समय में आई है जब भारत सरकार जल्द ही 40,000 करोड़ रुपये के बजटीय फंड के साथ अपना दूसरा एडिशन शुरू करेगी। इसमें जहाज निर्माण, मरम्मत और रीसाइक्लिंग पर ध्यान दिया जाएगा। सागरमाला 2.0 कार्यक्रम के साथ सरकार नए निवेश के साथ महत्वपूर्ण इंफ्रा की कमी को पूरा करने, तटीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और भारत को वैश्विक समुद्री नेता के रूप में स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 40,000 करोड़ रुपये के बजटीय समर्थन से इसका लक्ष्य अगले दशक में 12 ट्रिलियन रुपये के निवेश को बढ़ावा देना है। मौजूदा सागरमाला कार्यक्रम के तहत सरकार 5.79 ट्रिलियन रुपये की लागत वाली 839 परियोजनाओं पर काम कर रही है।



# सोने का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी, चांदी के तेवर हुए नरम



**मुंबई।** फरवरी के बाद अब मार्च में सोने का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी है। सोने के भाव गुरूवार का एमसीएक्स के बाद सर्राफा मार्केट में नया इतिहास रचते हुए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड गुरुवार को पहली बार 88761 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। जबकि, चांदी 100400 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई से घटकर 99613 रुपये पर आ गई। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर 3 पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो सोने के भाव 91423 रुपये और चांदी के 102601 रुपये पर पहुंच जा रहे हैं। सर्राफा बाजार के लेटेस्ट भाव के मुताबिक आज 20 मार्च को 24 कैरेट सोना बुधवार के बंद भाव 88649 के मुकाबले 112 रुपये महंगा होकर 88761 रुपये पर खुला। चांदी के भाव में 355 रुपये की कमी दर्ज की गई और यह 99613 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई।

# 'मंजीरा-तेरह ताल' नृत्य प्रस्तुति में दिखा भक्ति, कला और ताल का अनूठा संगम

## मंजीरों की झंकार से गूंजा रामकृष्ण मिशन परिसर





### 'म्हारो हैलो सुनो रामा पीर' और 'गणराज विनायक आओ म्हारी मंडली में रंग भर जाओ' जैसे गीतों पर दिखा तेरह ताल का जादू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान की समृद्ध लोकनृत्य परंपरा का जीवंत दर्शन गुरुवार को रामकृष्ण मिशन परिसर में हुआ। यहां राजस्थान डेल्फिक काउंसिल और रामकृष्ण मिशन जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मंजीरा-तेरह ताल नृत्य प्रस्तुति' में मंजीरों की झंकार ने शाम को सुरमयी बना दिया। इस आयोजन ने न केवल पारंपरिक नृत्य और संगीत का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और आगे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं डेल्फिक काउंसिल राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा, डेल्फिक काउंसिल के सचिव एवं जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी और रामकृष्ण मिशन के स्वामी देव प्रभानन्द द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर गुहा ने कहा कि राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को सहेजना और नई पीढ़ी से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। डेल्फिक काउंसिल राजस्थान इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है और 'मंजीरा' जैसे आयोजनों से हमारी लोककला और परंपराओं को नई ऊर्जा मिलती है। डेल्फिक काउंसिल राजस्थान के सचिव और जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल राजस्थान की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रखते हैं बल्कि कलाकारों को मंच प्रदान करने का भी कार्य करते हैं। हमें गर्व है कि हम अपनी लोक संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

इस आयोजन में लोक संगीत और नृत्य की जुगलबंदी देखने को मिली, जहां ढोलक पर रोशनदास, तंबूरे पर कालूदास, और झाँझ पर इंद्रदास ने अपनी मधुर धुनों से माहौल को संगीतमय बना दिया। वहीं, तेरह ताल नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति में कैलाशी बाई, सोहनी बाई, कंचन और कुसुम बाई ने अपने नृत्य कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गौरतलब है कि तेरहताल नृत्य राजस्थान का एक लोकप्रिय लोक नृत्य है। यह नृत्य एक प्रकार की ईश्वर साधना है जिसमें महिलाएँ अपने शरीर पर तेरह मंजीरे बांधकर और मुंह में तलवार व कटार लेकर नृत्य करती हैं। यह नृत्य मूलतः कामड़ समाज के लोगों द्वारा किया जाता है जिसमें पुरुष वाद्य यंत्र बजाते हैं और महिलाएं विभिन्न मुद्राओं में नृत्य करती हैं। कार्यक्रम का आयोजन लोक धुनि फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन के एकनिष्ठानंद महाराज, राजस्थान डेल्फिक काउंसिल सदस्य मोनाली सेन, कीर्ति शर्मा, राहुल सूद, लतीफ उस्ता, शुवंकर विश्वास और नवीन त्रिपाठी भी उपस्थित थे।

# जैन विश्व भारती संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए राज्यपाल बागडे

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को किया सम्मानित



### विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों लिए प्रेरित किया जाए: राज्यपाल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शिक्षा के जरिए चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किए जाने का आह्वान किया है। राज्यपाल बागडे गुरुवार को लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती संस्थान के 35वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने वाली है। प्राचीन ज्ञान के आधुनिकीकरण के साथ हम सभी विकसित भारत की संकल्पना को साकार करें। उन्होंने आचार्य तुलसी को याद करते हुए उनके अणुव्रत आंदोलन एवं नशा मुक्ति हेतु किये गए प्रयासों से प्रेरणा लेकर नशा मुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प लेने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान समुद्र समान है, हमें बौद्धिक क्षमता का विकास करना चाहिए और लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान शिक्षा, खेल, शोध एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों और संस्थान के शिक्षकों को सम्मानित भी किया। इससे पूर्व राज्यपाल बागडे ने विश्वविद्यालय के नवीनीकृत कुलपति कार्यालय और सेमिनार हॉल का उद्घाटन किया। साथ ही इस अवसर पर जैन विश्व भारती चिकित्सालय का शिलान्यास भी किया।

## आर.ए.एस. परीक्षा-2024 की तैयारी के लिए...

# जनजाति वर्ग की छात्राओं को उपलब्ध होगी निःशुल्क आवास व्यवस्था

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** आर.ए.एस. परीक्षा-2024 में प्री पास कर चुकी जनजाति वर्ग की जयपुर में कोचिंग या स्वयं के स्तर पर परीक्षा के अगले चरण की तैयारी कर रही प्रतिभागियों के निःशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था के लिए जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग व्यवस्था कर रहा है।

आयुक्त शक्ति सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण केंद्र, जयपुर में उनके लिए निःशुल्क भोजन और आवास व्यवस्था की जा रही है। अभ्यर्थी राजस्थान की मूल निवासी, अनुसूचित जनजाति वर्ग से हो। अभ्यर्थी के परिवार की कुल मिलाकर वार्षिक आय 8 लाख रूपये से कम हो। यदि माता/पिता में से कोई राजस्थान सरकार में सेवारत है तो पे मेट्रिक्स पर अधिकतम लेवल-11 तक वेतन प्राप्त कर रहे हो। अभ्यर्थी के माता-पिता / अभिभावक के वेतनभोगी होने पर उन्हें अपने कार्यालय अध्यक्ष / नियोक्ता द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र/वेतन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया हेतु विभागीय वेबसाईट www-tad-rajasthan-gov-in के Home Page पर जाकर Apply for Residential Facilities at Center of E&cellence (Multipurpose Girls Hostel) Jaipur for RAS Mains E&am 2024 Student के लिंक पर आवेदन कर सकते है। साथ ही Citizen SSO ID से राजकाज से Hostel and Scheme Monitoring System पोर्टल पर जाकर भी आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन की अंतिम तिथि 27 मार्च है तथा आवास की सुविधा अप्रैल के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।

## निगम ग्रेटर की टीमों ने गुरूवार को 1.23 करोड़ का नगरीय विकास कर वसूला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर के क्षेत्राधिकार में स्थित संपत्तिधारकों से बकाया नगरीय विकास कर की वसूली उनकी आपत्तियों का तत्परता से निराकरण कर बकाया राशि जमा करने हेतु नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर 18 मार्च से मेगा कैंप आयोजित किया गया तीन दिवसीय यह मेगा कैंप 20 मार्च तक प्रातः 10:00 से सायं 7:00 बजे तक निगम मुख्यालय पर लगाया गया। उपायुक्त राजस्व (प्रथम) अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय कैंप में कुल 170 से अधिक सम्पत्तिधारकों द्वारा आपत्तियां प्रस्तुत की गई। जिनका निगम राजस्व टीम द्वारा दस्तावेजों के आधार पर संशोधन किया गया। गुरूवार को नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा 1 करोड़ 23 लाख रूपये नगरीय विकास कर के वसूल किये गये।

इन मेगा कैंप में समस्त जोन क्षेत्राधिकार की संपत्तिधारकों द्वारा अपनी भूखंण्ड से संबंधित नगरीय विकास कर बिलों के संबंध में नाम व पता, क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, उपयोग एवं डीएलसी दर संबंधी आपत्तियां प्रस्तुत की गई जिसमें उपायुक्त राजस्व (प्रथम) मुख्यालय एवं समस्त जोन राजस्व टीम द्वारा उनकी आपत्तियों का त्वरित निस्तारण करते हुए संपत्तिधारकों को संशोधित बिल जारी किए गए।

# अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई में 64 वाहन मशीनरी जब्त, पुलिस में 39 एफआईआर दर्ज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ प्रदेश में खान विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई जारी है। भीलवाड़ा, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, दौसा, डूंगरपुर आदि में 2 जेसीबी सहित 64 मशीनरी और वाहन जब्त किये गये हैं वहीं भीलवाड़ा में 35 और भरतपुर में 4 कुल 39 एफआईआर दर्ज करवाई गई है। निदेशक माइन्स दीपक तंवर ने बताया कि अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई के निर्देश सभी फील्ड अधिकारियों को दिए गए हैं और चैकिंग व्यवस्था को चाकचोबंद रखने को कहा गया है। एसएमई विजिलेंस जयपुर प्रताप मीणा की टीम ने कार्रवाई करते हुए 3 वाहन जब्त कर करीब 3 लाख 45 हजार रु. का जुर्माना वसूल किया है। दौसा एएमई एलसी मीणा की टीम ने एक जेसीबी और 2 ट्रेक्टर जब्त किये है। इसी तरह से सवाई माधोपुर एएमई राजेन्द्र भट्ट ने 6 वाहन पर कार्रवाई कर 5 लाख 43 हजार की राशि वसूल कर ली है।

एमई भरतपुर केसी गोयल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 1 जेसीबी और 4 ट्रेक्टर ट्राली जब्त करने के साथ ही सिकरी डीग में 4 एफआईआर भी दर्ज करवाई है। डूंगरपुर में कार्रवाई करते हुए एमई सुरेश अग्रवाल की टीम ने दो डंपर जब्त कर डूंगरपुर कोतवाली के सुपुर्द किये हैं। एसएमई ओम प्रकाश काबरा ने बताया कि जिला कलक्टर भीलवाड़ा द्वारा गठित संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि एमई भीलवाडा महेश शर्मा और एमई बिजौलिया प्रवीण अग्रवाल में मिलाकर 6 मशीन और 39 वाहन जब्त किये गये हैं। टीमों द्वारा पुलिस थानों में 35 एफआईआर दर्ज कराई गई है। विभाग द्वारा कार्रवाई जारी है।

## राजस्थान स्टेट गैस द्वारा सीएनजी पीएनजी के साथ ही विविधिकरण में...

# सीबीजी प्लांट और एलएनजी बिक्री केन्द्र की संभावनाओं की तलाश आरंभः टी. रविकान्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव माइन्स एवं चेयरमेन राजस्थान स्टेट गैस टी. रविकान्त ने कहा है कि राजस्थान स्टेट गैस अपने कार्यों में विविधिकरण करते हुए कंप्रेस्ड बायोगैस सीबीजी के उत्पादन प्लांट और लिक्विफाईड नेचुरल गैस एलएनजी उपलब्ध कराने के लिए बिक्री केन्द्र खोलने की दिषा में संभावनाएं तलाशी जा रही है। उन्होंने कहा कि सीएनजी, पीएनजी के साथ ही ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में यह राजस्थान स्टेट गैस का बढ़ता कदम होगा।

चेयरमेन राजस्थान गैस टी. रविकान्त ने यह जानकारी आरएसजीएल की संचालक मण्डल की बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि कोटा में आरएसजीएल के कार्य को और अधिक गति दी जाएगी ताकि कोटावासियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों तक सीएनजी पीएनजी सुविधाएं और अधिक तेजी से विस्तारित हो सके।

राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल द्वारा कोटा में 12 सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से सीएनजी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कोटा के नौ क्षेत्रों कुन्हाडी बस स्टेण्ड, कोटा एयरपोर्ट, राजस्थान टेक्निकल विश्वविद्यालय, पुलिस लाइन, डीआरएम ऑफिस, डकनिया तालाब रेल्वे स्टेशन, ओपन एयर पिक्चर हॉल, सिटी रेल्वे स्टेशन बोरखेड़ा और कोटा रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में आधारभूत ढांचागत कार्य जारी होने के साथ ही पाईप लाईन से घरेलू गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं और नए कनेक्शन जारी किये जा रहे हैं।

रणवीर सिंह ने बताया कि कोटा में 12 सीएनजी स्टेशनों के साथ ही नए सीएनजी स्टेशन शुरु करने और अपग्रेड करने की योजना है। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक विवेक रंजन, सीएफओ दीप्तांशु पारीक, उपप्रबंधक आईटी गगनदीप राजोरिया ने प्रगति से अवगत कराया। गौरतलब है कि राजस्थान स्टेट गैस राज्य सरकार का संयुक्त उपक्रम है और इसमें गैल गैस और आरएसपीसीएल की संयुक्त भागीदारी है।

## राजकुमार हत्याकांड को लेकर जलदाय मंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री को सीबीआई जांच हेतु लिखा पत्र

**जयपुर।** जलदाय मंत्री कन्हैयालाल ने भीलवाड़ा जिले के मूल निवासी स्वर्गीय राजकुमार के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सीबीआई जांच के लिए पत्र लिखा। गौरतलब है कि विगत दिनों गुजरात के राजकोट के गोडन में 30 वर्षों से रह रहे भीलवाड़ा जिले की सहाड़ा तहसील के गांव जबरकिया के राजकुमार पुत्र रतनलाल जाट की अज्ञात लोगों ने 4 मार्च को हत्या कर दी जिसका शव गोडन से 65 किलोमीटर दूर राजकोट हाईवे पर पटक दिया। इस हत्याकांड को लेकर ऑल राजस्थान सहकारी भूमि विकास के अध्यक्ष बद्री लाल जाट ने जलदाय मंत्री से निष्पक्ष जांच किए जाने हेतु मुलाकात की। जिस पर जलदाय मंत्री ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम ने कार्रवाई कर 3 केन्टर सामान जब्त किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में खण्डेलवाल हार्ट हॉस्पिटल के पास सीकर रोड़ दादी का फाटक सार्वजनिक बाथरूम के पास से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 3 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में खण्डेलवाल हार्ट हॉस्पिटल के पास सीकर रोड़ दादी का फाटक सार्वजनिक बाथरूम के पास से अस्थाई अतिक्रमण अतिक्रमण हटवाया गया।

उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 3 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## ग्राम पंचायत को यथावत रखने की मांग





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** कुछ समय पूर्व ग्राम पंचायत पसुन्द के राजस्व ग्राम मोरचना को प्रशाशनिक अधिकारियों द्वारा बिना किसी सूचना के नगर परिषद में लेने के प्रस्ताव तैयार किया गया। जिस पर ग्रामीणों ने विरोध किया। इसके बाद वह प्रस्ताव अगले ही दिन खारिज कर दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि मोरचना को फिर से टारगेट करे ग्राम पंचायत पसुन्द से हटाकर गांव भगवांदा खुर्द के अंदर शामिल कर दिया गया। जिसके लिए ग्रामीणों ने विरोध पर अधिकारियों के आदेशानुसार मोरचना पटवार मंडल के पटवारी व भु-राजस्व निरीक्षक द्वारा समस्त ग्रामीणों को उक्त परिसीमन के प्रस्ताव के बारे में चर्चा की गई। जिस पर ग्रामीणों ने पसुन्द पंचायत से अलग होकर गांव भगवांदा खुर्द में शामिल होने के लिए स्पष्ट रूप से मना करते हुए यथावत रखने की मांग की गई। प्रशाशन द्वारा यह प्रस्ताव बनाने से पूर्व 17 मार्च को ही समस्त ग्रामवासियों ने कलेक्टर व उपखंड अधिकारी राजसमंद को लिखित में ज्ञापन देकर मोरचना गांव को पसुन्द पंचायत से अलग करने के विरोध में आपत्ति दर्ज करवा दी गई थी। जिसमें मोरचना के 1007 वोटर में से 874 वोटरों ने इस प्रस्ताव के विरोध में हस्ताक्षर व अंगूठा लगाकर विरोध जताया। जिसके बाद भी अधिकारियों ने यह प्रस्ताव तैयार किया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए आगामी चुनावों का बहिष्कार का भी निर्णय लिया है।

## सर्राफा संघ का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवादाता**

**राजसमंद।** आमेट नगर के सर्राफा संघ के व्यापारियों का होली मिलन समारोह सोणारी माताजी के मन्दिर प्रांगण में आयोजित हुआ। अध्यक्ष राजमल सोनी आगरिया ने बताया कि समारोह में सभी का सम्मान किया गया। सर्राफा संघ के व्यापारियों द्वारा एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कोषाध्यक्ष संजय बोहरा, मंत्री घनश्याम सोनी, वरिष्ठ सदस्य अभय कुमार गेलड़ा, मदनलाल सोनी, सुधाकर डांगी पवन सोनी, शांतिलाल सोनी,विनोद सोनी,प्रकाश गुर्जर, रतनलाल गुर्जर, राहुल मेवाडा, धर्मचंद खाब्या आदि मौजूद थे।

## शीतला सप्तमी आज, लगेगा माता को भोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** शीतला सप्तमी शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। महिलाएं सज धज कर शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना कर बास्योड़े का भोग लगाएगी। नगर पंडित मोतीलाल पालीवाल ने बताया की शीतला सप्तमी शु' वार को मनाई जाएगी। जिसके तहत अलसुबह ब्रह्म मुहूर्त में पूर्जा श्रेष्ट मुहूर्त रहेगा। आमेट राजघराने की ओर से भी राज परिवार की महिलाएं शुभ मुहूर्त में शीतला माता मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर नगर की सुख शांति की प्रार्थना करेंगी।

# 151 कुंडीय नव संवत्सरेष्टि यज्ञ महोत्सव 30 को



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** आर्य वीर दल जयपुर, देव भूमि सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान व आर्य समाज वैशाली नगर व पतंजलि योग समिति जयपुर के सहयोग से आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस व नववर्ष के अवसर पर 151 कुंडीय नव संवत्सरेष्टि यज्ञ महोत्सव आगामी 30 मार्च को साम 3.30 बजे से साम 7.30 बजे तक वैशाली नगर, हनुमान नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में आयोजित होगा। इस आयोजन के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन आज मुरली पुरा की पंतजलि योग शाखा में किया गया। इस मौके पर पतंजलि योग समिति के प्रभारी बजरंग सिंह शेखावत, हनुमान शर्मा, दीपक शास्त्री, उप प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान देवेन्द्र शास्त्री, मामराज व वेद प्रकाश आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम संयोजक वेद पाल शास्त्री व उप प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान देवेन्द्र शास्त्री ने बताया कि इस मौके पर यज्ञ ब्रहमा गुरुकुल मलारना चैड़ के अध्यक्ष आचार्य सोमदेव आर्य व आषीर्वाद व मार्ग दर्शन पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती का प्राप्त होगा।

मुख्य यजमान पतंजलि योग समिति के संस्थापक संदस्य आईसी अग्रवाल होंगे। इस मौके पर आचार्य दीपक शास्त्री व आचार्य श्रुति शास्त्री भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में आचार्य उर्षबुद्ध, आचार्य रवि शंकर आचार्य सर्वमित्र आर्य, आचार्य भवदेव शास्त्री व डॉ. योगेश शास्त्री का सानिध्य प्राप्त होगा। आयोजन की तैयारियां जोरों पर चल रही है।

# संस्कारयुक्त शिक्षा ही हमारी प्राथमिकता : गांधी




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक खुडाला फालना का वार्षिकोत्सव उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। मुख्यवक्त ा आदर्श शिक्षा संस्थान बाली के उपाध्यक्ष नथमल गांधी ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी देशभक्त व राष्ट्रसेवक बने इस हेतु शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। विद्या भारती विद्यालय शिक्षा के साथ शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, संस्कृत शिक्षा व नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा इन पांच आधारभूत विषयों की भी शिक्षा देते है ताकि बालको का सर्वांगीण विकास हो सके।



आज विद्या भारती विद्यालयों से निकले बालक कई ऊंचे एवं जिम्मेदार पदों पर आसीन होकर देश व समाज की सेवा कर रहे है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भैरोंसिंह गुर्जर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी गई प्रस्तुतियों से पुल्लकित होकर कहा कि बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बचपन की यादों को ताजा कर दिया। बच्चों में प्रारंभ से ही ऐसे गुण विकसित हो रहे हैं जो भविष्य में अच्छे राष्ट्रभक्त एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति अध्यक्ष हरीपाल शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि नरसिंह पंवार, सेवानिवृत प्रधानाचार्य श्यामसुंदर वैष्णव, पालिका चेयर पर्सन ललिता शाह, विरेन्द्रसिंह फौजदार, संघ चालक बाली डॉ.कन्हैयालाल शर्मा थे। मुख्य वक्ता समेत अतिथियों ने मां भारती, ओम व मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### यह भी रहे मौजूद

समिति व्यवस्थापक जयचंद गोलेछा, कोषाध्यक्ष जयरामदास वैष्णव, सचिव सुरेश मालवीय, संपर्क प्रमुख चंद्रशेखर मुनोयत, प्रबंध समिति उपाध्यक्ष प्रवीण भाई पटेल, जोधाराम चौधरी, नारायणसिंह राजपुरोहित, गणपत चौधरी, हरीश सुथार, विजयसिंह सिसोदिया, जगदीश चौधरी, फूलेश प्रजापति, कीकाराम चौधरी, रामकिशोर गोयल, प्रो भजनलाल विश्नोई, व्याख्याता सुर्यनारायण, आविम प्रधानाचार्य हीरालाल कुमावत बाली, हालूराम देवासी सेवाड़ी, विनोद शर्मा बेडल, आचार्य पोमाराम, किरणसिंह, हुकमसिंह, हितेशकुमार, सुरेशकुमार, गणपत नायक, दिनेशकुमार, प्रकाशचंद, रमेशकुमार, पूराराम, नेताराम, निकिता शर्मा, मंजू सुथार, सुंदर कुमारी, वंदना राव सहित कई अभिभावक, पूर्व छात्र, प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी रंगारंग प्रस्तुतियां

सांस्कृतिक आयोजन का शुभारंभ मां भारती की वंदना अभिनंदना से किया गया। शिशु वाटिका के विद्यार्थियों ने अकड़ बकड़ बंबे बोल..., जब से बड़े हुए है हम...की प्रस्तति देकर तालियां बटोरी। अन्य विद्यार्थियों ने आसन, योग, प्राणायाम, पिरामिड और घोष प्रदर्शन की प्रस्तुति दी। सामूहिक नृत्य झल्ला रे..., पूजन दो गणगौर व घुडलो घूमे ला जी घुमेला....की प्रस्तुति ने वाहवाही लूटी। सामूहिक गीत सरहद तुझे प्रणाम...ने देशभक्ति का जज्बा भरा। रानी अहिल्या बाई होलकर नाटिका के मंचन ने दाद लूटी। व्यसन मुक्त दृश्य नाटिका के माध्यम आज की युवा पीढ़ी में फैलते जा रहे नशे की लत को इंगित किया।

### अव्वल विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

कार्यक्रम में कक्षा दसवीं, अष्टमी एवं पंचमी बोर्ड परीक्षा एवं विद्यालय की सहशैक्षिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को मोहित भाटी की स्मृति में समिति उपाध्यक्ष धनपत भाटी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कोषाध्यक्ष अंकित राठौड़ ने विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन व व्यव-स्थापक विरमराम परिहार ने विद्याभारती लक्ष्य को सभी के समक्ष रखा। प्रधानाचार्य मनोहर रावल ने अतिथियों का परिचय व स्वागत करवाया। भामाशाहों द्वारा विद्यालय के लिए पांच कंप्यूटर व सहयोग राशि की घोषणा की गई। आभार स्थानीय समिति अध्यक्ष हरिपाल शर्मा ने एवं मंच संचालन लिसा सोनी व आचार्य किरणसिंह ने किया।

## ग्रीन विनस पब्लिक स्कूल में भेंट किया वाटर कूलर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** ग्रीन वीनस पब्लिक स्कूल में भामाशाह की ओर से जन्म दिन पर वाटर कूलर भेंट किया गया। भामाशाह महेंद्रकुमार देवानंद चौधरी वीरमपुरा ने अपना 26वां जन्मदिन विद्यालय में वाटर कूलर भेंट कर एवं छात्रों के साथ केक काटकर मनाया। इस अवसर पर प्रेरक यशपालसिंह भी मौजूद थे। प्रधानाचार्य विनोद टेलर ने भामाशाह का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय स्टाफ देवेन्द्रकुमार, इरफानखान, धर्मेन्द्रसिंह, कमलसिंह, रमेशकुमार, हितेष सुथार, रत्ना जांगीड़, ममता चौधरी एवं कोमल ने आभार व्यक्त किया।

## मृतक आश्रित को सौंपा दो लाख का चेक




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक की ढोला गांव शाखा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अन्तर्गत खाताधारक जेपाराम देवासी की मौत के बाद उसकी आश्रित श्रीमती कमलादेवी को क्लेम राशि के रूप में दो लाख रुपए का चेक सौंपा गया।

शाखा प्रबंधक ने बताया कि खाताधारक जेपाराम ने खाते से 436 रुपए प्रतिवर्ष की प्रीमियम दर से 2 लाख का जीवन बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में करवाया हुआ था। उसकी मृत्यु पर उसकी आश्रित को दावा राशि का भुगतान चेक के माध्यम से कर दिया गया। इस अवसर पर प्रबंधक राहुल शुक्ला, सहायक प्रबंधक हिमांशी गोखरू, सहायक अनुकृति शर्मा तथा परिचर भरत मालवीय समेत शाखा के अन्य ग्राहक मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 13 प्रकरणों का निस्तारण

**66 प्रकरणों पर की सुनवाई**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को कलक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग रूम में जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना और संबधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने बारी-बारी से आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को हाथों हाथ निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान 66 प्रकरणों की सुनवाई की गई। जिसमें से 13 प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण किया गया। शेष रहे प्रकरणों को सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजस्व के 5 प्रकरण, स्वायत्त शासन के 15, पंचायतराज के 2, बिजली के 2, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी के 11, पुलिस के 4, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 3, सहकरिता विभाग का एक एवं अन्य 8 प्रकरणों की सुनवाई कर संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। आयोजित वीसी में जयपुर से मुख्य सचिव व अन्य अधिकारी भी वर्चुअली जुड़े। इसके साथ ही वीसी में विभिन्न ब्लॉक के अधिकारी भी वीसी से जुड़े।

### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, अतिरिक्त कलक्टर अश्विनी सिंह, जिला परिषद सीइओ मुकेश चौधरी, यूआइटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे व ब्लॉक लेवल अधिकारी वीसी से जुड़े।

## विकास योजनाओं की प्रभावी तैयारी और क्रियान्वयन को दिया प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पंचायत समिति में सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी/एलएसडीजी) को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। जिला परिषद के मनरेगा एक्सइएन हरीश चौहान की अध्यक्षता में अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मनरेगा पाली एइएन अजय थानवी, देसूरी एइएन कुंभसिंह भाटी, ग्राविअ अचलसिंह सोलंकी, ढलाराम चौहान भी उपस्थित थे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं की प्रभावी तैयारी और ि यान्वयन के लिए अधिकारियों को सक्षम बनाना था। केंद्रीय पंचायतराज मंत्रालय द्वारा पंचायतराज विभाग एवं लाइन विभाग के कार्मिकों के राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत अनोमोदित प्रशिक्षण कार्य म के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। इससे पहले ग्राम पंचायत सिंदरली में सरपंच कानाराम मेघवाल की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हरियालो राज-स्थान के तहत पौधारोपण किया गया। सरकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। इन कार्य मों का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में समग्र विकास को बढ़ावा देना और स्थानीय प्रशासन को सशक्त बनाना था। इस अवसर पर अतिरिक्त विकास अधिकारी ललित व्यास, मास्टर ट्रेनर भरतसिंह, राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, ललित व्यास, विकास गोयल, ग्राम विकास अधिकारी गलाराम मेघवाल, मांगीलाल चौहान, गणेशराम, राकेशकुमार, अशोककुमार, रामेश्वरकुमार, प्रवीण सोनल, साक्षी गुर्जर, रूपसिंह चारण, उम्मेदसिंह राणावत, कालूराम मेघवाल आदि मौजूद थे।



## जल भुगतान की अंतिम तिथि 28 मार्च

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग राजस्व उपखंड पाली के अधीनस्थ समस्त कार्य क्षेत्र के जल उपभोक्ताओं को माह मार्च 2025 में जल शुल्क विपत्र माह जनवरी व फरवरी 2025 के जारी किए गए थे। जिसकी चेक द्वारा भुगतान की अंतिम तिथि बढ़ाकर 26 मार्च एवं नकद भुगतान की अंतिम तिथि 28 मार्च की गई है। सहायक अभियंता शोभा कुमारी के अनुसार उपभोक्ता बढ़ाई गई अंतिम निर्धारित तिथि तक अपने पानी के बिल बिना विलंब शुल्क के अपने नजदीकी इ-मित्र कियोस्क व विभाग द्वारा गठित वसूली टीम के पास जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि पहले ये 18 मार्च व नकद भुगतान की अंतिम तिथि 20 मार्च 2025 रखी गई थी।

## आशापुरा माता का लक्खी मेला कल, भजन संध्या आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** कस्बे में प्रख्यात धाम राज राजेश्वरी मां आशापुरा मंदिर का वार्षिक मेला शनिवार को भरेगा। आशापुरा माताजी पाटस्थान मंदिर ट्रस्ट व्यवस्थापक लालसिंह शक्तावत ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर शु' वार रात्रि एक शाम आशापुरा माताजी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। प्रख्यात भजन गायकों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी। शनिवार प्रातः 8 बजे मंदिर के शिखर पर कोठारी (जैन) परिवार द्वारा ध्वजा चढाने के साथ ही मेला का शुभारम्भ होगा। दिनभर लगने वाले मेले में प्रसिद्ध गेर दलों की ओर से गेर नृत्य किया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा मेलार्थियो के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था एवं मेले में हाट बाजार में दुकाने एवं झूले लगाने के लिए स्थान की उचित व्यव-स्था की गई है।

### कल बंद रहेगा बाजार

व्यापार मंडल विकास समिति नाडोल अध्यक्ष प्रकाश मेवाड़ा के अनुसार आशापुरा माता मेले व शीतला माता पूजन के चलते शनिवार को सम्पूर्ण बाजार बंद रहेगा।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की निर्वाचन संबंधी विषयों पर चर्चा



**राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को कलक्टर कार्यालय में निर्वाचन संबधी विषयों पर बैठक आयोजित की गई। उन्होंने मतदाता सूची, मतदान केन्द्रों एवं बीएलए नियुक्ति से संबंधित विषयों पर राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रनिनिधियों के साथ जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता की नियुक्ति, मतदान केन्द्रों एवं मतदाता सूची आदि से संबंधित विषयों पर चर्चा की व जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त किए जाने के लिए पुनः फोर्म बीएलए-1 व बीएलए-2 शीघ्राताशीघ्र उपलब्ध कराने है। जिले की अनुमानित जनसंख्या के अनुसार जिले का लिंगानुपात 931 होना चाहिए। अंतिम प्रकाशन के समय यह 936 था, जो अब बढ़कर 937 हो गया है। मतदाता जनसंख्या अनुपात 716 होनी चाहिए। अंतिम प्रकाशन के समय 711 था जो अब बढ़कर 713 हो गया है। 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या जिले में अनुमानित जनसंख्या 88067 की तुलना में 43120 है। इस आयुवर्ग में शेष युवाओं को और पंजीकृत करने की आवश्यकता है।

### इस संबंध में भी दी जानकारी

निर्वाचन से संबंधित विभिन्न आइटी एप्लीकेशन यथा वोटर हैल्प लाइन, इसीआइ सक्षम एप आदि की जानकारी प्रदान की गई। राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा शीघ्र ही बीएलए-1 नियुक्त किए जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम डॉ. बजरंगसिंह, अति. नोडल अधिकारी निर्वाचन विभाग सुरेन्द्र जैन, तहसीलदार (निर्वाचन) रेखादेवी पाली एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, कांग्रेस महासचिव रफीक चौहान व बीएसपी के जिला प्रभारी अचलाराम मौजूद थे।

## जणवा चौधरी समाज रसोइया ग्रुप का सम्मेलन 30 को शिरडी में



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** अखिल भारतीय जणवा चौधरी समाज रसोइया ग्रुप मुंबई का महासम्मेलन 30 मार्च को महाराष्ट्र के हिंगलाज माता मंदिर सावलाराम पाटकर मैदान शिरडी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल ने अखिल भारतीय जणवा चौधरी समाज के धर्मगुरु गादीपति महामंडलेश्वर संतोषदास उर्फ छोटू महाराज दांतीवाड़ा को निमंत्रण पत्रिका देकर कार्य म में आने का न्यौता दिया। इस आयोजन में संतोषदास महाराज के साथ करुणाकरण दास महाराज, पकाराम महाराज, केरा महाराज, महंत राघवदास, महंत दशरथदास, बुआजी राजूभाई का सान्निध्य रहेगा।

### इनका रहेगा आतिथ्य

मुख्य अतिथि के तौर पर महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, खासदार अरविंद सावंत, कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, सांसद मिलिंद देवड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राज के पुरोहित शिरकत करेंगे। विशेष अतिथि आमदार अजय चौधरी, नगर सेवक सचिन पाडवल, पूर्व शाखा प्रमुख शेखर व्यास होंगे। सम्मानित अतिथि के तौर पर सह पुलिस आयुक्त सत्यनारायण चौधरी, सह पुलिस आयुक्त योगेश गावडे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीप पोपट शरीक होंगे।

### कोट बालियान के भीकाराम देंगे भजनों की प्रस्तुति

रात्रि में भजन कार्यक्रम होगा। जिसमें कलाकार भीकाराम देवासी एंड पार्टी कोट बालियान द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी प्रस्तुति। मंच संचालन एडवोकेट विजयराज चौधरी मुंडारा करेंगे। कार्य म को लेकर प्रतिनिधि मंडल के लुंबाराम चौधरी, हीराराम चौधरी, दिनेश चौधरी खुडाला, हाकाराम चौधरी मुंडारा, विनोद चौधरी डुंगरली, दिनेश चौधरी, मोहन चौधरी लालराई ने विभिन्न जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी को कार्य म में आने का न्यौता दिया।

## जनसुनवाई में 'जन' की हुई 'सुनवाई'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीणा ने मावल ग्राम पंचायत में जनसुनवाई की। ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। मौके पर ही अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी ने अधिकाधिक काश्तकारों को फार्मर रजिस्ट्री शिविर में पंजीयन करवाने की जानकारी दी। ग्राम विकास अधिकारी को नियमित सफाई के निर्देश दिए। ग्रामीण माजीद खान व मुकेशसिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग कट पर हाईमास्क लाईट लगवाने का प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नियमानुसार कार्रवाई को आश्वस्त किया गया। मावल से वासड़ा सडक नवीनीकरण की मांग पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता को कार्रवाई के निर्देश दिए। हार्डसिंह गुर्जर ने पटटा दिलवाने की का निवेदन किया। जिस पर ग्राम विकास अधिकारी को स्वामित्व योजना के तहत तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। कैलाश कुमार ने ममता कार्ड दिलवाने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर संबंधित विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिए। जनसुनवाई में आबूरोड तहसीलदार, सीबीईओ सतीशचन्द्र पुरोहित, सीपीडीओ योषिता कल्ला, बीसीएमओ डॉ. गौतम मोरारका, कनिष्ठ अभियन्ता प्रशांत गोयल, कनिष्ठ अभियन्ता पीडब्लयुडी ललित कुमार, प्रोग्रामर हरीश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी रघुनाथसिंह आड़ा समेत अधिकारी,कार्मिक व ग्रामीण उपस्थित थे।



## आबकारी विभाग : 33 वाहनों की नीलामी से 73 लाख का राजस्व मिला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के मामलो में थानों में जब्त भारी एवं हल्के वाहनों की आबकारी विभाग ने गुरुवार को नीलामी की है। 33 वाहनों की नीलामी से आबकारी विभाग को 73 लाख की आय हुई है। जिला आबकारी अधिकारी अजय जैन ने बताया कि 33 वाहनों की नीलामी में 32.15 लाख की आरक्षित राषि के विरूद्ध करीबन 73 लाख का राजस्व अर्जित हुआ। उक्त नीलामी में कोषाधिकारी अल्कासिंह, परिवहन विभाग से सुजानाराम चौधरी एवं आबकारी विभाग सिरोही के सहायक आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक, प्रहराधिकारी एवं सहायक लेखाधिकारी मौजुद रहे।

## 8वीं बोर्ड की परीक्षा शुरु, 17 हजार 862 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**परीक्षा के लिए 145 सेंटर बनाए**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में आठवीं बोर्ड परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई है। परीक्षा के लिए 18 हजार 202 विद्यार्थियों ने पंजीयन करवाया था। जिसमें से 17 हजार 862 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा 340 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिले के परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा के लिए 145 परीक्षा केंद्रों पहला पेपर अंग्रेजी का दिया। परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की गई।

**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा का आयोजन किया गया। केंद्राधीक्षक शशि चौरडिया ने बताया की पंजीकृत विद्यार्थी 201 थे। जिसमें 2 अनुपस्थित रहे। प्रधानाचार्य शशि चौरडिया ने यह भी बताया की बोर्ड परीक्षा के दौरान जिलास्तर से हरिशंकर मीणा और आरपी रघुवीरसिंह अतिरिक्त अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अधिकारी उपस्थित हुए।



# पहले ही दौर में हारकर बाहर हुईं पीवी सिंधू



▶▶ प्रणय को हराकर श्रीकांत प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू बुधवार को स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। सिंधू का इस साल खराब प्रदर्शन जारी है। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को दुनिया की 31वें नंबर की खिलाड़ी जूली जैकबसेन से 61 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हरा दिया। सिंधू इस साल लगातार तीसरी बार पहले दौर से बाहर हुई हैं। उन्होंने इंडियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर साल की शुरुआत की थी, लेकिन इंडोनेशिया मास्टर्स, ऑल इंग्लैंड ओपन और अब स्विस ओपन में राउंड एक से आगे नहीं बढ़ सकी। इस टूर्नामेंट को उन्होंने 2022 में जीता था। दुनिया के 64वें नंबर के खिलाड़ी क्वालिफायर शंकर सुब्रमण्यन ने पुरुष एकल में मैग्नस जोहानिसन को 21-5, 21-16 के प्रभावी स्कोर से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका सामना डेनमार्क के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय-इशारानी बरुआ अपने मैच जीतकर आगे बढ़ने में कामयाब रहीं।


## स्विस ओपन 2025 बैडमिंटन : भारत का दूसरे दिन का परिणाम

### ▶▶ मिश्रित युगल
- आयुष अग्रवाल/श्रुति मिश्रा को पक्कापों तीररतसकुल/फटाइमस मुएंवोंग (थाईलैंड) 21-18, 21-9 से हराया
- आशिथ सूर्या और अमृता प्रमुतेश झू यी जून/झांग ची (चीन) से 21-10, 21-9 से हार गए
- सतीश करुणाकरन/आध्या वरियाट पीट कोसिला ममरी/तनीना मम्मेरी (अलक) 21-15, 22-20।

### ▶▶ पुरुष एकल
- आयुष शेट्टी केंटा निशिमोतो (JPN) से 21-15, 21-19 से हार गए
- किदांबी श्रीकांत ने एचएस प्रणय को 23-21, 23-21 से हराया
- शंकर सुब्रमण्यन ने मैग्नस जोहानसेन (डेनमार्क) को 21-5, 21-16 से हराया
- किरण जॉर्ज रासमस गेम्के (डेनमार्क) से 21-18, 17-21, 10-21 से हार गए

### ▶▶ महिला एकल
- वारनिंग बरुआ ने आकर्षी कश्यप को 21-18, 17-21, 20-22 से हराया
- आर संतोष रामराज लाइन क्रिस्टोफरसन (डेनमार्क) से 21-11, 21-17 से हार गईं
- मालविका बंसोद मिशेल ली (CAN) से 20-22, 21-14, 21-19 से हार गईं
- पीवी सिंधू जूली जैकबसेन (डेनमार्क) से 21-17, 21-19 से हार गईं

# IPL 2025 के बाद भी संन्यास नहीं लेंगे धोनी ?



**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से 2019 में रिटायरमेंट लेने वाले एमएस धोनी अभी आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं। अपनी कप्तानी में टीम को पांच बार चैंपियन बनाने वाले धोनी अब ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में खेलते हैं। पिछले दो-तीन सीजन में हर बार अफवाएं फैली हैं कि धोनी रिटायरमेंट ले सकते हैं लेकिन सीजन खत्म होने पर हर बार धोनी उन खबरों को खारिज ही किया है। धोनी की फिटनेस वैसे अभी भी अच्छी है लेकिन उनके घुटने में समस्या रही है जिसका 2023 में ऑपरेशन भी हुआ था। यही कारण उन्हें आईपीएल से रिटायरमेंट लेने पर मजबूर कर सकता है। इस बीच उनके साथ खेल चुके रॉबिन उथप्पा ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि अगर वह अगले चार साल और आईपीएल खेलें तो भी मुझे कोई हैरानी नहीं होगी। एमएस धोनी को घुटने में तकलीफ है और आईपीएल 2023 के बाद तो उन्हें घुटने की सर्जरी भी करानी पड़ी थी। आईपीएल के पिछले दो सीजन में उन्होंने कुल 130 गेंदें खेली हैं और इसमें वह अच्छे नजर आए थे। इस बार भी धोनी के संन्यास को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। क्या धोनी आईपीएल 2025 के बाद भी खेलना जारी रखेंगे? सीएसके और टीम इंडिया में उनके साथ खेल चुके रॉबिन उथप्पा का मानना है कि कोई भी धोनी के दिमाग को नहीं पढ़ सकता।

### एमएस अगले चार साल तक खेले तो भी हैरानी नहीं : उथप्पा

रॉबिन उथप्पा ने जियो हॉटस्टार पर कहा, "अगर आपके पास वो हुनर है और अगर आपके पास आगे बढ़ने का जुनून है तो मुझे नहीं लगता कि कोई किसी चीज आपको रोक सकती है। अगर वह (एमएस धोनी) आईपीएल 2025 सीजन के अंत में संन्यास ले लेते हैं तो मुझे हैरानी नहीं होगा। लेकिन अगर धोनी अगले चार आईपीएल सीजन और खेलते हैं तो भी मुझे कोई हैरानी नहीं होगी।"

### आईपीएल करियर

पहले सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे एमएस धोनी दो साल पुणे सुपरजायंट्स के लिए खेले थे, इस दौरान सीएसके पर बैन लगा हुआ था। फिर धोनी सीएसके में लौट आए थे। धोनी ने अपनी कप्तानी में चेन्नई को पांच खिताब जिताए हैं। धोनी के आईपीएल करियर की बात करें तो उन्होंने 264 मैचों में 5243 रन बनाए हैं। आईपीएल में उन्होंने 24 अर्धशतकीय पारियां खेली हैं, उनका आईपीएल में सर्वाधिक स्कोर 84 रन का है।

# विजेता भारतीय टीम पर पैसों की बारिश




- बीसीसीआई ने 58 करोड़ रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जीत के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए 58 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि इनामी राशि खिलाड़ियों और स्टाफ के बीच कैसे बांटी जाएगी। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश पर छह विकेट की ठोस जीत के साथ की, फिर पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट की शानदार जीत हासिल की। उन्होंने ग्रुप स्टेज के अंतिम मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराने न्यूजीलैंड से फाइनल में चार विकेट से जीत दर्ज की। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि 15 खिलाड़ियों और मुख्य कोच गौतम गंभीर को तीन-तीन करोड़ रुपए दिए जाएंगे। खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि का बंटवारा अर्शदीप सिंह, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर तक भी फैला हुआ है, जिन्हें 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला।

## अब फिर से मैदान पर लौट पाएंगे शाकिब

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को 'क्लीन चिट' मिल गई है और अब वह मैदान पर लौट सकेंगे।



शाकिब अब वनडे और दुनिया भर की लीग में खेल सकते हैं। वह टेस्ट और टी20 प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। शाकिब ने क्रिकबज से कहा, 'यह खबर सही है (गेंदबाजी टेस्ट में खरा उतरना) और मैं फिर गेंदबाजी कर सकता हूं।' उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन की तीसरी समीक्षा कहां कराई।

# भारत ने मालदीव को 3-0 से हराया

## संन्यास से वापसी पर चमके कप्तान सुनील छेत्री



**शिलांग।** भारत ने मालदीव को 3-0 से हरा दिया। शिलांग में खेले गए इस मुकाबले में संन्यास से वापसी कर पहली बार मुकाबला खेलने उतरे कप्तान सुनील छेत्री ने शानदार प्रदर्शन किया और टीम को जीत दिलाई। राहुल भेके ने 35वें मिनट में शानदार हेडर के जरिए पहला गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। 66वें मिनट में लिस्टन कोलाको ने एक और शानदार हेडर लगाया, जिससे भारत 2-0 से आगे हो गया। फिर 76वें मिनट में भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने बहुप्रतीक्षित गोल किया, वह भी हेडर ही था। इस तरह भारतीय टीम ने यह मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### छेत्री ने किया करियर का 95वां अंतरराष्ट्रीय गोल

पिछले साल मई में संन्यास लेने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले 40 वर्षीय छेत्री ने इस दिन को यादगार बना दिया। उन्होंने 77वें मिनट में हेडर से भारत के लिए तीसरा गोल करके अपना 95वां अंतरराष्ट्रीय गोल दाग दिया। छेत्री 47वें मिनट में भी गोल करने के करीब पहुंचे थे लेकिन मालदीव के गोलकीपर ने उनका प्रयास विफल कर दिया था।

## संजू नहीं, रियान पराग करेंगे राजस्थान रॉयल्स टीम की कप्तानी

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के पहले तीन मैचों के लिए रियान पराग को टीम का कप्तान बनाया है। युवा ऑलराउंडर 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में टीम की कमान संभालेंगे। 26 मार्च को गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और 30 मार्च को पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ घरेलू मुकाबले खेलेंगे। रियान विराट कोहली के बाद आईपीएल में सबसे युवा कप्तानों में से एक होंगे। सैमसन विशेषज्ञ बल्लेबाज सह इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में खेलेंगे क्योंकि उन्हें उंगली की सर्जरी के बाद विकेटकीपिंग करने की मंजूरी नहीं मिली है। सैमसन को मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच के दौरान जोफ्रा आर्चर की गेंद पर उंगली में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद उन्हें एक छोटी सी सर्जरी करानी पड़ी। उन्हें बल्लेबाजी करने की मंजूरी मिल गई है, लेकिन बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मेडिकल और स्पोर्ट्स साइंस टीमें चाहती हैं कि विकेटकीपिंग शुरू करने से पहले वह अपनी उंगलियों को थोड़ा और आराम दें।



# म नो रं ज न

## हिंदी में बनेगी श्रीलंका की मशहूर कॉमेडी 'टेंटिगो'



श्रीलंका की मशहूर फिल्म 'टेंटिगो' एक कॉमेडी फिल्म है, जिसे अब टू स्टोरी फिल्म्स के बैनर तले हिंदी में बनाया जाएगा। श्रीलंकाई कॉमेडी फिल्म 'टेंटिगो' 2023 में तालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में पहली बार दिखाई गई थी और वहां इस फिल्म को स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी मिला था। 'टेंटिगो' के हिंदी संस्करण को टू स्टोरी फिल्म्स के साथ क्रॉलिंग एंजल फिल्म्स मिलकर बनाएंगे, जिसमें संजय गुलाटी और नीरज पांडे सह-निर्माता होंगे। मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा भी इस फिल्म से बतौर निर्माता जुड़े हैं। फिल्म की कहानी को हिंदी में ढालने का काम करन व्यास करेंगे, जो 'स्कैम 1992' और 'स्कूप' जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए जाने जाते हैं। हंसल मेहता ने कहा, "मैं आमतौर पर रीमेक बनाने के पक्ष में नहीं हूं, लेकिन इस फिल्म ने मुझे वाकई उत्साहित किया है, जिस पल मैंने श्रीलंकाई फिल्म 'टेंटिगो' देखी, मैं अपनी हंसी नहीं रोक पाया।

## 'सिकंदर' में नजर आएंगी काजल अग्रवाल



ईद के खास मौके पर सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' रिलीज होगी। इस फिल्म में काजल अग्रवाल भी एक अहम किरदार में नजर आएंगी। जानिए, दक्षिण भारतीय फिल्मों का जाना-माना नाम रहीं काजल अग्रवाल ने 'सिकंदर' से पहले किन हिंदी फिल्मों में काम किया है। जल्द ही सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' रिलीज होगी। इस फिल्म में हीरोइन के तौर पर रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। लेकिन साउथ फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री काजल अग्रवाल का भी 'सिकंदर' में अहम रोल है। काजल ने पहले भी कुछ चुनिंदा बॉलीवुड फिल्में की हैं। काजल अग्रवाल ने अपने करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म 'क्यों हो गया ना' से की थी, इसमें वह ऐश्वर्या राय बच्चन के किरदार की बहन के रोल में दिखीं। यह फिल्म 2004 में रिलीज हुई। समीर कार्णिक निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और विवेक ओबेरॉय जैसे अभिनेता भी थे। लेकिन फिल्म चली नहीं ऐसे में काजल ने दक्षिण भारतीय फिल्मों का रुख किया वह तेलुगू, तमिल फिल्में करनी लगीं, हीरोइन के तौर पर वहां मशहूर हुईं। फिर साल 2011 में काजल अग्रवाल, अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम' में काव्या के किरदार में दिखीं। इस फिल्म को रोहित शेट्टी ने निर्देशित किया। साल 2013 में काजल अग्रवाल अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'स्पेशल 26' में दिखीं। फिल्म को नीरज पांडे ने निर्देशित किया था। अक्षय ने फिल्म में नकली सीबीआई ऑफिसर का रोल किया, वहीं काजल उनकी प्रेमिका के रोल में दिखीं। काजल अग्रवाल ने रणदीप हुड्डा के साथ एक लव स्टोरी फिल्म 'दो लफ्जों की कहानी (2016)' की थी। इस फिल्म में वह एक अंधी लड़की के रोल में दिखीं।

## चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक को मिला 'महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड

एक्टर कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में फिल्म 'चंदू चैंपियन' में नजर आए थे, जहां उनके मुरलीकांत पेटकर के दमदार किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और उनकी एक्टिंग खूब सराहना हुई थी। इस फिल्म के लिए कार्तिक को 'महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर 2025' अवॉर्ड से नवाजा गया है। पेटकर के रोल के जरिए कार्तिक ने महाराष्ट्र के इस अनदेखे हीरो की प्रेरणादायक कहानी को बड़े पर्दे पर उतारा, जिन्होंने भारत के लिए पहला पैरालंपिक गोल्ड मेडल जीता था। कार्तिक की इस भूमिका के प्रति समर्पण, ट्रांसफॉर्मेशन और मेहनत ने न सिर्फ पेटकर की मजबूती और जज्बे को शानदार तरीके से पेश किया, बल्कि उनकी शानदार कहानी को एक बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाया। इस अवॉर्ड के साथ कार्तिक ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया, बल्कि महाराष्ट्र के गौरव को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।



## शनाया कपूर ने साझा की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' के सेट से तस्वीर



बॉलीवुड में एंट्री को तैयार एक और स्टारकिड शनाया कपूर, जो अभिनेता संजय कपूर की बेटी हैं और अनिल कपूर की भतीजी हैं। हालांकि, शनाया कपूर का डेब्यू अभी तक बॉलीवुड में हुआ भी नहीं है, लेकिन उनके पास सिर्फ एक नहीं बल्कि कई फिल्में हैं। जिनमें से किसी का टीजर जारी हो चुका है, तो किसी की शूटिंग पूरी हो चुकी है, जबकि किसी की शूटिंग चल रही है। बॉलीवुड में एंट्री से पहले शनाया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब शनाया ने अपनी फिल्म 'आंखो की गुस्ताखियां' की शूटिंग के दौरान की एक थ्रोबैक फोटो अपने इंस्टाग्राम पर साझा की है। शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' लगातार चर्चा में बनी हुई है। शनाया अक्सर ही फिल्म की थ्रोबैक फोटोज अपने फैंस के साथ इंस्टाग्राम पर साझा करती रहती हैं। अब शनाया ने एक बार फिर फिल्म के सेट से एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में शनाया फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' के अपने लीड एक्टर विक्रांत मेसी के साथ एक साइकिल पर बैठी नजर आ रही हैं।

# जवाई के जंगल में लेपर्ड के हमले में चरवाहे की मौत

## » पाली जिले में लेपर्ड के हमले में संभवतया पहली मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बाली के जवाई क्षेत्र के जंगल में बकरियां चराने गए एक चरवाहे की लेपर्ड (पेंथर) के हमले में मौत हो गई। हमला करने के दौरान चरवाहे के पिता के चिल्लाने पर लेपर्ड युवक को जख्मी हालत में मौके पर छोड़ भाग गया। युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। सुमेरपुर क्षेत्र के बलवना गांव का निवासी पच्चीस वर्षीय भोलाराम अपने पिता कानाराम के साथ जवाई क्षेत्र के जंगल में बकरियां चराने गया था। इस दौरान पीछे से लेपर्ड ने हमला कर उसकी गर्दन को जबड़े में दबोच लिया। अचानक हुए हमले में युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला। लेपर्ड उसे दबोच कर



गुफा की ओर ले जाने लगा। लेकिन, इस दौरान समीप ही मौजूद युवक के पिता के चिल्लाने व लाठी पटकने पर लेपर्ड युवक को लहूलुहान हालत में छोड़ भाग गया। युवक के पिता की सूचना पर पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। युवक को तत्काल सुमेरपुर के अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सीओ सुमेरपुर जितेन्द्रसिंह ने बताया कि मृतक की बॉडी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई है। वन विभाग की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### नरभक्षी बनने से पहले ही पकड़ा गया लेपर्ड

उधर लेपर्ड के हमले व युवक की मौत को वन विभाग की टीम ने काफी गंभीरता से लिया। उसे पकड़ने के लिए दो पिंजरे लगाए गए। देर शाम को लेपर्ड एक पिंजरे में फंस गया।

### वनकर्मियों का दावा, पकड़ा गया हमला करने वाला लेपर्ड

वन विभाग के अधिकारी इसे युवक पर हमला करने वाला लेपर्ड बता रहे है। हालांकि, इसकी पुष्टि कैसे हुई कि यह वो ही लेपर्ड है, कुछ स्पष्ट नहीं है। किसी तकनीक या आधार से यह दावा किया गया है, अभी तक स्पष्ट नहीं है।

# मॉक ड्रील: पाइप लाइन में लगी आग, मची अफरातफरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** ऑयल पाइप लाइन में लगी आग..., उठता धुंए का गुबार..., सीटी बजाकर भीड़ को नियंत्रित करता सुरक्षा कर्मचारी..., सायरन बजाती पहुंची दमकल व एम्बूलेंस..., लाइन को दुरूस्त करते कर्मचारी..., मौके का निरीक्षण करते अधिकारी... कुछ ऐसा ही नजारा गुरुवार को वाडा गांव में इंडियन ऑयल पश्चिमी क्षेत्र पाइप लाइन में लगी आग के दौरान देखने को मिला। मौका था मौक ड्रील के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यदक्षता की जांच करने का। मौक ड्रील के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के मौके पर पहुंचने का आंकलन किया गया। पाइप लाइन सुरक्षा से संबंधित आकस्मिक स्थिति में विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को परखना व आपातकालीन प्रतिक्रिया को मजबूत बनाना था। मॉक ड्रिल के दौरान इंडियन ऑयल के अधिकारियों ने फायर फाइटिंग उपकरणों का प्रदर्शन किया। ताकि, जान-माल का नुकसान

**वाडा गांव में किया पूर्वाभ्यास**



कम से कम हो सके। आपातकालीन स्थिति में लोगों को सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने को जागरुक किया गया। इंडियन ऑयल के अधिकारियों ने बताया कि पाइपलाइनों को नुकसान पहुंचाने या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि,




अनाधिकृत खुदाई, चोरी या पाइप लाइनों को क्षति पहुंचाना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसा करना न केवल मानवीय जीवन और संपत्ति के लिए भारी खतरा पैदा कर सकता है। बल्कि, यह बड़े पैमाने पर तेल विस्फोट और रिसाव का कारण भी बन सकता है।

### तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी

मॉकड्रिल के दौरान नागरिकों और स्थानीय अधिकारियों को पाइपलाइन सुरक्षा से संबंधित इंडियनऑयल की तकनीकों व प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान टोल फ्री नंबर 18001806545,18002709060 और ईमेल आईडी साझा किए गए। ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रदान की जा सके। पाइप लाइन सुरक्षा से संबंधित सूचना देने वालों को उचित पुरस्कार दिया जाता है। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाती है।

### समन्यवय का आंकलन

मॉक फायर ड्रिल न केवल आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयारियों को परखने में सफल रही। बल्कि, स्थानीय प्रशासन, पुलिस व पैट्रोलियम कंपनियों के बीच सहयोग और समन्वय को मजबूत करने का भी माध्यम बनी। ऐसे अभ्यास न केवल सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाते हैं।

### यह भी रहे मौजूद

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन, गेल इंडिया, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन, गुजरात गैस, जीआईजीएल व जिला प्रशासन के सहयोग से आपातकालीन ऑफ साइट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान जिला प्रशासन के नायब तहसीलदार नैनाराम, पिंडवाड़ा डीएसपी भंवरलाल, माउंट आबू डीएसपी गोमाराम, आबूरोड सदर थानाधिकारी, रोहिड़ा थानाधिकारी, वारिष्ठ फैक्ट्री इंस्पेक्टर धीरज पंवार, आईओसीएल उप महाप्रबंधक महेश करोल, गेल महाप्रबंधक अमरसिंह टैगोर, पैट्रोलियम कंपनियों के उच्चाधिकारी, वाडा सरपंच, पिंडवाड़ा पालिका, चिकित्सा विभाग, आपातकालीन सेवाओं ने हिस्सा लिया।

# साबरमती-दौलतपुर चौक-साबरमती के टर्मिनल स्टेशन में परिवर्तन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रेलवे की ओर से साबरमती-दौलतपुर चौक- साबरमती के टर्मिनल स्टेशन साबरमती के स्थान पर गांधीनगर कैपिटल से आगमन-प्रस्थान, गांधीनगर कैपिटल-जम्मूतवी, गांधीनगर कैपिटल रेलसेवा साबरमती तक विस्तार व भावनगर टर्मिनस-शहीद कप्तान तुषार महाजन रेलवे स्टेशन रेलसेवा का गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 19411 साबरमती- दौलतपुर चौक 15 मई से आगामी आदेशों तक साबरमती के स्थान पर गांधीनगर कैपिटल स्टेशन से 10.05 बजे दौलतपुर चौक के लिए, गाड़ी संख्या 19412 दौलतपुर चौक-साबरमती रेलसेवा 14 मई से आगामी आदेशों तक दौलतपुर चौक से प्रस्थान करेगी। साबरमती के स्थान पर गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर 15.05 बजे आगमन करेगी। गाड़ी संख्या 19224 जम्मूतवी-साबरमती रेलसेवा 14 मई से आगामी आदेशों तक जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी। वह गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर 13.10 बजे आगमन व 13.10 बजे प्रस्थान कर साबरमती स्टेशन पर 14.05 बजे आगमन करेगी। गाड़ी संख्या 19223 साबरमती जम्मूतवी रेलसेवा 15 मई से आगामी आदेशों तक साबरमती से 10.12 बजे रवाना होकर गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर 10.53 बजे आगमन व 10.58 बजे प्रस्थान कर जम्मूतवी के लिए संचालित होगी। गाड़ी 19107 भावनगर टर्मिनस-तुषार महाजन रेलवे स्टेशन रेलसेवा 18 मई से आदेशों तक भावनगर टर्मिनस से प्रस्थान करेगी। वह गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर समय 9.50 बजे आगमन व 9.52 बजे प्रस्थान के स्थान पर परिवर्तित समय 10.05 बजे आगमन व 10.10 बजे प्रस्थान कर महाजन रेलवे स्टेशन के लिए संचालित होगी।

# बेजुबानों का सहारा बने विश्नोई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में कई संगठन समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा ऐसे कई लोग भी है जो बेजुबान जानवरों की सेवा कर रहे हैं। इनमें ही एक नाम जालोर के हरियाली निवासी अशोक विश्नोई का है, जो पिछले कहीं सालों से बीमार बेजुबान का सहारा बने हुए है। सिरोही की कोई गली ऐसी नहीं होगी जहां पर उन्होंने किसी बेजुबान जानवर का इलाज नहीं करवाया होगा । विश्नोई हर महीने 250 से अधिक श्वान एवं अन्य बेजुबानों का इलाज करते है। विश्नोई ने बताया कि वे पढ़ाई के लिए 2018 में सिरोही आए थे। उन्होंने यहां देखा की श्वानों की हालत बहुत खराब है। इस पर उन्होंने ठान लिया कि वे इन बेजुबानो का सहारा बनें। उन्होंने पिछले दिनों सिरोही में रेबीज संक्रमित श्वानों को पकड़कर नगर परिषद को दिए और उनको अलग रखने की बात रखी। इनकी मुहिम में बलवंत मीणा, जगदीश विश्नोई, तरुण जोशी, आदित्य सांगेला, तृप्ती जैन समेत कई जीवप्रेमी शामिल हुए है। विश्नोई ने बताया कि उन्होंने वॉइस फॉर एनिमल नाम से एक संस्था का निर्माण किया है। जिनके विश्नोई संस्थापक है। जो बेजुबानों का उपचार कर रहे है। उन्होनें बताया कि रविवार को रेबीज बीमारी के लिए शिविर का आयोजन कर रहे है। ताकि शहर को रेबीज मुक्त बनाया जा सके।

# राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला अस्पताल में दंत विभाग की ओर से गुरुवार को 'एक खुश मुंह है, एक खुश शरीर' थीम पर पीएमओ डॉ वीरेन्द्र महात्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कनिष्ठ विशेषज्ञ डॉ लितिन खत्री ने बताया कि दांतो कि सेहत को लेकर जिले में लोगों को जागरूक करने के लिए सप्ताहभर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। डॉ लितिन खत्री, डॉ श्रद्धा दाधीच एवं डॉ. भूमिका एस परिहार ने लोगों को मुंह एवं कैंसर स्क्रीनिंग की जानकारी दी। थीम के अनुसार नवजात शिशु,गर्भवती महिला को अपने दिनचर्या में किस तरह मुख के स्वास्थ्य का ध्यान रखना है। उन्होंने बताया की स्वस्थ और चमकते दांत न केवल आपकी मुस्कान को खुबसूरत बनाते हैं, बल्की संपूर्ण सेहत के लिए जरूरी होते हैं। डॉ जयप्रकाश कुमावत ने तम्बाकू सेवन से होने वाले नुकसान व तम्बाकू से मुंह संबंधी रोगों के बारे में जानकारी दी। नर्सिंग स्टूडेंटो ने दांतो कि सुरक्षा को ले कर पोस्टर बनाये। 52 मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया गया। कार्यक्रम का संचालन एमसीडी नर्सिंग अधिकारी नीतिश गुप्ता एवं डेंटल टेक्निशियन रणधीरसिंह ने किया। डॉ रविंद्र खींची, नर्सिंग अधीक्षक नेमीचंद बालोटिया, अशोक तंवर, एएनएमटीसी प्रभारी सुनीता नटराजन, नर्सिंग ट्युटर एनीमोल सहित अन्य मेडिकल स्टॉफ मौजूद थे।

# देसूरी तहसील में किसान सम्मान निधि योजना में गड़बड़झाला

## प्रदेश के बाहर के 4793 खातों में ट्रांसफर हो गए डेढ़ करोड़ रुपए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** देसूरी तहसील में किसान सम्मान निधि योजना में डेढ़ करोड़ रुपए का बड़ा गड़बड़झाला सामने आया है। प्रदेश के बाहर के 4793 खातों में योजना से संबद्ध एक करोड़ 51 लाख 24 हजार रुपए ट्रांसफर हुए है। इससे पूर्व रानी, मारवाड़ जंक्शन में भी ऐसे मामले हो चुके है। इस मामले को लेकर तहसीलदार हरेन्द्रसिंह चौहान ने देसूरी थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि पीएम किसान आइडी पर वार्षिक भौतिक सत्यापन के दौरान लगभग 32 हजार फर्जी ऑनलाइन आवेदन प्रात होने पर संदेहास्पद प्रतीत होने पर उन आवेदनों का अवलोकन दिसम्बर 2020 में कराया गया। जिसमें ज्यादातर आवेदन पश्चिम बंगाल व बिहार के मिले। जो देसूरी तहसील क्षेत्र के बाहर के किसान है। इन किसानों के खाते नम्बर भी बाहर के है। संदेहास्पद पाए जाने पर सभी प्रकरणों का पटवारी से भौतिक सत्यापन कराया गया। जिसमें से लगभग 20 हजार (अन्य राज्य, मृत्यु,आयकरदाता व राजस्व रेकॉर्ड में नाम त्रुटि) अपात्र किसानों को जनवरी 2021 में अपात्र घोषित कर दिया गया। इन किसानों के सीएससी/सेल्फ रजिस्ट्रेशन के बाद फर्जी तरीके से स्वप्रमाणित किया जाना प्रतीत होता है। जिसके कारण राजकीय राशि का हस्तांतरण अपात्र किसानों के खाते में होने के कारण राजकीय राशि का दुरूपयोग हुआ है। मामला दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आ गई एवं गहन अनुसंधान में जुट गई।

**तहसीलदार हरेन्द्रसिंह ने थाने में दर्ज करवाया मामला**




### वर्ष 2019-20 में हुआ गड़बड़झाला

वर्ष 2019, 2020 में इस तरह के मामले में तहसील कार्यालय से संबंधित अधिकारियों को सूचना भेजी गई थी। जिस पर उन्हें वापसी में जवाब मिला कि तकनीकी समस्याओं के कारण यह वृद्धि हुई है। इसे दिल्ली टीम द्वारा कुछ समय मे ठीक कर लिया जाएगा।

# पार्षदों की बगैर स्वीकृति से लिए गए प्रस्ताव खारिज करने की मांग

### पार्षदों को गुमराह कर प्रस्ताव लेने व एक माह तक प्रोसेडिंग की कॉपी नहीं देने का आरोप

### जिम्मेदारों पर कानूनी कार्यवाही की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** नगर पालिका में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। बीती 13 फरवरी को नगरपालिका ने एक वर्ष के अंतराल के बाद बोर्ड की आमसभा में मात्र 20-25 मिनट में 51 करोड़ 14 लाख 9 हजार रुपए का बजट पारित कर दिया था। नेता प्रतिपक्ष राकेश मेवाड़ा ने डीडीआर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि बजट बैठक में केवल एक एजेंडा था। लेकिन



**नगर पालिका बोर्ड बैठक का मामला**

पार्षदों के विरोध के बाद नगरपालिका ने एक माह बाद जो प्रोसीडिंग कॉपी दी, उसमें कई एजेंडे जोड़े गए थे। मेवाड़ा ने इसे गैरकानूनी बताते हुए कार्रवाई की मांग की। 13 फरवरी को आयोजित बैठक में पालिकाध्यक्ष खुमीदेवी बावरी, उपाध्यक्ष हीराराम जाट और अधिशासी अधिकारी नीलकमल सिंह उपस्थित थे। कई पार्षदों के पहुंचने से पहले ही बैठक समाप्त कर दी गई। एक माह बाद भी पार्षदों को बैठक की प्रोसीडिंग कॉपी नहीं मिली। सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षद आशंकित हैं कि एजेंडे में बिना शामिल किए गए प्रस्तावों को बाद में जोड़ा जा सकता है। इसे लेकर पार्षदों ने शिकायत की तब जाकर नगरपालिका ने प्रोसिडिंग कॉपी दी तो यह मामला सामने आया। गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राकेश मेवाड़ा, पार्षद रमेश प्रजापत व वसीम नागौरी ने डीडीआर जोधपुर, पाली जिला कलेक्टर व देसूरी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर जिम्मेदारों पर कानूनी कार्रवाई व बिना एजेंडे लिए प्रस्ताव को निरस्त करवाने की मांग की। सोशल मीडिया पर दो दिन पूर्व भाजपा पार्षद नारायण राइका ने भी नगर पालिका प्रशासन पर बोर्ड बैठक की कॉपी नहीं देकर बिना बताए नए एजेंडे लेकर पार्षदों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। आरोपा सोशल मीडिया पर आते ही जनता में यह मामला चर्चा में शुमार हो गया है। भाजपा के बोर्ड में भाजपा पार्षद भी बोर्ड के कार्य से असंतुष्ठ नजर आ रहे है।

## पालिका बोर्ड बैठक में पारित प्रस्तावों पर जताई आपत्ति

**देसूरी।** सादड़ी नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष राकेश मेवाड़ा सहित पार्षदों ने उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सांदू को ज्ञापन सौंप सादड़ी नगर पालिका की 13 फरवरी 2025 को आयोजित साधारण सभा बैठक में कथित रूप से बिना चर्चा के कुछ प्रस्ताव पारित करने का आरोप लगाते हुए इस पर आपत्ति जताई एवं इन्हें निरस्त करवाने की मांग की। ज्ञापन में जताई गई आपत्ति में विशाल भाटी की सहायक तकनीकी अभियंता के रूप में स्थाई नियुक्ति, सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति, श्मशान भूमि आवंटन विवाद और सरकारी भूमि आवंटन में गड़बड़ी का मामला शामिल है। उन्होंने इन प्रस्तावों को निरस्त करने और संबंधित अधिकारियों



पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि झूठे प्रस्ताव निरस्त नहीं किए गए, तो वे आंदोलन करेंगे।

# जीत से उत्पन्न अहंकार एवं हार से निराशा को दूर करने में महत्वपूर्ण है खेल प्रतियोगिताएं : डा अग्रवाल

## प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** एसपीयू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का अतिथियों ने विधि विधान से उदघाटन किया। आयोजन में अतिथि के रूप में एसपीयू जैन शिक्षण संघ के सह सचिव अंकित राठौड़ व सह कोषाध्यक्ष विपिन चौधरी ने शिरकत की। विशिष्ट आमंत्रित सदस्य अमित मेहता व मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सुरेशचंद्र अग्रवाल सम्मिलित हुए। कार्य'म की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ हिमांशु मेहता द्वारा की गई। डा अग्रवाल ने विद्यार्थियों के मध्य होने वाली सकारात्मक प्रतिस्पर्धा एवं खेल का दैनिक



जीवन में उपयोग विषय पर उपयोगी वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं की महत्ता, जीत से उत्पन्न अहंकार एवं हार से उत्पन्न निराशा को दूर करने में खेल प्रतियोगिताएं सकारात्मक भूमिका निभाती है। उपाचार्य डॉ गौतम शर्मा ने कहा कि तनाव मुक्त रहने के लिए खेल जीवन में एक आवश्यक तत्व की भूमिका निभाता है। खेल अधिकारी चंद्रपालसिंह चौहान ने खेल दिवस प्रतिवेदन के साथ वर्षपर्यंत महाविद्यालय में हुई खेल गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए संस्था पदाधिकारियों का विद्यार्थियों में खेल के प्रति सकारात्मकता लाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रतियोगिताओं में यह रहे अव्वल

खेल दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ छात्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हितेश कुमार, द्वितीय स्थान हर्षवर्धनसिंह व तृतीय स्थान शिवा प्रजापत ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान खुशी श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान नर्बदा कुमारी व तृतीय स्थान भावना धवल ने प्राप्त किया। 1600 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में प्रथम स्थान प्रकाशकुमार, संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान शिवराज प्रताप सिंह व प्रवीणकुमार ने एवं तृतीय स्थान निर्मल कुमार ने प्राप्त किया।

### यह भी रहे मौजूद

कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ ललित कुमार, डॉ. युधिष्ठिर शर्मा, मोहम्मद यामीन, विनिश अरोड़ा, पुरुषोत्तम भास्कर, डॉ मगनलाल, डॉ एकता झा, डॉ अरविंदसिंह चौहान, डॉ चेनाराम, डॉ मनोजकुमार शर्मा, डॉ ऋषि माथुर, माधवी श्रीमाली, मांगीलाल, डॉ ललित मोहन, डॉ अंशुल शर्मा, अपेक्षिता आशिया, मोहम्मद शकूर, अर्चना गुप्ता भी मौजूद थे। मंच संचालन ओमप्रकाश सहायक आचार्य ने किया।

# कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति बनाना अनिवार्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी और निजी कार्यालय में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने का आदेश जारी किया गया है। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने कहा कि जिन कार्यालयों में दस या उससे अधिक कर्मचारी है। वहां यह समिति बनाना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर 50 हजार का जुर्माना लगेगा। समिति की अध्यक्ष एक वरिष्ठ महिला कर्मचारी होगी। इसमें सामाजिक कार्यों या कानून में अनुभव रखने वाले दो स्टाफ सदस्य और महिला मुद्दों से जुड़े किसी गैर-सरकारी संगठन के सदस्य को शामिल करना जरूरी होगा।

### प्रदर्शित करनी होगी जानकारी

महिला अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित ने बताया कि प्रत्येक कार्यालय को यह जानकारी प्रमुख स्थान पर बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित करनी होगी कि आंतरिक शिकायत समिति गठित की गई है। समिति का पुनर्गठन हर तीन साल में करना अनिवार्य होगा।

### समिति बनाना जरूरी, वरना होगी कार्रवाई

सरकारी, अर्धसरकारी कार्यालयों, निगमों, संस्थानों और उन सभी प्रतिष्ठानों में यह समिति बनाना जरूरी है, जो सरकारी धन प्राप्त करते हैं। निजी क्षेत्र के संगठन, उद्यम, गैर-सरकारी संगठन, ट्रस्ट, व्यावसायिक, शैक्षिक, औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय संस्थान, अस्पताल, नर्सिंग होम, खेल परिसर और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी यह समिति 31 मार्च तक गठित करनी होगी। नियमों का पालन नहीं करने पर जुर्माने की कार्रवाई होगी।

# गांजा परिवहन करते तीन गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** रोहिड़ा पुलिस ने पुलिस चौकी गोपालाबेड़ा में नाकाबंदी के दौराना गांजा परिवहन करते तीन जनों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी माया पंडित ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान एक लग्जरी जीप से आरोपी आहोर निवासी महेन्द्रदास पुत्र जेठुदास संत, भैसवाड़ा निवासी विनोद कुमार पुत्र रामदास वैष्णव तथा माधोपुरा निवासी सलीम खान पुत्र बक्शु खान के पास 5 किलो 440 ग्राम सुखा गांजा बरामद कर तीनों को गिरफ्तार कर जीप जब्त की गई।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.